| मौसम | | |
|---|---|---|
| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
| रांची | 31.8 | 23.6 |
| डालटनगंज | 33.8 | 23.5 |
| धनबाद | 31.9 | 25.6 |

तापमान डिग्री सेल्सियस में.

# शुभम संदेश

एक राज्य - एक अखबार

https://epaper.shubhamsandesh.net

रांची, सोमवार 01 सितंबर 2025 • भाद्रपद शुक्ल पक्ष 09, संवत 2082 • रांची एवं पटना से प्रकाशित • वर्ष : 3, अंक : 145 • मूल्य ₹ 4, पृष्ठ संख्या : 12


# प्रधानमंत्री मोदी का दिवाली उपहार और बाजार संतुलन



अयोध्यानाथ मिश्र

15 अगस्त, स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर लालकिले के प्राचीर से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दीपावली में उपभोक्ताओं को उपहार अर्थात जीएसटी में राहत की घोषणा की है. पाई-पाई सहेजकर छोटे-छोटे अरमानों में अपने को बांट खुशियां बटोरने वाला गरीब, निम्न मध्य वर्ग और बहुत सीमा तक कथित मध्यवर्ग को इससे राहत की खुशबू आ रही है. क्या होगा, कितना होगा,उसे लाभ को लपलपाते बाजार के तिगड़म से निकलने में कितनी मशक्कत होगी, आगे देखने का विषय है. पर उम्मीद तो बंधी है और यही उपभोक्ता संस्कार है. बाजार का आक्रमण वह दो दिनों की चर्चा के बाद भूल जाता है, उसी में जीने की आदत डाल लेता है.

**जीएसटी में राहत किस प्रकार मिलेगी !** जीएसटी में राहत किस प्रकार मिलेगी, बाजार कैसा होगा, सरकारी खजाने पर क्या प्रभाव डालेगा आदि बिंदुओं पर विचार के उपरांत ही सरकार राहत की बात सोचेगी. अब तक का अनुभव रहा है कि प्रायः सरकारें कराधान, मूल्य वृद्धि, मूल्य निर्धारण या बाजार नियंत्रण के मामले में आम उपभोक्ता की वेदना से कम ही रू-ब-रू होती हैं. यही स्थिति नए कराधान के मामले में भी होता है. कुछ लोग जो सरकार के आर्थिक मामलों से जुड़े होते हैं या बहुत हुआ तो बाजार को प्रभावित करने वाले विभिन्न संगठनों यथा चैंबर ऑफ कामर्स एंड इंडस्ट्रीज, स्माल स्केल इंडस्ट्रीज एसोसिएशन, परिवहन और ऐसे ही कुछ विपणन से जुड़े लोगों से सरकार राय ले लेती है या औपचारिकता पूरी कर लेती है. न तो देश में उपभोक्ताओं का कोई प्रभावी संगठन है और न हीं उपभोक्ता इतने सचेष्ट हैं कि इस महाजाल में अपने हित को सुरक्षित रख सकें. वह कदम-कदम पर टैक्स देने, बाजार की मार और सेवाओं की दुरूहता झेलने को अभिशप्त है. सभी जानते हैं कि बाजार उपभोक्ताओं को क्या परोसता है पर सुधि कौन लेता है? खासकर छोटे उपभोक्ता को तो कोई रसीद भी नहीं देता और उसे इतनी जानकारी भी नहीं कि कहां और कितना अपवंचन हो रहा है. किस प्रकार उसकी जेब इस नेटवर्किंग में खाली हो रही है. कुल मिलाकर यह कहा जा सकता है कि नागरिक अधिकारों के सचेष्टता के इस युग में भी एक अदद आम उपभोक्ता शोषण का शिकार है. साग-भाजी से लेकर दूध-दही, मिठाई, कपड़ा, राशन सब जगह मिलावट की दुर्गंध तो आती है ,पर वह कुछ कर नहीं सकता.सबके अपने-अपने सशक्त संगठन हैं. यही हाल सेवाओं की है. विद्यालय, अस्पताल की तो बड़ी बातें हैं, कब ऑटो किराया, बस किराया कितना बढ़ जाएगा उसे नहीं पता. सिटी बस में चलने वाला आम आदमी किराया तो देता है, पर उसे टिकट नहीं मिलती. ऐसी स्थिति में मिलने वाला कर राहत किस गली में गुम हो जाएगा, उसे क्या पता? इसलिए वह उम्मीद तो करता है, पर आश्वस्त नहीं है.

पर इसी बीच राज्यों की चिंता बढ़ गई है कि अगर जीएसटी में राहत मिली तो उन्हें उनके खजाने में करांश घट सकता है. उत्पादक राज्यों को इसकी चिंता अधिक सता रही है. होना भी चाहिए, राज्य आर्थिक मामलों में बहुत हद तक अपनी सीमा के अंदर संघर्ष करता है और उस पर सामाजिक-आर्थिक विकास की समस्त जिम्मेदारियां लाद भी दी जाती हैं ! केंद्रीय करों में हिस्सेदारी, सहाय्य अनुदान, ऋण, उधार और विशेष सहायता (पैकेज),समय - समय पर मिलने वाले संस्थागत समर्थन के भरोसे राज्यों की इकोनॉमी बहुत गति प्राप्त नहीं कर पाती. राज्यों के उपर वित्तीय संस्थानों यथा बैंक, सहकारी समितियां आदि की सकारात्मक दृष्टि अपेक्षाकृत कम होती है. झारखंड में सीडी अर्थात साख- जमा अनुपात इसका ज्वलंत उदाहरण है.सभी क्षेत्रों को मिलाकर यह अनुपात 50.8% है. कृषि क्षेत्र में तो बैंक जाना ही नहीं चाहते. आजतक 18% कौन कहे,12% भी इनकी पहुंच नहीं है, जबकि कृषि हीं आधार है. यह स्वावलंबन व स्वरोजगार और उत्कृष्ट उत्पादन के माध्यम से राज्य के संसाधन में उल्लेखनीय वृद्धि कर सकता है.

राज्यों (कतिपय) द्वारा इस राहत प्रक्रम में चिंता प्रकट करना उनकी अपनी समस्या है, इसका जीएसटी सरलीकरण के फलस्वरूप करदाताओं को राहत से बहुत प्रभावित होने का प्रश्न नहीं उठना चाहिए. रही बात आर्थिक क्षति की, तो इसके लिए अनेक क्षतिपूरक विकल्प हैं. कर दर में कटौती या कमी से बाजार में उपभोक्ता आवक बढ़ता है और यह प्रत्यक्ष -अप्रत्यक्ष राज्य की इकोनॉमी में इजाफा लाता है. कर संसाधन में सरलीकरण का अनुभव सकारात्मक रहा है. अर्थात जीएसटी दरों में कमी बाजार को मजबूती प्रदान करेगा और आम उपभोक्ता अपने सपनों के आलोक में आगे बढ़कर खरीदारी करेगा. दिवाली, दशहरा में बोनस मिलने पर बाजार की बुलंदी जगजाहिर है. उसी तरह अगर बाजार ग्राहक फ्रेंडली है, तो आमलोगों की ओर से खरीदारी की लिस्ट लंबी हो जाती है. प्रत्यक्ष-अप्रत्यक्ष कर संसाधन में बढ़ोतरी तो इसी की परिणति है.

राज्यों की चिंता इसकी अपेक्षा अन्य तरीकों से संसाधन अभिवृद्धि, बचत, मितव्ययिता, निवेश और राज्य में बेहतर उत्पादक संस्कृति निर्मित करने की हो तो बेहतर. राज्यों को जीएसटी के उपभोक्ता फ्रेंडली कल्चर का स्वागत करना श्रेयस्कर होगा.

वैसे राज्य जो राष्ट्रीय औसत ग्रोथ, इकोनॉमी अर्थात जीएसडीपी और प्रति व्यक्ति आय निवेश में पिछली कतार में हैं, उन्हें विकसित राज्यों की इकोनॉमी के गुर को अपनाना चाहिए. आखिर गोवा, सिक्किम, हरियाणा, तेलंगाना, तमिलनाडु, महाराष्ट्र भी तो इसी आर्थिक भावभूमि की उपज हैं.

लोग दिवाली की प्रतीक्षा में हैं, आखिर उन्हें प्रधानमंत्री के आश्वासन पर अटूट भरोसा जो है. उनके परिवार में एक कूलर, फ्रीज,बाईक, चारपहिया और अन्य घरेलू उपकरणों की निलंबित अपेक्षा जो है. जीएसटी ने देश की इकोनॉमी को पुख्ता किया है, अब बारी है आम उपभोक्ताओं के हित की. वह कदम-कदम पर कर भारत और बाजार की दुरूहता तक गया है. प्रधानमंत्री इसे सिद्धांत से समझते हैं. जन-जन की समृद्धि हीं राष्ट्र की समृद्धि है.

## ब्रीफ न्यूज

### सीएम हेमंत सोरेन कल सौंपेंगे नियुक्ति पत्र

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन मंगलवार को सहायक आचार्य, पीजीटी शिक्षकों और लैब सहायकों को नियुक्ति पत्र प्रदान करेंगे. यह कार्यक्रम प्रोजेक्ट भवन स्थित नए सभागार में दोपहर 12 बजे से आयोजित किया जाएगा. कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री विभिन्न परीक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित भी करेंगे. इस अवसर पर शिक्षा विभाग के वरिष्ठ अधिकारी, चयनित अभ्यर्थी और अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहेंगे.

### दो आतंकी गिरफ्तार हथियार भी बरामद

**पुंछ।** जम्मू-कश्मीर के सीमावर्ती जिले पुंछ में पुलिस ने रविवार को एक बड़ी कार्रवाई करते हुए दो आतंकवादियों को गिरफ्तार किया है. गिरफ्तार किए गए आतंकवादियों की पहचान आजमाबाद निवासी तारिक शेख और चैंबर गांव निवासी रियाज अहमद के रूप में हुई है. छापेमारी के दौरान इनके पास से दो राइफल और गोला-बारूद बरामद किए गए हैं. पुलिस ने खुफिया जानकारी के आधार पर यह कार्रवाई की. पूछताछ के बाद पुलिस ने जलियां गांव में तारिक शेख के किराए के मकान पर छापा मारा, जहां से हथियार और गोला-बारूद बरामद हुए.

### रामानंद सागर के बेटे प्रेम सागर का निधन

**मुंबई।** रामायण टीवी सीरियल बनाने वाले रामानंद सागर के बेटे प्रेम सागर का 81 साल की उम्र में निधन हो गया है. वो पिछले काफी समय से बीमार चल रहे हैं. उम्र से जुड़ी काफी समस्याएं वो फेस कर रहे थे. रिपोर्ट्स के मुताबिक, प्रेम सागर ने 31 अगस्त की सुबह 10 बजे दम तोड़ा. रामानंद सागर के बेटे प्रेम, पेशे से फिल्ममेकर और सिनेमैटोग्राफर थे. जुहू में प्रेम सागर का अंतिम संस्कार होगा. प्रेम ने अलिफ लैला, चरस और ललकार जैसी फिल्में बनाईं. इसके अलावा कई टीवी शोज भी बनाए. इसमें विक्रम और बेताल भी शामिल है.

## शिखर बैठक : पीएम मोदी ने जिनपिंग के सामने उठाया टेररिज्म का मुद्दा

# आतंकवाद से लड़ाई में भारत का साथ दें

एजेंसियां। तिआनजिन

चीन के तिआनजिन में पीएम नरेंद्र मोदी और राष्ट्रपति शी जिनपिंग के बीच रविवार को एससीओ शिखर सम्मेलन से इतर द्विपक्षीय वार्ता हुई है. इस दौरान दोनों देशों ने अपसी सहयोग को बढ़ाने और संबंधों को मजबूत करने पर अपनी प्रतिबद्धता जाहिर की. पीएम मोदी ने चीनी राष्ट्रपति जिनपिंग के साथ बैठक में आतंकवाद का मुद्दा जोरदार तरीके से उठाया. साथ ही आतंकवाद को वैश्विक खतरा बताते हुए चीन से आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में भारत का साथ देने की अपील की है.

**दोस्त बने रहना सही विकल्प:** चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने पीएम मोदी से कहा कि दोनों देशों के लिए दोस्त बने रहना सही विकल्प है. उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि हाथी और ड्रैगन को एक-दूसरे की सफलता के लिए साथ मिलकर काम करना चाहिए. जिनपिंग ने कहा कि हम दोनों अपने लोगों की भलाई में सुधार लाने, विकासशील देशों की एकजुटता और कायाकल्प को बढ़ावा देने के साथ मानव समाज की प्रगति को गति देने की ऐतिहासिक जिम्मेदारी उठाते हैं.

**बड़े बदलाव से गुजर रही दुनिया :** यह करीब दस महीने में मोदी-जिनपिंग की दूसरी बैठक थी और टैरिफ पर वॉशिंगटन की नीतियों के कारण भारत-अमेरिका संबंधों में अचानक आई गिरावट के मद्देनजर यह अहम हो गई. जिनपिंग ने पीएम मोदी से यह भी कहा कि विश्व इस समय सदी में एक बार होने वाले बदलाव से गुजर रहा है. उन्होंने कहा, अंतरराष्ट्रीय हालात अस्थिर और अराजक दोनों है. चीन और भारत पूर्व में स्थित दो प्राचीन सभ्यताएं हैं, हम दुनिया के दो सबसे अधिक आबादी वाले देश हैं, और हम ग्लोबल साउथ के सबसे पुराने सदस्य भी हैं.



### मतभेद विवादों में न बदलें

विदेश मंत्रालय ने बयान में कहा कि पीएम मोदी और जिनपिंग ने द्विपक्षीय, क्षेत्रीय और वैश्विक मुद्दों के साथ आतंकवाद जैसी चुनौतियों पर साझा आधार को बढ़ाने की जरूरत पर जोर दिया. साथ ही दोहराया कि भारत और चीन विकास के साझेदार हैं, प्रतिद्वंद्वी नहीं और मतभेद विवादों में नहीं बदलने चाहिए. पीएम मोदी और शी ने सीमा मुद्दे के निष्पक्ष, उचित और आपसी तौर पर स्वीकार्य समाधान के लिए प्रतिबद्धता जताई. साथ ही पिछले साल सैनिकों की सफल वापसी और उसके बाद से सीमा पर शांति कायम रहने पर संतोष व्यक्त किया.

## ट्रंप को सीधा मैसेज : हाथी और ड्रैगन की दोस्ती निर्णायक

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की टैरिफ पॉलिसी के बीच मीटिंग में शी जिनपिंग ने कहा, दोस्त बनना, अच्छे पड़ोसी बनना और ड्रैगन (चीन) और हाथी (भारत) का एक साथ आना बहुत जरूरी है. लगभग एक घंटे चली बैठक में पीएम मोदी ने द्विपक्षीय रिश्तों में हालिया प्रगति पर जोर दिया. पीएम ने मीटिंग के दौरान सीमा विवाद पर विशेष प्रतिनिधियों के बीच हुआ समझौता, कैलाश मानसरोवर यात्रा की बहाली और दोनों देशों के बीच डायरेक्ट फ्लाइट्स शुरू होने का जिक्र किया. मोदी ने कहा, दोनों देशों के 2.8 अरब लोगों के हित हमारे सहयोग से जुड़े हैं. यह पूरी मानवता के कल्याण का भी मार्ग प्रशस्त करेगा. उन्होंने कहा, हम आपसी विश्वास, सम्मान और संवेदनशीलता के आधार पर अपने संबंधों को आगे बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध हैं. शी जिनपिंग ने पीएम मोदी का स्वागत करते हुए कहा, आपसे दोबारा मिलकर बहुत खुशी हुई. मैं आपको चीन में एससीओ समिट के लिए स्वागत करता हूं. पिछले साल हमारी कज़ान में सफल मुलाकात हुई थी. जिनपिंग ने इस मुलाकात को ऐतिहासिक बताते हुए कहा कि दुनिया इस समय बड़े बदलावों के दौर से गुजर रही है.

### कैलाश मानसरोवर यात्रा, सीधी उड़ान और वीजा सुविधा

दोनों नेताओं ने कैलाश मानसरोवर यात्रा और पर्यटक वीजा की बहाली के आधार पर सीधी उड़ानों और वीजा सुविधा के माध्यम से लोगों के बीच संबंधों को मजबूत करने की आवश्यकता पर ध्यान दिया. आर्थिक और व्यापारिक संबंधों के संदर्भ में उन्होंने विश्व व्यापार को स्थिर करने में अपनी दोनों अर्थव्यवस्थाओं की भूमिका को मान्यता दी. उन्होंने द्विपक्षीय व्यापार और निवेश संबंधों का विस्तार करने और व्यापार घाटे को कम करने के लिए एक राजनीतिक और रणनीतिक दिशा में आगे बढ़ने की आवश्यकता पर बल दिया.

### शी को ब्रिक्स शिखर सम्मेलन के लिए भारत आमंत्रित किया

मोदी ने एससीओ की चीन की अध्यक्षता और तियानजिन में शिखर सम्मेलन के लिए समर्थन व्यक्त किया. उन्होंने राष्ट्रपति शी को ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में भी आमंत्रित किया, जिसकी मेजबानी भारत 2026 में करेगा. राष्ट्रपति शी ने निमंत्रण के लिए प्रधानमंत्री का धन्यवाद किया और भारत की ब्रिक्स अध्यक्षता के लिए चीन के समर्थन की पेशकश की.

**पीएम मोदी की आज पुतिन से मुलाकात:** पीएम मोदी सोमवार को तिआनजिन में रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन से भी मुलाकात करेंगे. यह दोनों नेताओं की पहली बैठक होगी, ऐसे समय में जब अमेरिका ने भारत द्वारा रूसी तेल की खरीद न रोकने पर भारतीय सामान पर टैरिफ दोगुना कर 50% कर दिया है. इसमें 25% रेसिप्रोकल टैरिफ और 25% टैरिफ रूस से तेल खरीदने को लेकर पेनल्टी के तौर पर लगाया गया है.

**पीएम मोदी के साथ ये भी रहे मौजूद :** इस बैठक में पीएम मोदी के साथ राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल, विदेश सचिव विक्रम मिसरी, चीन में भारत के राजदूत प्रदीप रावत, संयुक्त सचिव-ईस्ट एशिया गौरांग लाल दास और पीएमओ में अतिरिक्त सचिव दीपक मित्तल मौजूद थे.

## रिश्तों पर हावी ना हो सीमा विवाद | चीनी विदेश मंत्रालय ने जारी किया बयान

तिआनजिन स्थित गेस्ट हाउस में रविवार दोपहर चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग और पीएम पीएम मोदी और शी जिनपिंग की शिखर बैठक के बाद चीनी विदेश मंत्रालय ने आधिकारिक बयान जारी किया है. इस बयान के अनुसार, राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने कहा कि पिछले साल कजान में हुई बैठक ने भारत-चीन संबंधों को नए सिरे से शुरू किया और तब से द्विपक्षीय सहयोग में लगातार प्रगति हो रही है.

**रिश्तों पर हावी न हो सीमा विवाद :** बयान के अनुसार, शी जिनपिंग ने 75 साल पूरे होने पर कहा कि दोनों देशों को रिश्तों को दीर्घकालिक और रणनीतिक दृष्टिकोण से देखना चाहिए. उन्होंने चार अहम बिंदु रखे–

- रणनीतिक संवाद बढ़ाकर आपसी विश्वास गहरा करना.
- सहयोग और आदान-प्रदान बढ़ा कर 'विन-विन' नतीजे हासिल करना.
- एक-दूसरे की चिंताओं का सम्मान करते हुए शांतिपूर्ण सहअस्तित्व को आगे बढ़ाना और सीमा विवाद को पूरे रिश्तों पर हावी न होने देना.
- बहुपक्षीय सहयोग को मजबूत कर एशिया और दुनिया में शांति और समृद्धि के लिए मिलकर काम करना.

# सीएम हेमंत सोरेन वोट अधिकार यात्रा में शामिल होने आज जाएंगे बिहार





शुभम संदेश। रांची

राहुल गांधी की वोट अधिकार यात्रा का सोमवार को आखिरी दिन है, जिसका समापन पटना के गांधी मैदान में किया जाएगा. और इस दौरान झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन भी इस यात्रा में शामिल होंगे. बता दें कि ये वोट अधिकार यात्रा राहुल गांधी के नेतृत्व में 65 लाख मतदाताओं के नाम हटाये जाने के विरोध में इंडिया महागठबंधन के द्वारा चलायी जा रही है, जिसमें राजद नेता तेजस्वी यादव लगातार साथ नज़र आ रहे हैं. इस यात्रा की शुरुआत 17 अगस्त को सासाराम से हुई थी. जिसे राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया था. इस दौरान इंडिया महागठबंधन के कई नेता मौजूद रहे थे. वहीं 17 अगस्त से शुरू हुई इस यात्रा में लगातार कई बड़े नेता और मुख्यमंत्री शामिल हो रहे हैं. शनिवार को समाजवादी पार्टी के नेता अखिलेश यादव भी शामिल हुए थे. इसी बीच इस यात्रा के आखिरी दिन झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन भी शामिल होंगे. इस दौरान झारखंड के कई नेता और कार्यकर्ता के भी शामिल होने के संकेत मिल रहे हैं.

## बिहार वोटर लिस्ट विवाद: कांग्रेस ने सौंपी 89 लाख शिकायतें

# चुनाव आयोग ने कहा- कोई कंप्लेन ही हमें नहीं मिली

शुभम संदेश। पटना

बिहार में एसआईआर अभियान के तहत जारी हुई ड्राफ्ट वोटर लिस्ट में करीब 65 लाख वोटरों के नाम हटाए गए, जिससे राजनीतिक गलियारों में हलचल तेज हो गई है. विपक्षी इंडिया गठबंधन ने इस पर गंभीर सवाल खड़े किए हैं.

रविवार को कांग्रेस के प्रदेश मुख्यालय, सदाकत आश्रम में प्रेस कॉन्फ्रेंस में पार्टी के मीडिया विभाग के अध्यक्ष पवन खेड़ा ने आरोप लगाया कि वोटर लिस्ट से बड़े पैमाने पर सुनियोजित तरीके से नाम हटाए गए. उन्होंने कहा, 20 हजार ऐसे बूथ हैं, जहां 100 वोटरों के नाम लिस्ट से काटे गए. वहीं, 2 हजार बूथों पर 200 से अधिक नाम हटाए गए हैं.

खेड़ा ने यह भी दावा किया कि ऐसे 7,613 बूथ हैं जहां 70% महिलाओं के नाम हटाए गए हैं. उन्होंने चुनाव आयोग से इन बूथों का सत्यापन कराने की मांग की. आयोग के दावे पर कांग्रेस ने कड़ा विरोध जताया. खेड़ा ने कहा, कांग्रेस ने कुल 89 लाख शिकायतें दर्ज कराई हैं, जिनकी रसीदें पार्टी के पास मौजूद हैं.

### चुनाव आयोग का पक्ष

दूसरी ओर, चुनाव आयोग ने रविवार को जानकारी दी कि एसआईआर के तहत अब तक 13.33 लाख से अधिक पात्र नागरिकों ने आवेदन दिया है. इनमें से 61,248 आवेदनों का निपटारा नियमानुसार सात दिनों के भीतर कर दिया गया है. ड्राफ्ट लिस्ट में शामिल मतदाताओं में से खुद अपने नाम हटाने के लिए 1.97 लाख से ज्यादा लोगों ने आवेदन किए हैं, जबकि 29,872 लोगों ने नाम जोड़ने के लिए दावा किया है. आयोग के अनुसार, 33,771 दावों और आपत्तियों का निपटारा किया जा चुका है. बीएलए (बूथ लेवल एजेंट) की ओर से भी 25 नाम जोड़ने और 103 नाम हटाने के लिए दावे किए गए हैं. चुनाव आयोग ने स्पष्ट किया है कि 1 सितंबर तक ही दावा, आपत्ति और नए मतदाता बनने के लिए आवेदन स्वीकार किए जाएंगे. इसके बाद ड्राफ्ट लिस्ट पर अंतिम फैसला लिया जाएगा.

## सेहत की बात : धक-धक...अब स्टेथोस्कोप में भी आया एआई

# महज 15 सेकेंड में बताएगा आपके दिल का पूरा हाल

शुभम संदेश डेस्क

एआई यानी ऑर्टिफिशियल इंटेलीजेंस न सिर्फ तकनीक में सुधार कर रहा है, बल्कि साइंस, दवाओं और लाइफ को भी एडवांस बना रहा है. इसने डॉक्टरों को कई नए टूल्स और तकनीकें बनाने और उनका इस्तेमाल करने में मदद की है, जिनमें पहले काफी वक्त लगता था. ट्रेडिशनल स्टेथोस्कोप का आविष्कार साल 1816 में हुआ था, जिसका इस्तेमाल शरीर के भीतर की आवाजों को सुनने के लिए किया जाता रहा है और ये दशकों से मेडिकल टूल्स का एक अहम हिस्सा रहा है. अब, इंपीरियल कॉलेज लंदन और इंपीरियल कॉलेज हेल्थकेयर एनएचएस ट्रस्ट के रिसर्चर्स की एक टीम ने एआई क्षमताओं वाला एक हाई टेक अपग्रेडेड स्टेथोस्कोप डेवलप किया है.

**ये टूल क्या कर सकता है :** यह नया टूल हार्ट की 3 परेशानियों का पता लगा सकता है, जो ताश के पत्ते के शेप का है, कैलिफोर्निया की एक कंपनी, एको हेल्थ द्वारा निर्मित किया गया है. इसे मरीज के सीने पर रखा जाता है ताकि उनके दिल से आने वाले रिदम की ईसीजी रिकॉर्डिंग की जा सके, जबकि इसका माइक्रोफोन दिल से बहने वाले खून की आवाज को रिकॉर्ड करता है. फिर, इंफॉर्मेशन को एआई एल्गोरिदम के जरिए एनालिसिस के लिए क्लाउड पर भेजा जाता है जो पता लगाता है कि क्या शख्स जोखिम में है और इसे स्मार्टफोन पर वापस भेजता है.

**15 सेकेंड में बताएगा दिल का हाल:** ये सिर्फ 15 सेकंड में हार्ट फेलियर, हार्ट वाल्व डिजीज और एब्नॉर्मल हार्ट रिदम को डायग्नोज कर सकता है. ये इंसानी कान के लिए पता न लगा सकने वाले दिल की धड़कन और ब्लड फ्लो में छोटे अंतर को भी एनालाइज कर सकता है और एक ही वक्त में तेजी से ईसीजी ले सकता है. इससे लाइफ सेविंग दवाओं की जरूरत वाले लोगों को उनकी हालत बिगड़ने से पहले पहचाना जा सकता है. जिन लोगों की नए स्टेथोस्कोप से जांच की गई, उनमें दिल की गति रुकने की संभावना उन मरीजों की तुलना में दोगुनी थी जिनकी जांच इस टूल से नहीं की गई थी. पेशेंट में एट्रियल फिब्रिलेशन होने की संभावना 3 गुना ज्यादा थी, ये एक एब्नॉर्मल हार्ट रिदम है जो स्ट्रोक के जोखिम को बढ़ा सकती है. उनमें हार्ट वाल्व डिजीज होने की संभावना दोगुनी थी, जब एक या एक से ज्यादा हार्ट वाल्व ठीक से काम नहीं करते.

### डॉक्टर क्या सोचते हैं

इंपीरियल कॉलेज लंदन के नेशनल हार्ट एंड लंग इंस्टीट्यूट और इंपीरियल कॉलेज हेल्थकेयर एनएचएस ट्रस्ट के डॉ. पैट्रिक बैच्टिगर ने कहा, ये इनक्रेडिबल है कि एक स्मार्ट स्टेथोस्कोप का इस्तेमाल 15 सेकंड की जांच के लिए किया जा सकता है और फिर एआई तुरंत एक टेस्ट रिजल्ट दे सकता है जो बताता है कि किसी को हार्ट फेलियर, एट्रियल फाइब्रिलेशन या हार्ट वाल्व डिजीज है या नहीं. इंपीरियल कॉलेज के डॉ. मिहिर केल्शिकर ने कहा, हार्ट फेलियर वाले ज्यादातर लोगों का डायग्नोसिस सिर्फ तब किया जाता है जब वो गंभीर रूप से बीमार होकर



एक्सीडेंट एंड इमरजेंसी में पहुंचते हैं. ये ट्रायल दिखाता है कि एआई-इनेबल्ड स्टेथोस्कोप इसे बदल सकते हैं - जनरल प्रैक्टिसनर (डॉक्टर) को परेशानियों को पहले पहचानने के लिए एक क्विक, सिंपल टूल दे सकते हैं, ताकि मरीजों को जल्द ही सही इलाज मिल सके.

## सुप्रीम कोर्ट में एक अहम याचिका दायर

# फर्जी दलों पर सख्ती के लिए चुनाव आयोग को नियम बनाने के लिए निर्देश देने की मांग

एजेंसियां। नयी दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट में एक अहम याचिका दायर की गई है, जिसमें चुनाव आयोग को राजनीतिक दलों के पंजीकरण और नियमन के लिए ठोस नियम बनाने का निर्देश देने की मांग की गई है.



याचिका में कहा गया है कि फर्जी और बेनामी राजनीतिक दल लोकतंत्र के लिए गंभीर खतरा पैदा कर रहे हैं.

ये दल न सिर्फ अवैध गतिविधियों में संलिप्त लोगों को पदाधिकारी बना रहे हैं, बल्कि भारी चंदा लेकर अपराधियों को संगठन में जगह दे रहे हैं. इससे लोकतांत्रिक व्यवस्था और पारदर्शिता पर सीधा हमला हो रहा है. याचिका में दावा किया गया कि कई ऐसे दल अस्तित्व में हैं, जिन्होंने अपहर्ताओ, ड्रग्स तस्करों, मनी लॉन्ड्रिंग करने वालों और कुख्यात को राष्ट्रीय और राज्य पदाधिकारी बना दिया है. इन दलों ने बड़ी धनराशि लेकर अपराधियों को संरक्षण दिया और उन्हें वैधता दी. याचिका में आरोप है कि अलगाववादी समूहों ने भी राजनीतिक दल बनाकर चंदा बटोरने रास्ता अपना लिया है.

### सार्वजनिक जीवन में पारदर्शिता की जरूरत

याचिका में कहा गया है कि कोर्ट पहले भी सार्वजनिक जीवन में ईमानदारी और पारदर्शिता लाने के लिए कई सुधार कर चुका है. अब दलों पर भी सख्त नियम लागू करना जरूरी है. अगर आयोग राजनीतिक दलों के लिए ठोस नियम बनाए, तो यह लोकतांत्रिक व्यवस्था को मजबूती देगा. बिना नियमन के राजनीतिक दल लोकतंत्र को कमजोर करते हैं और जनता के भरोसे को तोड़ते हैं. याचिकाकर्ता ने वैकल्पिक रूप से मांग की है कि कानून आयोग को विकसित लोकतांत्रिक देशों की सर्वोत्तम प्रथाओं का अध्ययन कर व्यापक रिपोर्ट तैयार करने का निर्देश दिया जाए. रिपोर्ट में दलों के पंजीकरण और नियमन की व्यवस्था हो, ताकि राजनीति में भ्रष्टाचार व अपराधीकरण को कम किया जा सके. अगर दल संविधान की सीमा में रहकर काम करेंगे, तो यह लोकतंत्र के लिए मील का पत्थर साबित होगा और जनता का विश्वास मजबूत होगा.

**आज से लागू होंगे कई बड़े बदलाव : जानिए आपकी जेब और निवेश योजनाओं पर क्या होगा असर!**

# आयकर रिटर्न, आधार अपडेट, बैंकिंग सेवाएं, गैस सिलेंडर और डाक प्रणाली में हो रहे हैं अहम बदलाव

शुभम संदेश डेस्क

सितंबर की शुरुआत आपके लिए कई अहम बदलाव लेकर आ रही है, जिनका सीधा असर आपकी जेब, निवेश योजनाओं और रोजमर्रा की जरूरतों पर पड़ सकता है. ऐसे में जरूरी है कि आप इन नियमों और बदलावों की जानकारी समय रहते प्राप्त करें और आवश्यक कदम उठाएं. चाहे टैक्स रिटर्न हो, पेंशन योजना या आधार अपडेट, 1 सितंबर से कई नियम लागू हो रहे हैं. इन सभी कार्यों को अंतिम तारीख से पहले पूरा करना आपके हित में होगा. आइए जानते हैं इन बदलावों का आपके ऊपर क्या प्रभाव पड़ सकता है और किन बातों का विशेष ध्यान रखना चाहिए.




**आयकर रिटर्न दाखिल करने की अंतिम तिथि नजदीक:** वित्त वर्ष 2024-25 के लिए आयकर रिटर्न (आईटीआर) दाखिल करने की अंतिम तिथि 15 सितंबर तय की गई है. पहले यह समयसीमा 31 जुलाई थी, जिसे बढ़ाकर 15 सितंबर किया गया था. अब यह बढ़ी हुई समय सीमा भी समाप्त होने वाली है. ऐसे में जिन करदाताओं ने अब तक अपना रिटर्न दाखिल नहीं किया है, उन्हें बिना देरी के यह कार्य पूरा कर लेना चाहिए, वरना लेट फीस और आयकर विभाग की कार्रवाई का सामना करना पड़ सकता है.

**यूनिफाइड पेंशन योजना में शामिल होने का अंतिम मौका:** सरकार द्वारा राष्ट्रीय पेंशन योजना (एनपीएस) के तहत यूनिफाइड पेंशन स्कीम (यूपीएस) में शामिल होने की अंतिम तिथि 30 सितंबर 2025 निर्धारित की गई है. यह योजना विशेष रूप से उन केंद्रीय कर्मचारियों के लिए है, जो मौजूदा एनपीएस व्यवस्था से यूपीएस में स्थानांतरित होना चाहते हैं. इच्छुक कर्मचारियों को तय समय में आवेदन करना जरूरी है.

### विशेष एफडी योजनाएं हो रही हैं समाप्त

इंडियन बैंक और आईडीबीआई बैंक की आकर्षक फिक्स्ड डिपॉजिट (एफडी) स्कीम्स की अंतिम तिथि 30 सितंबर 2025 है. इंडियन बैंक की 444 और 555 दिनों की योजनाएं और आईडीबीआई बैंक की 444, 555 और 700 दिनों की एफडी योजनाएं उच्च ब्याज दर प्रदान करती हैं. निवेशकों के पास सीमित समय है, इन योजनाओं का लाभ उठाने का.

### ईंधन की कीमतों में बदलाव की संभावना

1 सितंबर को सीएनजी, पीएनजी और एविएशन टरबाइन फ्यूल (एटीएफ) की कीमतों में संशोधन की संभावना है. अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमतें और डॉलर की विनिमय दर इस पर प्रभाव डालते हैं. इसलिए आम जनता को आने वाले समय में ईंधन महंगाई या राहत दोनों की संभावना बनी हुई है.

**एसबीआई कार्ड के रिवॉर्ड प्वॉइंट्स नियमों में संशोधन:** एसबीआई क्रेडिट कार्ड धारकों के लिए भी बड़ा बदलाव आ रहा है. बैंक ने घोषणा की है कि एक सितंबर से डिजिटल गेमिंग और सरकारी वेबसाइटों पर किए गए खर्च पर रिवॉर्ड प्वॉइंट्स नहीं मिलेंगे. यह फैसला ग्राहकों के खर्च करने के पैटर्न का विश्लेषण करने के बाद लिया गया है.

**एलपीजी सिलेंडर की नई दरें:** हर महीने की पहली तारीख को एलपीजी सिलेंडर की कीमतों की समीक्षा होती है. पिछले महीने कॉमर्शियल सिलेंडर के दाम में 33.50 रुपये की कटौती की गई थी. घरेलू गैस की कीमतें अप्रैल 2025 से स्थिर हैं, लेकिन सितंबर में इनमें बदलाव की संभावना है.

**आधार अपडेट की मुफ्त सुविधा 14 सितंबर तक बढ़ी:** यूआईडीएआई ने आधार कार्ड में ऑनलाइन दस्तावेज अपडेट करने की मुफ्त सुविधा को 14 सितंबर 2025 तक बढ़ा दिया है. नागरिक अब ऑनलाइन पोर्टल के जरिए अपने पहचान और पते से जुड़े दस्तावेज मुफ्त में अपडेट कर सकते हैं. ऑफलाइन अपडेट के लिए शुल्क देय होगा. समय-समय पर आधार की जानकारी अपडेट करना आवश्यक है, ताकि कोई त्रुटि न रह जाए.

### आज से बंद हो जाएगी डाक विभाग की वर्षों पुरानी ये दो सेवाएं

डाक विभाग की वर्षों पुरानी दो सेवाएं एक सितंबर से बंद हो जाएंगी. यह सेवा एक सौ साल से अधिक समय से चल रही थी, जो अंग्रेजों के जमाने में शुरू की गई थी.भारतीय डाक में वीपीपी (वैल्यू पेयबल पोस्ट) और पार्सल सेवा 1877 में शुरू हुई थी. इस सेवा का उद्देश्य मूल्यवान वस्तुओं की डिलीवरी सुनिश्चित करना था. इसी तरह भारतीय डाक विभाग में रजिस्ट्री सेवा की शुरुआत भी साल 1877 में हुई थी. यह सेवा दस्तावेज़ों की सुरक्षित डिलीवरी, ट्रैकिंग और डिलीवरी के प्रमाण (प्रूफ ऑफ डिलीवरी) के लिए शुरू की गई थी, जो कानूनी रूप से मान्य होती थी.

इस बीच लोगों को जल्द सेवा प्रदान करने के लिए कई निजी कंपनियों ने कूरियर सेवा की शुरुआत की. इसे टक्कर देने के लिए भारतीय डाक ने 1986 में स्पीड पोस्ट सेवा शुरू की. इसका उद्देश्य देश भर में पत्रों और पार्सल की तेज एवं विश्वसनीय डिलीवरी प्रदान करना है. अब डाक विभाग ने परिचालन दक्षता बढ़ाने और सेवाओं को आधुनिक बनाने के उद्देश्य से रजिस्ट्री सेवा को स्पीड पोस्ट के साथ विलय करने का निर्णय लिया है. अब रजिस्ट्री की सुविधाएं स्पीड पोस्ट में मिलेंगी. इसी तरह पार्सल की जगह भी स्पीड पोस्ट ही लेगा.

---

**राजधानी रांची में आयोजित राज्य स्तरीय सम्मेलन में खिलाड़ियों ने साझा की व्यथा**

# खिलाड़ियों और खेलप्रेमियों ने एक स्वर में उठाई आवाज- सम्मान, सुरक्षा व रोजगार मिले

शुभम संदेश। रांची

राजधानी रांची में रविवार को झारखंड स्पोर्ट्स सोसाइटी के तत्वावधान में राज्य स्तरीय सम्मेलन का आयोजन किया गया, जिसमें झारखंड के सैकड़ों राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ियों ने भाग लिया. इस आयोजन का उद्देश्य झारखंड में खेलों के विकास, खिलाड़ियों की वर्तमान स्थिति और भविष्य की संभावनाओं पर व्यापक विमर्श करना था. सम्मेलन का नेतृत्व पूर्व खेल मंत्री बंधु तिर्की ने किया. सम्मेलन में खिलाड़ियों और खेलप्रेमियों ने एक स्वर में कहा कि यदि सरकार और समाज मिलकर खिलाड़ियों को सम्मान, सुरक्षा और रोजगार देंगे, तो झारखंड न केवल देश में बल्कि विश्व मंच पर भी खेलों के क्षेत्र में अग्रणी राज्य बन सकता है. वक्ताओं ने कहा कि झारखंड एक प्रतिभाशाली राज्य है, जिसने देश को महेंद्र सिंह धौनी, दीपिका कुमारी, सलीमा टेटे, निक्की प्रधान, वीरेंद्र लकड़ा, सुमराय टेटे, सावित्री पूर्ति जैसे कई राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी दिए हैं. बावजूद इसके, इन खिलाड़ियों को वह सम्मान और समर्थन नहीं मिल सका, जिसके वे हकदार थे. पूर्व ओलंपियन मनोहर टोपनो और अन्य खिलाड़ियों ने सम्मेलन में अपनी पीड़ा साझा करते हुए बताया कि कई खिलाड़ी, जिन्होंने भारत के लिए पदक जीते, आज सब्जी बेचने, साइकिल का पंक्चर बनाने या फास्ट फूड की दुकान चलाने को मजबूर हैं.

बंधु तिर्की ने कहा कि यह राज्य के लिए शर्म की बात है कि जिन खिलाड़ियों ने पदक लाकर देश और राज्य को गौरवान्वित किया, वे अब दो वक्त की रोटी के लिए संघर्ष कर रहे हैं. जब तक खिलाड़ियों को सम्मानजनक जीवन, रोजगार और पहचान नहीं मिलेगी, तब तक खेलों का समग्र विकास संभव नहीं है."

**संघों में बाहरी हस्तक्षेप और खिलाड़ियों की भागीदारी का मुद्दा उठा :** सम्मेलन में कई खिलाड़ियों ने इस बात पर नाराज़गी जताई कि खेल संघों में पदक विजेता खिलाड़ियों की जगह ऐसे लोग बैठे हैं, जिनका खेलों से कोई सीधा संबंध नहीं है. उन्होंने मांग की कि संघों और खेल नीति निर्धारण में खिलाड़ियों की भागीदारी सुनिश्चित की जाए.



### खिलाड़ियों ने सम्मेलन में सरकार और प्रशासन के समक्ष रखी अपनी मांगें

- झारखंड के स्थानीय खिलाड़ियों को नौकरी में प्राथमिकता दी जाए.
- राष्ट्रीय – अंतरराष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ियों को 5 डिसमिल जमीन दीजाए
- खिलाड़यों के लिए स्पोर्ट्समैन टाउनशिप की व्यवस्था की जाए.
- खेल नीति और निर्णय समिति में खिलाड़ियों की भागीदारी अनिवार्य की जाए.
- आर्थिक रूप से कमजोर खिलाड़ियों के लिए स्वास्थ्य बीमा और पेंशन योजना लागू हो.
- कॉलेजों और विश्वविद्यालयों में खिलाड़ियों को खेल शिक्षक के रूप में नियुक्त किया जाए.
- बाहरी खिलाड़ियों की भर्ती पर रोक लगे और हर हाल में स्थानीय प्रतिभाओं को अवसर मिले.
- खिलाड़ियों को सरकारी योजनाओं की जानकारी देने के लिए एक साझा मंच विकसित किया जाए.

### सरकार और निजी संस्थानों से सहयोग की अपील

खिलाड़ियों ने कहा कि यदि रेलवे की तरह अन्य संस्थान, जैसे मेकॉन, सीसीएल, सीएमपीडीआई, टाटा, टेल्को, सेल आदि भी रोजगार और प्रोत्साहन देने के लिए आगे आएं, तो झारखंड को देश की खेल राजधानी बनाया जा सकता है. विशेष कर दक्षिणी छोटानागपुर प्रमंडल को खेल नर्सरी के रूप में विकसित किया जा सकता है.

**सम्मेलन में कई दिग्गजों ने लिया हिस्सा:** सम्मेलन में कांग्रेस के झारखंड प्रभारी के राजू, प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश, पूर्व आईपीएस और अंतरराष्ट्रीय हॉकी खिलाड़ी सरोजिनी लकड़ा, ओलंपियन मनोहर टोपनो, पूर्व भारतीय कप्तान सुमराय टेटे, सावित्री पूर्ति, जेएससीए अध्यक्ष अजयनाथ शाहदेव सहित कई नामचीन खिलाड़ी और खेलप्रेमी उपस्थित रहे. कांग्रेस प्रभारी के राजू ने कहा कि खिलाड़ियों को सरकारी योजनाओं और विभागीय रिक्तियों में समुचित अवसर मिलना चाहिए. उन्होंने जोर देकर कहा कि प्रत्येक स्कूल में शारीरिक शिक्षक की नियुक्ति अनिवार्य की जाए, ताकि खेल संस्कृति को मजबूत किया जा सके.

---

## चाईबासा में छत्तीसगढ़ का कुख्यात हिडिमा समेत दो नक्सली गिरफ्तार

शुभम संदेश। रांची



छत्तीसगढ़ का कुख्यात हिडिमा समेत भाकपा माओवादी संगठन के दो नक्सली को चाईबासा पुलिस ने गिरफ्तार किया है. चाईबासा के एसपी राकेश रंजन ने बताया कि एक सूचना के आधार पर सुरक्षाबलों ने छत्तीसगढ़ के बीजापुर का रहने वाला सब जोनल कमेटी सदस्य संदीप उर्फ हिडिमा पाडेयाम और सरायकेला जिले के रहने वाला एरिया कमेटी सदस्य शिवा बोदरा गिरफ्तार किया है.एसपी ने बताया कि हिडिमा के खिलाफ 35 मामले दर्ज है, जबकि शिवा के खिलाफ नौ मामले दर्ज है. रविवार को अपने कार्यालय प्रेस आयोजित प्रेस कांफ्रेंस में बताया कि 30 अगस्त को सूचना मिली थी कि भाकपा माओवादी नक्सली संगठन के शीर्ष नक्सली अपने दस्ता के विभिन्न कमांडरों रवि सरदार, जयकांत, अरूण, संदीप, शिवा, रिसीभ, अपटन, सनत, अमित मुण्डा, भुनेश्वर उर्फ सालुका कायम और अन्य सदस्यो के साथ जराईकेला थाना क्षेत्र सारंडा क्षेत्र में कुछ बड़ी घटना को अंजाम देने के लिए जुटे हैं. नक्सली सुरक्षा बलों को निशाना बनाने के लिए आईईडी लगाने और नये लोगों को संगठन में भर्ती करने के लिए घूम रहे है. जिसके बाद आवश्यक कार्रवाई के लिए एएसपी अभियान पारस राणा नेतृत्व में चाईबासा पुलिस, कोबरा 209 बटालियन की संयुक्त टीम गठन कर एक विशेष अभियान प्रारंभ किया गया.

इसी दौरान रविवार को जराईकेला के सारंडा के जंगली और पहाड़ी क्षेत्र से नक्सली संगठन के दोनों कुख्यात नक्सली को गिरफ्तार किया गया. उनके पास से हथियार, कारतूस, मैगजीन, वॉकी-टॉकी, डेटोनेटर और आईईडी बनाने से संबंधित सामान बरामद किया.

उल्लेखनीय है, कि दोनों गिरफ्तार नक्सलियों ने खुलासा किया है कि भाकपा माओवादी नक्सली संगठन के केन्द्रीय कमेटी सदस्य अनल उर्फ रमेश के द्वारा महिला दस्ता सदस्यों के साथ शारीरिक शोषण किया जाता है तथा कई महिला सदस्यों का अवैध रूप से गर्भपात करवाया गया है. नक्सली संगठन के शीर्ष नेता मिसिर बेसरा, अनमोल, मोछु, अनल, असीम मंडल, अजय महतो, सागेन अंगरिया, अश्विन अपने दस्ता सदस्यों के साथ कोल्हान और सारंडा क्षेत्र में सक्रिय है. पुलिस नक्सलियों के खिलाफ लगातार कार्रवाई कर रही है.

### करमा प्रकृति और समाज को जोड़ने वाला पर्व : विजय शंकर नायक



**रांची।** झारखंड आदिवासी मूलवासी जनाधार मंच के केंद्रीय उपाध्यक्ष ने विजय शंकर नायक ने प्रकृति पर्व करमा की पूर्व संध्या पर प्रदेशवासियों को शुभकामनाएं दी है और प्रदेश की युवा पीढ़ी से करमा जैसे पारंपरिक पर्वों से जुड़ने का आह्वान किया.आदिवासी मूलवासी जनाधार मंच के केंद्रीय उपाध्यक्ष विजय शंकर नायक ने रविवार को जारी प्रेस विज्ञप्ति में कहा कि करमा त्योहार हमारी सांस्कृतिक धरोहर है, जो हमें प्रकृति और समाज के गहरे रिश्ते की याद दिलाता है. उन्होंने कहा कि करमा सिर्फ पूजा-अर्चना का पर्व नहीं है, बल्कि यह सामूहिक जीवन, भाईचारा और सहयोग की परंपरा का प्रतीक है. करमा डाली लगाने से लेकर गीत-संगीत और नृत्य तक हर विधि हमें पर्यावरण संरक्षण और सामूहिकता की शिक्षा देती है. नायक ने कहा कि वर्तमान समय में जब आधुनिकता और बाज़ारवाद हमारी परंपराओं को प्रभावित कर रहा है, तब ज़रूरी है कि नई पीढ़ी करमा जैसे पर्वों से जुड़े. यह पर्व हमें पेड़ों, जंगलों और जल-स्रोतों की रक्षा करने की प्रेरणा देता है. उन्होंने कहा कि अगर हमारी संस्कृति बचेगी, तो हमारी पहचान बचेगी. राज्यवासियों से अपील की कि करमा पर्व को उत्साह और श्रद्धा के साथ मनाएं और समाज में एकजुटता, भाईचारा और सकारात्मक ऊर्जा का संदेश फैलाएं.

---

## किसी पार्टी का कार्यालय मंदिर के समान तोड़फोड़ बर्दाश्त नहीं करेंगे : इरफान

**रांची।** झारखंड के स्वास्थ्य मंत्री और कांग्रेस के नेता डॉ. इरफान अंसारी ने बिहार में कांग्रेस के कार्यालय (सदाकत आश्रम) में हुई तोड़फोड़ और मारपीट की घटना का कड़े शब्दों में निंदा की है. डॉ. इरफान अंसारी ने रविवार को कहा कि किसी पार्टी का कार्यालय उसके कार्यकर्ताओं के लिए मंदिर के समान होता है और उस पर हमला किसी भी हाल में स्वीकार्य नहीं है. उन्होंने कहा कि यदि हमारे नेता राहुल गांधी केवल एक इशारा कर दें, तो हम विरोधियों को कड़ा जवाब दे सकते हैं. संगठन और कार्यकर्ताओं की गरिमा की रक्षा के लिए हर कदम उठाया जाएगा. उन्होंने कहा कि झारखंड की जनता लोकतंत्र और भाईचारे की पक्षधर है और किसी भी प्रकार की गुंडागर्दी यहां स्वीकार्य नहीं होगी. मंत्री इरफान अंसारी ने साफ कहा कि कांग्रेस कार्यकर्ता हर चुनौती का सामना करने और लोकतंत्र की रक्षा के लिए हमेशा तैयार हैं.

## उम्र सीमा में एक बार की विशेष छूट, अधिसूचना जारी

शुभम संदेश। रांची

### झारखंड संयुक्त भर्ती परीक्षा

झारखंड में सरकारी नौकरी की तैयारी कर रहे युवाओं के लिए बड़ी खुशखबरी है. राज्य सरकार ने झारखंड पुलिस, उत्पाद सिपाही, कक्षपाल और गृह रक्षा वाहिनी पदों के लिए प्रस्तावित पहली संयुक्त भर्ती परीक्षा में अधिकतम उम्र सीमा में एक बार की विशेष छूट देने का फैसला किया है. गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग ने इस संबंध में अधिसूचना जारी कर दी है.सरकार का यह फैसला उन हजारों अभ्यर्थियों के लिए राहत लेकर आया है, जो वर्ष 2023 की झारखंड आरक्षी प्रतियोगिता परीक्षा (विज्ञापन संख्या-17/2023) के तहत आवेदन कर चुके थे और लंबे समय से भर्ती प्रक्रिया की प्रतीक्षा कर रहे थे.

**अधिसूचना के मुख्य बिंदु**

- **एक बार की छूट :** यह उम्र सीमा में छूट केवल पहली संयुक्त भर्ती परीक्षा तक ही सीमित रहेगी. इसके बाद यह सुविधा स्वत: समाप्त हो जाएगी.
- **उम्र की गणना :** सभी श्रेणी के अभ्यर्थियों के लिए उम्र की गणना 01.08.2019 से की जाएगी, जो पहले विज्ञापन (17/2023) में निर्धारित तिथि थी.
- **आवेदन शुल्क में राहत :** जिन उम्मीदवारों ने पहले ही शुल्क जमा कर दिया था, उन्हें दोबारा भुगतान करने की आवश्यकता नहीं होगी.
- **नई नियमावली लागू :** 'झारखंड पुलिस, कक्षपाल, सिपाही (गृह रक्षा वाहिनी), उत्पाद सिपाही संयुक्त भर्ती नियमावली–2025' के गठन के साथ पुरानी नियमावली रद्द कर दी गई है.

सरकार की यह पहल उन अभ्यर्थियों के हित में है जो पहले आवेदन कर चुके थे और नियमावली में बदलाव के कारण आयु सीमा से बाहर हो गए थे.

### प्रदेश यादव महासभा की बैठक में लिए गए अहम फैसले



**रांची।** राची के सहजानंद चौक के स्वागतम बैंक्वेट हॉल में रविवार को झारखंड प्रदेश यादव महासभा की प्रदेश समिति की एकदिवसीय कार्यशाला हुई, जिसकी अध्यक्षता प्रदेश अध्यक्ष बजरंगी प्रसाद यादव ने की, जबकि कार्यकारी अध्यक्ष रामाशीष यादव , महासचिव इंद्रजीत यादव समेत राज्यभर से आए बुद्धिजीवी, युवा और समाज के सैकड़ों लोग शामिल हुए. बैठक में जातिगत जनगणना में पारदर्शिता, शीघ्र नगर निकाय चुनाव, अहीर रेजिमेंट की मांग, भव्य राधा-कृष्ण मंदिर निर्माण, शिक्षा एवं संस्कार के प्रसार और धर्मशाला भवन निर्माण जैसे मुद्दों पर चर्चा हुई. बजरंगी प्रसाद यादव ने कहा कि समाज की मांगें सामाजिक न्याय की दिशा में अहम हैं. रामाशीष यादव ने ओबीसी आरक्षण में पारदर्शिता की मांग करते हुए ट्रिपल टेस्ट की निष्पक्ष प्रक्रिया पर बल दिया.

---

**जनी शिकार उत्सव 2025 : डिब्रूगढ़ में आदिवासी विरासत का उत्सव**

## शिल्पी नेहा तिर्की ने उठाई आदिवासी हक की आवाज

शुभम संदेश। रांची

असम के डिब्रूगढ़ जिला पुस्तकालय सभागार में रविवार को जनी शिकार उत्सव 2025 का आयोजन बड़े धूमधाम के साथ किया गया. इस पारंपरिक उत्सव में झारखंड की कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुईं. कार्यक्रम का आयोजन ऑल आदिवासी वीमेंस एसोसिएशन ऑफ असम (एएडब्ल्यूएए) और ऑल आदिवासी स्टूडेंट्स एसोसिएशन ऑफ असम (एएएसएए) के संयुक्त तत्वावधान में किया गया.



**परंपरा केवल अतीत की कहानी नहीं बल्कि एक विरासत है :** कार्यक्रम के दौरान मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने अपने संबोधन में कहा कि जनी शिकार उरांव जनजाति का 12 वर्षों में एक बार मनाया जाने वाला पर्व है, जो आदिवासी महिलाओं द्वारा मुगलों के विरुद्ध रोहतासगढ़ किले में मिली ऐतिहासिक जीत की याद दिलाता है. इस आयोजन में महिलाएं पुरुषों की वेशभूषा में शिकार पर निकलती हैं, जो उनकी वीरता और साहस का प्रतीक है. उन्होंने कहा, एएडब्ल्यूएए ने 2025 से इस पारंपरिक उत्सव को पुनर्जीवित कर एक नई सांस्कृतिक शुरुआत की है. यह परंपरा केवल अतीत की कहानी नहीं, बल्कि वह विरासत है जिसे हम आने वाली पीढ़ियों को सौंपते हैं.

### मंत्री ने असम के आदिवासी समाज की स्थिति पर जताई चिंता

शिल्पी तिर्की ने असम के आदिवासी समाज की स्थिति पर चिंता जताते हुए कहा कि टी ट्राइब्स आज भी शिक्षा, स्वास्थ्य, सम्मानजनक वेतन और एसटी दर्जे जैसे मूल अधिकारों के लिए संघर्ष कर रहे हैं. उन्होंने कहा कि महिला सशक्तिकरण की दिशा में 200 सालों से चल रहा संघर्ष अब निर्णायक मोड़ पर है. मंत्री ने संविधान की रक्षा और आदिवासियों के अधिकारों की सुरक्षा की भी जोरदार वकालत की. उन्होंने कहा कि देश में 2014 के बाद से संविधान के खिलाफ षड्यंत्र हो रहा है. उन्होंने बिहार के 65 लाख लोगों से वोटिंग अधिकार छीने जाने की घटना का उदाहरण देते हुए इसे लोकतंत्र के लिए खतरा बताया. कार्यक्रम में यूनेस्को की को-चेयरपर्सन डॉ. सोनाझरिया मिंज सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित थे.

**प्रदेश भाजपा अध्यक्ष सह नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने मुख्यमंत्री को लिखा पत्र**

## एसीबी पर शराब घोटाले के सबूत नष्ट करने की साजिश रचने का आरोप लगाया

शुभम संदेश। रांची

नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने मुख्यमंत्री को एक गंभीर पत्र लिखते हुए आरोप लगाया है कि भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) द्वारा उत्पाद विभाग से जब्त की गई फाइलों को संदिग्ध परिस्थितियों में हटाया गया है. मरांडी ने आशंका जताई है कि यह कदम शराब घोटाले के अहम साक्ष्यों को नष्ट करने की साजिश का हिस्सा हो सकता है.उन्होंने पत्र में लिखा कि मंगलवार की रात भारी मात्रा में दस्तावेजों को उत्पाद विभाग कार्यालय से एक ट्रक में भरकर रात के अंधेरे में ले जाया गया. यह कार्रवाई न तो किसी सामान्य प्रशासनिक प्रक्रिया का हिस्सा थी और न ही कानूनी प्रक्रिया के तहत हुई, बल्कि पूरी तरह गोपनीय तरीके से डीजीपी की देखरेख में अंजाम दी गई. मरांडी ने इस घटना को लेकर कई सवाल उठाए हैं. पूछा है कि आखिर दस्तावेजों को आधी रात को ही क्यों हटाया गया? क्या एसीबी और उत्पाद विभाग के भीतर कोई बड़ा भ्रष्टाचार छिपाने की कोशिश हो रही है? क्या यह पूरी प्रक्रिया कुछ अधिकारियों और राजनीतिक चेहरों को बचाने के लिए की जा रही है?



उन्होंने चेताया कि यह सारा घटनाक्रम संभावित सीबीआई या ईडी जांच से पहले साक्ष्यों को मिटाने का प्रयास हो सकता है, जिससे राज्य को भारी राजस्व नुकसान हो सकता है. पत्र में यह भी उल्लेख किया गया है कि पूर्व में भी एसीबी द्वारा उठाई गई फाइलों के कारण शराब दुकानों के आवंटन में बाधाएं आई हैं.मरांडी ने मुख्यमंत्री से आग्रह किया कि वे इस पूरे मामले की निष्पक्ष जांच सुनिश्चित करें और जनता को यह बताएं कि किसके इशारे पर यह कार्रवाई हुई और किन लोगों को बचाने की कोशिश की जा रही है. उन्होंने कहा कि इतिहास गवाह है कि अपराधी कितना भी चालाक क्यों न हो, कोई न कोई सुराग जरूर छोड़ता है, जो अंततः पूरे घोटाले को उजागर करेगा.

# शुभम संदेश

एक राज्य - एक अखबार



रांची, सोमवार 01 सितंबर 2025 • भाद्रपद शुक्ल पक्ष 09, संवत 2082 • रांची एवं पटना से प्रकाशित • वर्ष : 3, अंक : 145 • मूल्य ₹ 4, पृष्ठ संख्या : 12


### झारखंड में हायर एजुकेशन में सुधार की बड़ी पहल

## उत्कृष्ट कार्य करने वालों को मिलेगा 1 से 8 लाख तक का पुरस्कार

**शुभम संदेश। रांची**

झारखंड सरकार ने राज्य की उच्च शिक्षा प्रणाली को बेहतर बनाने और उत्कृष्ट योगदान करने वाले शिक्षकों, छात्रों, प्रशासकों एवं संस्थानों को प्रोत्साहित करने के लिए एक नई योजना शुरू की है. इस योजना का नाम झारखंड राज्य उच्चतर शिक्षा पुरस्कार योजना रखा गया है. उच्च शिक्षा विभाग द्वारा इस संबंध में आधिकारिक आदेश जारी कर दिया गया है.

इस योजना का मुख्य उद्देश्य राज्य में उच्च शिक्षा की गुणवत्ता को सुधारना और ऐसे व्यक्तियों व संस्थानों को सम्मानित करना है, जिन्होंने शिक्षा के क्षेत्र में सराहनीय कार्य किए हैं. इसके लिए नौ अलग-अलग श्रेणियों में पुरस्कार दिए जाएंगे. पुरस्कार राशि एक लाख से लेकर आठ लाख रुपये तक होगी. इसके साथ ही पुरस्कृत लोगों को प्रमाण पत्र और स्मारिका भी प्रदान की जाएगी.

पुरस्कार योजना पर खर्च का खाका योजना के सफल संचालन और पुरस्कार वितरण पर सरकार कुल कई करोड़ रुपये खर्च करेगी.

- पुरस्कार राशि, प्रमाण पत्र एवं स्मारिका पर लगभग 1.20 करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे.
- पार्टनर संगठन के सहयोग पर 1.20 करोड़ रुपये खर्च होंगे.
- पुरस्कार वितरण समारोह पर 50 लाख रुपये और यात्रा, वाहन आदि मदों पर 25 लाख रुपये खर्च होंगे.
- पोर्टल विकास, मॉनिटरिंग और मेनटेनेंस पर 40 लाख रुपये की राशि निर्धारित की गई है.

#### झारखंड राज्य शोध रत्न

यह पुरस्कार छात्रों के लिए होगा. इसमें अर्थशास्त्र, सामाजिक विज्ञान, अनुप्रयुक्त विज्ञान, बेसिक साइंस, गणित एवं सांख्यिकी, जनजातीय और गैर-जनजातीय भाषाओं जैसे विषयों में उत्कृष्ट शोध करने वाले छात्रों को सम्मानित किया जाएगा.

| | | |
|---|---|---|
| **प्रथम स्थान (स्वर्ण पदक)** | : | 2 लाख रुपये |
| **द्वितीय स्थान (रजत पदक)** | : | 1.50 लाख रुपये |
| **तृतीय स्थान (कांस्य पदक)** | : | 1 लाख रुपये |

**आजीवन योगदान के लिए मुख्यमंत्री पुरस्कार :** उच्च शिक्षा के क्षेत्र में आजीवन योगदान देने वाले व्यक्तियों या समूहों को मुख्यमंत्री पुरस्कार दिया जाएगा. इसके तहत 8 लाख रुपये नकद, प्रमाण पत्र और स्मारिका प्रदान की जाएगी. यदि किसी समूह को यह पुरस्कार मिलता है तो राशि उसके सभी सदस्यों के बीच समान रूप से विभाजित होगी.

**राष्ट्रीय शिक्षा नीति पुरस्कार :** राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) के सफल और जमीनी स्तर पर क्रियान्वयन में योगदान देने वाले शिक्षकों, प्रशासकों, अधिकारियों और शिक्षा से जुड़े कर्मियों को यह सम्मान मिलेगा.

- प्रथम स्थान (स्वर्ण पदक) : 2 लाख रुपये
- द्वितीय स्थान (रजत पदक) : 1.50 लाख रुपये
- तृतीय स्थान (कांस्य पदक) : 1 लाख रुपये

#### संस्थानों को मिलेगा सम्मान

राज्य के भीतर कार्यरत और मान्यता प्राप्त संस्थानों को भी इस योजना के तहत सम्मानित किया जाएगा. ऐसे संस्थानों को यह पुरस्कार मिलेगा जिन्होंने उच्च शिक्षा के क्षेत्र में असाधारण योगदान दिया हो. हालांकि, एक संस्थान को यह सम्मान हर तीन वर्ष में केवल एक बार ही प्रदान किया जा सकेगा.

| | | |
|---|---|---|
| **प्रथम स्थान (स्वर्ण पदक)** | : | 5 लाख रुपये |
| **द्वितीय स्थान (रजत पदक)** | : | 4 लाख रुपये |
| **तृतीय स्थान (कांस्य पदक)** | : | 3 लाख रुपये |

राज्य नवाचार पुरस्कार (संस्थान) राज्य में नवाचार के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले संस्थानों को यह पुरस्कार मिलेगा.

- प्रथम स्थान (स्वर्ण पदक) : 5 लाख रुपये
- द्वितीय स्थान (रजत पदक) : 4 लाख रुपये
- तृतीय स्थान (कांस्य पदक) : 3 लाख रुपये

**राज्य नवाचार पुरस्कार (व्यक्तिगत) :** झारखंड में अद्वितीय विचार और नवाचार करने वाले व्यक्तियों को यह पुरस्कार मिलेगा. इसका उद्देश्य नए विचारों और प्रयोगों को बढ़ावा देना है.

- प्रथम स्थान (स्वर्ण पदक) : 2 लाख रुपये
- द्वितीय स्थान (रजत पदक) : 1.50 लाख रुपये
- तृतीय स्थान (कांस्य पदक) : 1 लाख रुपये

**पर्यावरणीय, सामाजिक एवं शासन-विधि पुरस्कार :** राज्य के उच्च शिक्षण संस्थानों को यह पुरस्कार दिया जाएगा यदि वे पर्यावरणीय, सामाजिक और प्रशासनिक (गवर्नेंस) स्तर पर उत्कृष्ट कार्य करते हैं.

- प्रथम स्थान (स्वर्ण पदक) : 5 लाख रुपये
- द्वितीय स्थान (रजत पदक) : 4 लाख रुपये
- तृतीय स्थान (कांस्य पदक) : 3 लाख रुपये

**योजना का महत्व :** राज्य सरकार का मानना है कि यह योजना उच्च शिक्षा के स्तर को बेहतर बनाने और प्रतिभाओं को प्रोत्साहन देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित होगी. इससे छात्रों और शिक्षकों के बीच प्रतिस्पर्धा की भावना बढ़ेगी और संस्थान भी अपनी कार्यशैली और शैक्षणिक वातावरण को और सुदृढ़ करने का प्रयास करेंगे. झारखंड जैसे राज्य, जहां शिक्षा की गुणवत्ता और संसाधनों की कमी हमेशा से एक चुनौती रही है, वहां यह योजना एक नई ऊर्जा का संचार कर सकती है. यदि इसे पारदर्शिता और निष्पक्षता के साथ लागू किया गया, तो न केवल राज्य की उच्च शिक्षा प्रणाली मजबूत होगी, बल्कि यहां की प्रतिभाएं राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी अपनी पहचान बना सकेंगी.

---

#### ब्रीफ न्यूज

### पत्नी को वेश्यावृत्ति के लिए मजबूर करने का आरोपी पति गिरफ्तार

**जमशेदपुर।** गोलमुरी थाना क्षेत्र के टुईला डूंगरी की महिला पर अत्याचार करने के आरोपी पति आकाश कांत लाल उर्फ पांडू को पुलिस ने रविवार को गिरफ्तार कर लिया. गोलमुरी के लाइन नंबर 6, ए ब्लॉक निवासी आकाश कांत पर उसकी पत्नी ने गंभीर आरोप लगाए थे कि वह उसे वेश्यावृत्ति करने के लिए मजबूर करता है. पीड़िता ने पुलिस को दी लिखित शिकायत में बताया था कि कुछ दिन पहले उसका पति उसे चाईबासा भी ले गया था, जहां उसने देह व्यापार करने का दबाव बनाया. लेकिन जब उसने इसका विरोध किया तो पति ने जमशेदपुर लौटने के बाद गुस्सेमें उस पर हमला कर दिया था. आरोप है कि आकाश कांत लाल ने पहले अपनी पत्नी के चेहरे और शरीर पर चाकू से कई वार किए. गंभीर रूप से घायल पीड़ता को स्थानीय लोगों की मदद से एमजीएम अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उसका इलाज जारी है. चिकित्सकों के अनुसार महिला के शरीर पर गहरे जख्म हैं और उसकी हालत अभी भी चिंताजनक बनी हुई है.

## रांची समेत पूरे झारखंड में अगले 5 दिन तक बारिश-बिजली का तांडव

**शुभम संदेश। रांची**

झारखंड में मानसून की रफ्तार एक बार फिर तेज होने वाली है. भारतीय मौसम विभाग (आईएमडी) ने पूर्वानुमान जारी करते हुए कहा है कि 5 सितंबर 2025 तक राज्यभर में गरज के साथ बारिश होने की संभावना है. इस दौरान कई जिलों में तेज हवाएं और वज्रपात का भी खतरा रहेगा. रविवार 31 अगस्त को रांची समेत कई हिस्सों में हल्की से मध्यम दर्जे की बारिश दर्ज की गई. आसमान में दिनभर बादल छाए रहे और कुछ इलाकों में गरज के साथ तेज हवाएं भी चलीं. मौसम विभाग ने वज्रपात को लेकर येलो अलर्ट भी जारी किया है.

**रांची में बादल और रुक-रुक कर बारिश :** राजधानी रांची और आसपास के इलाकों में सोमवार को कई बार हल्की से मध्यम बारिश हो सकती है। मौसम विशेषज्ञों का कहना है कि आसमान सामान्यतः बादलों से ढका रहेगा.

**झारखंड में कमजोर रहा मानसून :** इस बार झारखंड में मानसून कमजोर रहा है. पिछले 24 घंटे में सिर्फ कुछ इलाकों में ही हल्की से मध्यम बारिश दर्ज की गई. सबसे ज्यादा बारिश खूंटी जिले के अड़की में 21 मिमी दर्ज की गई. मौसम विभाग के अनुसार जिन जिलों में भारी बारिश हो सकती है उनमें राज्य के उत्तर पूर्वी जिले और मध्यवर्ती जिले शामिल हैं. इनमें देवघर, दुमका, पाकुड़, साहिबगंज और पाकुड़ शामिल हैं. पिछले 24 घंटे के दौरान राज्य में सबसे अधिक बारिश खूंटी जिले के अड़की में 21 मिमी रिकॉर्ड किया गया. उल्लेखनीय है कि रांची समेत पूरे झारखंड में पिछले तीन माह से भारी बारिश हो रही है. इससे आमजन जीवन प्रभावित हुआ. सभी नदी, नाले और डैम उफान पर हैं. मौसम विभाग के अनुसार सितंबर माह में भी राज्य के विभिन्न इलाकों में बारिश होने की संभावना है.



#### 2 सितंबर को भारी बारिश का रेड अलर्ट

मौसम विभाग ने चेतावनी दी है कि 2 सितंबर 2025 को राज्य के कई हिस्सों में भारी बारिश हो सकती है. इस दौरान हवाओं की रफ्तार 30-40 किलोमीटर प्रति घंटे तक पहुंच सकती है. लोगों को सावधानी बरतने और अनावश्यक यात्रा से बचने की सलाह दी गई है.

**तापमान में 2-3 डिग्री तक बढ़ोतरी :** आईएमडी के अनुसार झारखंड में अगले दो दिनों के दौरान अधिकतम तापमान में 2-3 डिग्री सेल्सियस की वृद्धि दर्ज की जा सकती है. हालांकि, उसके बाद तापमान सामान्य स्तर पर स्थिर रहने का अनुमान है.

### झारखंड में आज से नई शराब नीति लागू होगा

## विदेशी शराब सस्ती और देसी महंगी होगी

**शुभम संदेश। रांची**

झारखंड में 1 सितंबर से नई उत्पाद नीति लागू होने जा रही है, जिससे शराब की कीमतों में बड़ा फेरबदल देखने को मिलेगा. राज्य सरकार द्वारा आबकारी नीति में संशोधन के बाद विदेशी और देसी शराब की दरें नई दरों पर निर्धारित की गई हैं. इस बदलाव के तहत विदेशी शराब सस्ती हो गई है, जबकि भारत में बनी विदेशी शराब और देसी शराब की कीमतों में वृद्धि की गई है.

**विदेशी शराब पर बड़ी राहत**

नई नीति लागू होने के बाद प्रीमियम विदेशी ब्रांड्स की कीमतों में बड़ी गिरावट आई है.

- रॉयल सैल्यूट की कीमत 20,000 रुपये से घटकर अब 13,400 रुपये हो गई है.
- रॉयल ब्रासक्ला सिंगल मॉल्ट 17,500 से घटकर 11,900 रुपये में मिलेगी.
- ग्लेनलिवे अब 5,400 रुपये की जगह 4,100 रुपये में उपलब्ध होगी.
- चिवास रीगल और ब्लैक लेबल जैसे लोकप्रिय ब्रांड भी करीब 900 रुपये तक सस्ते हुए हैं.
- वाइन प्रेमियों के लिए भी राहत की खबर है -जेकब्स क्रीक अब 1,650 रुपये की बजाय 1,250 रुपये में मिलेगी.

**देशी और आईएमएफएल पर महंगाई की मार :** हालांकि भारत में बनी विदेशी शराब और देसी शराब के दामों में इजाफा हुआ है.

- ऑफिसर्स च्वाइस और रॉयल स्टैग जैसे लोकप्रिय ब्रांड अब 670 रुपये से बढ़कर 780 रुपये में बिकेंगे.
- ब्लैक डॉग, 100 पाइपर्स, और विलियम लॉसन की कीमतों में 200 से 250 रुपये तक की वृद्धि हुई है.
- बकार्डी और गोल्फर शॉट की बोतलें 100 रुपये तक महंगी हो गई हैं.

#### बीयर और देसी शराब भी महंगी

बीयर और देशी शराब की कीमतों में भी 20 रुपये तक की वृद्धि की गई है. राज्य सरकार के अनुसार, इस नई नीति का उद्देश्य शराब व्यवसाय को पारदर्शी बनाना और राज्य के राजस्व में वृद्धि करना है. नीति में बदलाव के साथ ग्राहक प्रीमियम विदेशी ब्रांड्स का स्वाद अब सस्ती दरों पर ले सकेंगे, लेकिन देसी शराब उपभोक्ताओं को अपनी जेब और ढीली करनी होगी.

- एंटीक्विटी ब्लू और ब्लैंडर्स प्राइड की कीमत में 150 रुपये का इजाफा हुआ है.
- हालांकि, कुछ ब्रांड्स की कीमतों में गिरावट भी देखी गई है — ओल्ड मोंक गोल्ड रिजर्व अब 780 रुपये की बजाय 675 रुपये में उपलब्ध होगी.

## पलामू में झोला छाप डॉक्टर की लापरवाही से महिला की मौत, गुस्साए लोगों ने शव के साथ सड़क जाम की

**शुभम संदेश। पांकी (पलामू)**

पलामू जिले के पांकी थाना क्षेत्र में एक झोलाछाप डॉक्टर की लापरवाही से एक महिला की मौत हो गई, जिससे इलाके में हड़कंप मच गया. शनिवार रात से रविवार सुबह तक भारी हंगामा होता रहा. पांकी के थाना रोड स्थित 'सोमी सेवा सदन' में इलाज के दौरान पूनम देवी नामक महिला की मौत हो गई. महिला के पति जितेंद्र कुमार भुइयां ने आरोप लगाया कि फर्जी डॉक्टर एचएन झा की लापरवाही से उनकी पत्नी की जान गई.

बताया गया कि एक साल पहले डॉ झा ने पूनम देवी की नसबंदी का ऑपरेशन किया था, जिसके बाद से उसकी तबीयत लगातार बिगड़ती रही. शनिवार को पेट दर्द की शिकायत पर जब उसे अस्पताल ले जाया गया, तो डॉक्टर ने ऑपरेशन कर ट्यूमर निकालने का दावा किया. ऑपरेशन के थोड़ी देर बाद ही महिला की हालत बिगड़ गई और उसकी मौत हो गई. डॉ झा मरीज को मेदिनीनगर के एक अन्य अस्पताल भेजने के बाद खुद फरार हो गया. वहां पहुंचने पर महिला को मृत घोषित कर दिया गया. शव को लेकर जब परिजन वापस पांकी पहुंचे, तो हॉस्पिटल बंद पाया गया. घटना की जानकारी मिलते ही स्थानीय लोगों का गुस्सा फूटा और पांकी–बालूमाथ मुख्य सड़क पर शव रख कर जाम कर दिया.

**सील किरण सिंह क्लिनिक' में भी चल रहा था इलाज :** कार्रवाई के आश्वासन के बाद लोगों ने जाम हटाया और शव को पोस्टमार्टम के लिए एमएमसीएच भेजा गया. इसके बाद सिविल सर्जन की टीम ने क्षेत्र के अन्य क्लीनिकों की जांच की, जिसमें कई अनियमितताएं उजागर हुईं. पहले सील किए गए 'किरण सिंह क्लिनिक' में भी इलाज चल रहा था. स्थानीय लोगों का कहना है कि यह कोई नई घटना नहीं है. हर बार मौत के बाद कुछ दिन की कार्रवाई होती है, फिर सब कुछ पहले जैसा हो जाता है। प्रशासन से अब सख्त और स्थायी कार्रवाई की मांग की जा रही है.

#### सभी फर्जी अस्पतालों को सील किया जाएगा : सिविल सर्जन

घटना की सूचना पर पांकी विधायक डॉ. शशि भूषण मेहता और सिविल सर्जन डॉ. अनिल कुमार श्रीवास्तव मौके पर पहुंचे. विधायक ने अवैध रूप से चल रहे अस्पतालों पर सख्त कार्रवाई की मांग की. सिविल सर्जन डॉ डॉ. श्रीवास्तव ने कहा कि केवल रजिस्टर्ड अस्पतालों की सूची के अनुसार ही चिकित्सा सेवा की अनुमति दी जाएगी, अन्य सभी फर्जी अस्पतालों को सील किया जाएगा.

### पूर्वी सिंहभूम :3 महीने में में 2476 लोगों ने कार्ड किया सरेंडर

**जमशेदपुर।** उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी के निर्देश पर, पूर्वी सिंहभूम जिले में अपात्र राशन कार्डधारकों की जांच और उनके नाम हटाने का अभियान लगातार जारी है. इसी क्रम में अगस्त महीने में 49,764 राशन कार्डधारकों के नाम हटाए गए हैं. इन नामों में से 15,615 नाम ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों के संदिग्ध आधार प्रविष्टियों वाले थे, जबकि 1,022 नाम 18 वर्ष से कम या 100 वर्ष से ज़्यादा आयु के एकल सदस्य कार्डधारकों के थे. इसके अलावा, 31,855 ऐसे कार्डधारकों के नाम हटाए गए जिन्होंने छह महीने या उससे ज़्यादा समय से राशन नहीं लिया था, और 1,023 डुप्लिकेट लाभार्थियों के नाम भी हटाए गए. पिछले तीन महीनों में, 2,476 लोगों ने स्वेच्छा से अपना राशन कार्ड सरेंडर करने के लिए आवेदन दिया था, जिनमें से 2,148 नाम हटाए जा चुके हैं.

## 25 फीट ऊंचाई पर लगा रहा था झंडा, गिरने से मजदूर की मौत

### परिजनों ने की मुआवजे की मांग



**शुभम संदेश। गिरिडीह**

गिरिडीह के मधुबन थाना क्षेत्र स्थित 20 पंथी कोठी में झंडा लगाने के दौरान हुए हादसे में घायल मजदूर की इलाज के दौरान शनिवार रात को मौत हो गई. मृतक की पहचान दिलीप बेसरा के रूप में हुई है. जानकारी के अनुसार, शुक्रवार को दिलीप बेसरा कोठी के मुख्य गेट पर झंडा लगा रहा था, तभी वह करीब 25 फीट ऊंचाई से नीचे गिर पड़ा और गंभीर रूप से घायल हो गया. उसे तत्काल धनबाद के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां शनिवार रात को इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई.

शनिवार देर शाम जब मृतक का शव मधुबन लाया गया, तो परिजनों और ग्रामीणों ने कोठी के मुख्य गेट पर शव रखकर मुआवजे की मांग को लेकर हंगामा किया. धरना का नेतृत्व बांध मुखिया कौशल्या टुडू और पूर्व मुखिया हेमलता देवी ने किया. हेमलता देवी ने प्रबंधन पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए कहा कि मधुबन जैसे विश्व प्रसिद्ध तीर्थस्थल में सुरक्षा मानकों की अनदेखी के कारण अक्सर हादसे होते रहते हैं.

### जेल आईजी ने केंद्रीय कारा का किया निरीक्षण, सुरक्षा व्यवस्था पर जताया संतोष

**मेदिनीनगर।** जेल आईजी सुदर्शन मंडल ने शनिवार रात को मेदिनीनगर केंद्रीय कारा का औचक निरीक्षण किया. उन्होंने जेल की सुरक्षा व्यवस्था का गहनता से जायजा लिया और इस पर संतोष जताया. जेल अधिकारियों से कहा कि केंद्रीय कारा में कई कुख्यात अपराधी व नक्सली बंद हैं. इसलिए सुरक्षा व्यवस्था दुरुस्त रखें. उन्होंने कारा की साफ-सफाई और विधि व्यवस्था को बेहतर बताया. कहा कि सेंट्रल जेल मॉडल के अनुसार 50 एकड़ जमीन चाहिए, जो वर्तमान में मेदिनीनगर केंद्रीय कारा में उपलब्ध नहीं है. ऊंटारी रोड में बन रहे कारा के इसी वर्ष शुरू होने की संभावना है. दरअसल, जेल आईजी भाजपा के प्रदेश महामंत्री मनोज सिंह के दिवंगत पिता सह आरएसएस के पूर्व विभाग संघ संचालक ध्रुव नारायण सिंह को श्रद्धांजलि देने मेदिनीनगर पहुंचे थे. उन्होंने बताया कि झारखंड में एकमात्र पलामू जिले में ही बॉस्टल स्कूल संचालित है, जहां पढ़ाई के के व्यवस्थित साधन हैं और यह बेहतर तरीके से संचालित हो रहा है.

### पुलिया के नीचे मिला बुजुर्ग का शव, हत्या की आशंका

**चाईबासा।** जिले के खूंटपानी प्रखंड के दोपाई गांव में रविवार सुबह एक बुजुर्ग व्यक्ति का शव मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई. शव गांव के पास बने एक पुलिया के नीचे खून से लथपथ हालत में पाया गया. मृतक की पहचान गांव के ही मांगता तियु (64)के रूप में की गई है. परिजनों ने बताया कि मांगता तियु शनिवार रात रोजाना की तरह घर के पास बैठे थे. कुछ देर बाद उन्होंने परिवार को बताया कि वे पूजा करने जा रहे हैं और इसके बाद वे घर से निकल गए, लेकिन पूरी रात वापस नहीं लौटे। रविवार सुबह जब कुछ ग्रामीण बकरी चराने निकले तो पुलिया के नीचे उनका शव पड़ा मिला. ग्रामीणों के अनुसार, मृतक के चेहरे और सिर पर गहरी चोटों के निशान हैं. पास में खून से सना पत्थर भी मिला है, जिससे आशंका जताई जा रही है कि पत्थर से कुचलकर उनकी हत्या की गई है.

## चैंबर कार्यसमिति से मिले मंत्री सहयोग का दिलाया भरोसा



**चाईबासा।** जिला स्थित चैंबर ऑफ कॉमर्स की नवनिर्वाचित कार्यसमिति से रविवार को झारखंड सरकार के मंत्री दीपक बिरुवा ने मुलाकात कर सभी पदाधिकारियों को बधाई एवं शुभकामनाएं दीं. यह मुलाकात रविंद्र भवन में हुई, जहां मंत्री ने अध्यक्ष संजय चौबे सहित पूरी टीम को पुष्पगुच्छ भेंट कर सम्मानित किया.उन्होंने कहा कि व्यापारी समाज राज्य के विकास की रीढ़ है और चेंबर ऑफ कॉमर्स व्यापारी, प्रशासन और सरकार के बीच एक मजबूत कड़ी की तरह कार्य करता है. उन्होंने उम्मीद जताई कि युवा और ऊर्जावान टीम व्यापारियों की समस्याओं को दूर करने में सक्रिय भूमिका निभाएगी.मंत्री दीपक बिरुवा ने आश्वासन दिया कि राज्य सरकार व्यापारियों और उद्यमियों के विकास के लिए सदैव तत्पर है और हरसंभव सहयोग प्रदान करेगी. उन्होंने सभी को मिलकर सकारात्मक बदलाव लाने की अपील की.

### हुनर का कमाल: हजारीबाग के सौरव ने लिखी संघर्ष की कहानी

## मुंबई से गांव लौट कर बना डाली वेब सीरीज

**शुभम संदेश। हजारीबाग**

झारखंड के हजारीबाग से एक अलग ही कहानी सामने आई है. फिल्मों का जुनून, रंगमंच का अनुभव और गांव की मिट्टी से जुड़ाव, इन सबको जोड़ कर चौपारण प्रखंड के सौरव ने कुछ ऐसा कर दिखाया है, जो बड़े शहरों में सपनों का पीछा करने वाले युवाओं के लिए एक मिसाल बन सकता है. 2016 में मसान और गैंग्स ऑफ़ वासेपुर से प्रभावित होकर चौपारण के सौरव ने एक्टिंग की दुनिया में कदम रखा. दिल्ली में चार साल रंगमंच पर मेहनत करने के बाद मुंबई पहुंचे और वहां सात समंदर जैसे संघर्ष किए. जैकी श्रॉफ जैसे दिग्गज कलाकारों के साथ स्क्रीन शेयर की, पाठशाला वेब सीरीज़ के दो सीजन में लीड रोल निभाया.



लेकिन जब मुंबई की चकाचौंध में रास्ता धुंधला होने लगा और लॉकडाउन ने सब रोक दिया, तो सौरव लौट आए अपने गांव..हजारीबाग. यहीं से शुरू हुआ नया सफर. इंस्टा रील्स और यूट्यूब शॉर्ट्स के जरिए खोरठा भाषा में कंटेंट बनाने लगे. उनका निशाचर एपिसोड खूब वायरल हुआ और सराहना भी मिली.

इसी बीच, सौरव ने अपने यूनिवर्सिटी के दोस्तों के साथ मिलकर एक बड़ी सोच को जन्म दिया, वेब सीरीज़ बनाने की. नाम रखा अटकल बियाह. इस वेब सीरीज़ की सबसे खास बात यह है कि इसमें 35–40 कलाकार लीड रोल में हैं और सभी झारखंड से हैं. इतना ही नहीं, पूरे 400 कलाकारों में से ज़्यादातर गांव के लोग हैं। बाराती से लेकर रिश्तेदार और यहां तक कि सौरव के माता-पिता और दादी भी इसमें शामिल हैं. यानी पूरा गांव ही कैमरे के सामने उतर आया. अटकल बियाह में तीन बेजोड़ खोरठा गीत भी शामिल किए गए हैं. गाने लिखे हैं अभिषेक पांडे ने, जबकि म्यूज़िक और बैकग्राउंड स्कोर दिया है अभिषेक नंदी ने. अभिषेक नंदी पोस्ट ऑफिस में नौकरी करते हैं और दिनभर काम करने के बाद रातभर म्यूज़िक कंपोज किया. संसाधनों की कमी के बावजूद दोस्तों और परिवार ने मिलकर 7 से 8 लाख रुपये जुटाए. हालांकि कैमरा और एडिटिंग के खर्च अभी भी बाकी हैं. लेकिन जुनून ने हार नहीं मानी.

**योगदा सत्संग आश्रम में रविवारीय सत्संग : स्वामी जी ने ध्यान की शक्ति, आदतों के प्रभाव और आत्म संयम के महत्व पर दिया संदेश**

# ध्यान ही जीवन का असली अस्त्र है, जो बुराइयों को परास्त कर ईश्वर से मिलाता है, आत्मिक उन्नति के लिए ध्यान का कोई विकल्प नहीं : स्वामी पवित्रानंद

कृष्ण बिहारी मिश्र



राजधानी रांची के योगदा सत्संग आश्रम में आयोजित रविवारीय सत्संग के दौरान स्वामी पवित्रानंद ने ध्यान की महत्ता और आत्मिक उन्नति के पथ पर उसके प्रभाव पर प्रकाश डाला. उन्होंने कहा कि ध्यान केवल एक साधना नहीं, बल्कि ऐसा शक्तिशाली माध्यम है जिसके द्वारा मनुष्य अपने भीतर की बुराइयों, नकारात्मक सोच और बुरी आदतों पर विजय प्राप्त कर सकता है. ध्यान ही वह आंतरिक अस्त्र है, जो मन को नियंत्रित कर ईश्वर और सद्गुरु की ओर ले जाने वाला मार्ग प्रशस्त करता है.उन्होंने जोर देकर कहा कि "ध्यान का कोई विकल्प नहीं है." ध्यान मनुष्य को आत्मनियंत्रण की ओर अग्रसर करता है और उसे जीवन की सच्ची दिशा में ले जाता है.

स्वामी जी ने आदतों के महत्व पर भी प्रकाश डाला. उन्होंने कहा कि हमारी आदतें ही हमारे जीवन को नियंत्रित करती हैं, चाहे वे अच्छी हों या बुरी. अच्छी आदतें जीवन को समृद्ध बनाती



हैं, जबकि बुरी आदतें विनाश की ओर ले जाती हैं. इसी संदर्भ में उन्होंने एक प्रेरक दृष्टांत साझा किया, जिसमें उन्होंने बताया कि जब वे आश्रम में नए-नए आये थे, तब उन्होंने एक मकड़े को अपना जाल बुनते हुए देखा. जब उन्होंने जाल में एक कागज का टुकड़ा फेंका, तो मकड़े ने उसे अनुपयोगी मानते हुए जाल से बाहर फेंक दिया. यह दृश्य उन्होंने कई बार देखा. इस प्रसंग से उन्होंने यह शिक्षा दी कि हमें भी अपने जीवन से अनुपयोगी और हानिकारक आदतों को बाहर निकाल देना चाहिए, जैसे मकड़ा जाल से अनुपयोगी वस्तु को बाहर निकाल देता है.

**बुरी आदतें कभी भी जीवन के लिए लाभकारी नहीं हो सकतीं**

स्वामी पवित्रानंद ने आगे कहा कि बुरी आदतें कभी भी जीवन के लिए लाभकारी नहीं हो सकतीं, इसलिए जैसे ही वे जीवन में प्रवेश करें, उन्हें तुरंत निकाल देना चाहिए. उन्होंने यह भी बताया कि उनके गुरु परमहंस योगानंद कहा करते थे कि नकारात्मक सोच, भावनाएं और आदतें जीवन को नष्ट करने के लिए पर्याप्त हैं. इससे बचने का एकमात्र उपाय ध्यान है.एक और प्रेरक दृष्टांत के माध्यम से उन्होंने ध्यान की शक्ति को समझाया. उन्होंने कहा कि अगर कोई व्यक्ति जंगल में अकेला हो और उसके सामने बाघ आ जाए, तो उसके पास दो विकल्प होंगे– या तो भागे और अपनी जान जोखिम में डाले, या फिर यदि उसके पास बंदूक रूपी साधन हो, तो वह उसका इस्तेमाल कर बाघ से स्वयं को बचा सकता है. इसी प्रकार, ध्यान वह अस्त्र है, जो जीवन के संकटों, बुराइयों और मानसिक क्लेशों से लड़ने की शक्ति प्रदान करता है.

उन्होंने महाभारत के एक प्रसिद्ध प्रसंग का हवाला देते हुए कहा कि जब अर्जुन और दुर्योधन भगवान श्रीकृष्ण के पास गये थे, तो अर्जुन ने श्रीकृष्ण को चुना और दुर्योधन ने उनकी नारायणी सेना को. विजयश्री अर्जुन को ही प्राप्त हुई क्योंकि जहां श्रीकृष्ण हैं, वहां विजय निश्चित है. इसी प्रकार, जहां ध्यान और ईश्वर हैं, वहीं सच्चा सुख और शांति है.

स्वामी जी ने यह भी कहा कि आजकल अधिकांश लोग भौतिक संसाधनों में सुख तलाशते हैं, परंतु सच्चा आनंद ईश्वर की प्राप्ति में है. ध्यान से ही चेतना जागृत होती है, और यह माया से मुक्त कर ईश्वर तक पहुंचने की राह दिखाता है. ध्यान आलस्य को हराकर आत्मा को जागृत करता है और पूर्व जन्मों के बुरे कर्मों को भी नष्ट करने में सहायक होता है.अंत में, उन्होंने परमहंस योगानंद के विचार साझा करते हुए कहा कि "आत्मसंयम ही सच्ची साधना है." इसका अर्थ है – इंद्रियों और इच्छाओं पर नियंत्रण पाना. अगर कोई इस संयम में सफल हो जाए, तो उसे जीवन में किसी और विजय की आवश्यकता नहीं. स्वामी पवित्रानंद के अनुसार, यदि जीवन को श्रेष्ठ बनाना है, तो ध्यान को अपनाना और बुरी आदतों को त्यागना अनिवार्य है. यही आत्मिक प्रगति का वास्तविक मार्ग है.

**(लेखक बिहार-झारखंड के वरिष्ठ पत्रकार हैं)**

## राज्यपाल ने संजय सेठ के आवास पर गणपति बप्पा की आरती उतारी



**रांची।** राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार रविवार को केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ के आवास पर आयोजित 10 दिवसीय गणपति महोत्सव में शामिल हुए. राज्यपाल ने गणपति बप्पा के दरबार में पूजा- अर्चना करने की साथ आरती की. उन्होंने भगवान गणपति जी महाराज से झारखंडवासियों के विघ्न हरने, उनका मंगल करने की प्रार्थना की.

## राजेश गुप्ता 'छोटू' बने युवा दस्ता के अध्यक्ष, राजीव रंजन मिश्रा मुख्य संरक्षक



**रांची।** युवा दस्ता की बैठक संस्था के संस्थापक राजीव रंजन मिश्रा की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई, जिसमें दुर्गापूजा महोत्सव 2025 की तैयारियों पर विस्तृत चर्चा के साथ-साथ 2025-26 की नई कार्यकारिणी का गठन सर्वसम्मति से किया गया. नई कार्यकारिणी में अध्यक्षः राजेश गुप्ता 'छोटू', मुख्य संरक्षकः राजीव रंजन मिश्रा, संरक्षकः लंकेश सिंह, उपेंद्र रजक, कैलाश केसरी, गोपाल पारीक, राज किशोर, प्रकाश चंद्र सिन्हा, अखिलेश राय, कार्यकारी अध्यक्षः पीयूष आनंद, महामंत्रीः मंटू दुबे, राकेश सिंह, मंत्रीः राजेश राम, मनीष साहू, अमरदीप साहू, उपाध्यक्षः रवि कुमार पटवा, टिंकू महतो, मंच प्रभारीः ओम प्रकाश शर्मा, बीरू पासवान, सोनू भारद्वाज चुने गए. बैठक में श्री राम बानर सेना के अध्यक्ष लंकेश सिंह, श्री चैती दुर्गापूजा महासमिति के महामंत्री गोपाल पारीक, समाजसेवी उपेंद्र रजक, मदन साहू व अखिलेश राय उपस्थित थे.

**रांची पुलिस ने मोबाइल छिनतई गिरोह का किया भंडाफोड़**

# 5 अपराधी गिरफ्तार, 24 मोबाइल फोन जब्त किए गए

शुभम संदेश। रांची

रांची में लगातार हो रही मोबाइल छिनतई की घटनाओं पर रोक लगाने के उद्देश्य से पुलिस ने एक बड़ी कार्रवाई करते हुए एक संगठित गिरोह का भंडाफोड़ किया है. इस कार्रवाई में पांच लोगों को गिरफ्तार किया गया है और इनके पास से छिनतई किए गए 24 मोबाइल फोन, एक अपाची बाइक, और एक होंडा एक्टिवा स्कूटी जब्त की गई है.

पुलिस उपमहानिरीक्षक-सह-वरीय पुलिस अधीक्षक रांची के निर्देश पर की गई इस कार्रवाई में रांची रेलवे स्टेशन के पास हुई एक मोबाइल छिनतई की घटना की जांच से शुरुआत हुई. 29 अगस्त को प्राप्त सूचना के अनुसार, दो अपराधियों ने एक काले रंग की अपाची बाइक से राहगीरों से मोबाइल छीनने का प्रयास किया था. मामले की जांच में सीसीटीवी फुटेज और अन्य माध्यमों से आरोपियों की पहचान की जा रही थी.

30 अगस्त की रात गश्ती के दौरान पुलिस ने दो संदिग्ध युवकों को पकड़ा, जिनकी बाइक की नंबर प्लेट पर सेलोटेप चिपका हुआ था. पूछताछ में खुलासा हुआ कि ये दोनों



एक ऐसे गिरोह से जुड़े हैं, जो बाइक की नंबर प्लेट छिपाकर और फर्जी नंबर लगाकर छिनतई की वारदातों को अंजाम देते थे. पकड़े गए युवकों ने बताया कि वे चोरी किए गए मोबाइल फोन को मोबाइल नामक दुकान में बेचते थे.

इसके बाद पुलिस उपाधीक्षक नगर के नेतृत्व में गिरोह के अन्य सदस्यों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की गई, जिसमें दो और आरोपी पकड़े गए. साथ ही, चोरी का मोबाइल खरीदने वाले दुकानदार को भी गिरफ्तार कर लिया गया.

**गिरफ्तार किए गए आरोपियों के नाम और पते इस प्रकार हैं**

1. आदित्य सिंह (21 वर्ष), पिस्का मोड़, थाना-पंडरा, रांची
2. विकास कुमार (22 वर्ष), पिस्का मोड़, थाना-पंडरा, रांची
3. कुणाल महतो उर्फ कुणाल रावत (19 वर्ष), पिस्का मोड़, थाना-पंडरा, रांची
4. सौरभ चौधरी (20 वर्ष), इंद्रपुरी, थाना-सुखदेवनगर, रांची
5. अमन कुमार (25 वर्ष), चटकपुर, थाना-रातु, रांची

**जब्त सामानः**

- 24 चोरी किए गए मोबाइल फोन
- एक अपाची मोटरसाइकिल (छिनतई में प्रयुक्त)
- एक होंडा एक्टिवा स्कूटी

पुलिस की इस कार्रवाई से शहर में मोबाइल छिनतई के मामलों में कमी आने की उम्मीद है. रांची पुलिस ने आम नागरिकों से भी अपील की है कि वे सतर्क रहें और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस को दें.

## एक नजर

### झारखंड कलवार संघ का श्री बलभद्र पूजनोत्सव सह पारिवारिक सांस्कृतिक कार्यक्रम संपन्न



**रांची।** झारखंड कलवार संघ, रांची द्वारा रविवार को रानी सती मंदिर, रातू रोड स्थित सभागार में श्री बलभद्र पूजनोत्सव सह पारिवारिक सांस्कृतिक कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया. कार्यक्रम की शुरुआत सुबह 8 बजे विजय कुमार व उनकी पत्नी ने विधिवत बलभद्र पूजन कर की. इसके बाद संघ के पदाधिकारियों व वरिष्ठ सदस्यों श्याम कुमार प्रसाद, विश्वनाथ प्रसाद, जगतपाल प्रसाद, राधेश्याम गुप्ता, राजेश भगत, प्रो. बीके जायसवाल ने दीप प्रज्जवलित कर विधिवत कार्यक्रम का उद्घाटन किया. इलाहाबाद से आई टीम ने एक से बढ़कर एक प्रस्तुति दी. मौके पर धर्मशाला निर्माण हेतु भूमि दानदाताओं एवं संघ के संरक्षक सदस्यों को सम्मानित किया गया. कार्यक्रम की अध्यक्षता संघ के अध्यक्ष श्याम कुमार प्रसाद ने की तथा संचालन प्रो. सीमा प्रसाद व संगठन मंत्री राधेश्याम गुप्ता ने किया. मौके पर साधु शरण गुप्ता, आर. एस. प्रसाद 'मुन्ना', केदार प्रसाद, प्रेम कुमार, प्रेमवर्धन प्रसाद, अमित कुमार भगत, विनोद कुमार, राजीव कुमार, ओम प्रकाश प्रसाद, रमेश प्रसाद, कैलाश प्रसाद, राजेश्वर प्रसाद, संतोष कुमार राजू, राजेश कुमार गुप्ता, प्रकाश कुमार, विपिन वर्मा, विजय भगत, विवेक भगत, हरिनारायण गुप्ता, बलराम कुमार गुप्ता, मुकेश लाल, विद्यासागर आदि उपस्थित थे,

### श्री श्याम महोत्सव में भजनों पर झूमते रहे भक्त



**रांची।** श्री श्याम मण्डल की ओर से आयोजित 58वें वार्षिक श्री श्याम महोत्सव के चौथे दिन रविवार को अग्रसेन पथ स्थित श्री श्याम मंदिर में धार्मिक आस्था का अद्भुत संगम देखने को मिला. सुबह मंगल आरती के बाद श्री श्याम प्रभु का नवीन वस्त्र और आकर्षक श्रृंगार किया गया. इसके बाद 250 महिला-पुरुषों ने सुंदरकांड का सस्वर पाठ किया, जिसने वातावरण को भक्तिमय बना दिया. स्थानीय भजन मंडलियां श्री हनुमान मंडल और श्री शिव भक्त मंडल ने एक से बढ़ कर एक भजन प्रस्तुत किए. इसके साथ ही भक्तों ने प्रभु को 501 सवामणी का भोग अर्पित किया और लगभग सैकड़ों श्रद्धालुओं ने सवामणी का प्रसाद ग्रहण किया. कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण चंडीगढ़ से पधारे प्रसिद्ध भजन गायक गुरप्रीत धारीवाल रहे, जिन्होंने इतने सेठ जहां में सब झूमो नाचो, तेरा सिंहासन क्यों हिल रहा है सहित कई लोकप्रिय भजनों की प्रस्तुति देकर भक्तों को भाव-विभोर कर दिया. पूरे दिन मंदिर परिसर में प्रसाद वितरण का क्रम चलता रहा. कार्यक्रम को सफल बनाने में लाखोटिया, लल्लू सारस्वत, महेश सारस्वत, लड्डू सारस्वत, जितेश अग्रवाल, विजय शंकर साबू, अरुण धनुका, अजय रूंगटा शाहिद अन्य की भूमिका रही.

### किताबों की थीम पर बन रहा अरगोड़ा का दुर्गा पूजा पंडाल, दिखेंगे रामायण और महाभारत के दृश्य

**रांची।** रांची में दुर्गा पूजा की तैयारियां पूरे जोरों पर हैं और शहर में एक से बढ़कर एक भव्य और रचनात्मक पंडाल बनाये जा रहे हैं. इस बार अरगोड़ा का दुर्गा पूजा पंडाल खासा चर्चा में है, जहां "किताब" को थीम बनाकर एक अनोखा और ज्ञानवर्धक माहौल तैयार किया जा रहा है.अरगोड़ा की श्री दुर्गा पूजा रावण दहन समिति इस साल अपनी पूजा पंडाल को रामायण और महाभारत के युग से जोड़ते हुए गुरुकुल शिक्षा पद्धति को केंद्र में ला रही है. इस पंडाल की खासियत यह है कि इसे 21 हजार काल्पनिक किताबों से सजाया जा रहा है.

**अरगोड़ा इलाके में मुंहबोला फूफा बना हैवान**

## 13 वर्षीय बच्ची ने यौन शोषण और शारीरिक उत्पीड़न का लगाया आरोप

शुभम संदेश। रांची

राजधानी रांची के अरगोड़ा इलाके से एक सनसनीखेज मामला सामने आया है. एक 13 वर्षीय नाबालिग ने अपने मुंहबोले बुआ और फूफा पर यौन शोषण और शारीरिक उत्पीड़न का गंभीर आरोप लगाया है. दरअसल यह मामला तब प्रकाश में आया जब पीड़िता ने दिल्ली में अपनी आपबीती सुनाई, जिसके बाद दिल्ली पुलिस ने जीरो एफआईआर दर्ज कर जांच के लिए इसे रांची पुलिस को सौंप दिया है.

दिल्ली से शुरू हुई जांच की कहानी

मिली जानकारी के मुताबिक, पीड़िता ने हाल ही में दिल्ली के साउथ दिल्ली थाने में शिकायत दर्ज कराई. चूंकि घटना का स्थान रांची का अरगोड़ा थाना क्षेत्र है और आरोपी भी यहीं का रहने वाला हैं, इसलिए दिल्ली पुलिस ने तुरंत जीरो एफआईआर दर्ज की. यह एक महत्वपूर्ण कदम था, क्योंकि इससे पीड़िता को न्याय दिलाने की प्रक्रिया में देरी नहीं हुई. अब यह मामला रांची के अरगोड़ा थाने को स्थानांतरित कर दिया गया है, जहां पुलिस ने भी मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है.

**पढ़ाई के बहाने बुलाया, फिर बनी घरेलू नौकरानी :** पीड़िता, ने बताया कि वह मूल रूप से झारखंड के लातेहार की रहने वाली है, उसने अपनी शिकायत में बताया कि साल 2022 में उसके माता-पिता ने उसे बेहतर पढ़ाई के लिए रांची भेजा था. उन्हें उम्मीद थी कि बच्ची अपने मुंहबोले रिश्तेदारों के पास सुरक्षित रहेगी. हालांकि, रांची पहुंचने के बाद आरोपियों ने उसे स्कूल में सिर्फ एक सप्ताह तक ही जाने दिया. इसके बाद उसे पढ़ाई से रोककर घर के सारे काम करने के लिए मजबूर किया जाने लगा. काम न करने पर उसके साथ बुरी तरह से मारपीट की जाती थी.

**यौन शोषण का सिलसिला और 50 हजार चुप रहने के लिए** :फिलहाल इस पूरी घटना की कहनी और भी गंभीर तब हो जाती है. जब पीड़िता ने बताया कि उसके मुंहबोले फूफा ने साल 2022 से लेकर फरवरी 2025 तक उसके साथ लगातार यौन शोषण किया. इतना ही नहीं, उसे चुप कराने के लिए 50 हजार रुपये भी दिए गए. मार्च 2025 में, पीड़िता किसी तरह अपने मौसा-मौसी के पास दिल्ली पहुंची और अपनी दर्दनाक कहानी सुनाई, जिसके बाद पुलिस में शिकायत दर्ज की गई.

**केंद्र सरकार के अधिकारी पर लगे गंभीर आरोप :** सबसे चौंकाने वाली बात यह है कि जिस व्यक्ति पर यौन शोषण का आरोप है, वह रांची के हरमू हाउसिंग कॉलोनी में रहता है और केंद्र सरकार के एक कार्यालय में वरिष्ठ अधिकारी के पद पर कार्यरत है. एक प्रतिष्ठित पद पर बैठे व्यक्ति पर ऐसे गंभीर आरोप लगना, इस मामले को और भी संवेदनशील बना देता है.

**रांची महानगर श्री दुर्गा पूजा समिति की नई कार्यकारिणी समिति का गठन**

## डॉ. अजीत कुमार सहाय मुख्य संयोजक,प्रदीप रॉय अध्यक्ष, रवींद्र वर्मा महामंत्री चुने गए

- राजन वर्मा व संजय मिनोचा होंगे कार्यकारी अध्यक्ष

शुभम संदेश। रांची

रांची महानगर श्री दुर्गा पूजा समिति के मुख्य संयोजक डॉ अजीत कुमार सहाय के नेतृत्व मे वार्षिक आम सभा सह कार्यकारिणी समिति केगठन को लेकर बिहार क्लब सभागार में बैठक हुई. बैठक की अध्यक्षता महानगर समिति के अध्यक्ष चंचल चटर्जी ने की चंचल चटर्जी ने की. बैठक में विभिन्न पूजा समिति के सदस्यों ने अपने विचार रखे. इसके बाद महानगर समिति के अध्यक्ष डॉ. चंचल चटर्जी ने कमेटी को भंग कर वर्ष 2025- 26 के लिए नई कमेटी का चुनाव कराया. सर्वसम्मति से आजीवन मुख्य संयोजक- डॉ. अजीत कुमार सहाय, उप संयोजक-चंचल चटर्जी, राजीव रंजन प्रसाद, सह संयोजक-कामाख्या सिंह, ,जैनेन्द्र प्रसाद,रामा ठाकुर, दिनेश साहू,राजेश कुमार लाल,संजय सहाय,



सेतान्क सेन,पवन सिंह, शैलेश्वर दयाल सिंह, रमेश सिंह स्टाफ क्वार्टर,प्रो.अरूण सिंह को चुना गया.

अध्यक्ष- प्रदीप रॉय बाबू, कार्यकारी अध्यक्ष-राजन वर्मा व संजय मिनोचा,वरीय उपाध्यक्ष-संजय गोपू ,राणा रणधीर, उपाध्यक्ष-राजू वर्मा,बिनोद सिंह नामकुम, सागर वर्मा, श्यामल राय,अभिलाष साहू, अशोक यादव, कमलेश,मन्टू वर्मा,लखपति साव , अमित सोनी,राजु राम, संतोष महतो, महामंत्री-रविंद्र वर्मा, संगठन मंत्री- सागर, सह मंत्री-कुलदीप, महेंद्रू, सम्राट चटर्जी, अमित कुमार, जीतेन्द्र वर्मा व कोषाध्यक्ष-अमर नाथ साहू, कार्यालय सचिव-समीर सिंह को चुना गया. पांच सितंबर को पुनः कमेटी का विस्तार किया जाएगा.

बैठक में शैलेश्वर दयाल सिंह, प्रणव चौधरी, सेतांक सेन, बिंदु वर्मा, श्यामल राय, प्रसन्नजीत सिंह,शंकर सिन्हा युथ क्लब, विकास दास, मंटू वर्मा, तरुण घोष,अजय गुप्ता प्रमोद जायसवाल, मंतोष विश्वास, नंदकिशोर सिंह चंदेल, अमित वर्मा, वीरेन चक्रवर्ती, करने नायक, विश्वनाथ गांगुली, श्रीमती बिंदु सिंह, अमित घोष, चिन्मय दत्ता, विनोद सिंह, उज्जवल तिवारी, अमित सोनी, ,अशोक यादव, लखपति साहू, जितेंद्र वर्मा, अमित कुमार, अजय गुप्ता, सहित लगभग 90 पूजा समितियों के पदाधिकारी एवं सदस्य उपस्थित थे.

**श्री जैन श्वेतांबर संघ ने डोरंडा मंदिर परिसर से निकाली शोभायात्रा**

## पर्युषण पर्व पर क्षमापना एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी आयोजन हुआ

शुभम संदेश। रांची

श्री जैन श्वेतांबर संघ, डोरंडा द्वारा पर्वाधिराज पर्युषण महापर्व के समापन पर रविवार को श्री जैन श्वेतांबर मंदिर, डोरंडा से भव्य शोभायात्रा निकाली गयी. साथ ही क्षमापना व सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ स्वामीवात्सल्य का आयोजन बड़े धूमधाम से किया गया. कार्यक्रम की शुरुआत प्रातः 8:30 बजे भगवान की शोभायात्रा से हुई, जो मंदिर से आरंभ होकर तुलसी चौक, ए.जी. मोड़, हाई कोर्ट होते हुए पुनः मंदिर परिसर में संपन्न हुई. शोभायात्रा में भजन गायक अक्षय सेठिया एवं उनकी भजन मंडली द्वारा प्रस्तुत भजनों पर श्रद्धालु झूमते रहे. शोभायात्रा में बड़ी संख्या में महिलाओं, बच्चों एवं समाज के लोगों की भागीदारी रही.





पूर्वहान 11 बजे से मंदिर परिसर में सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन हुआ. इस अवसर पर बच्चों द्वारा प्रस्तुत धार्मिक गीत, नृत्य एवं नाट्य मंचन के माध्यम से धर्म, कर्म एवं स्वर्ग-नरक की झलकियों को प्रभावशाली ढंग से दर्शाया गया. विशेष रूप से श्रुति, खुशबू, रिद्धि, यशवी, कीर्ति, वंशिका, वेदिका, खुशी, प्रियंका बोथरा, सोनल नाहटा, मिस्टी, नेहा-राखी रामपुरिया, निर्वाण, प्रखर, चिराग, भविष्य, वाणी, प्रेक्षा, काव्या, श्रेयांस, अंजलि आदि ने सुंदर प्रस्तुतियां दीं.

कार्यक्रम में तेरापंथ सभा द्वारा 75 वर्ष से अधिक आयु के वरिष्ठजन, घेवर चंद नाहटा, हर्ष गोलछा, रेणु जैन, रूबी बांठिया आदि को सम्मानित किया गया. क्षमापना अवसर पर घेवर चंद नाहटा, हर्ष गोलछा, रेणु जैन एवं रूबी बांठिया ने अपने विचार व्यक्त किए, जबकि प्रकाश चंद नाहटा ने भगवान महावीर पर भावपूर्ण भजन की प्रस्तुति दी. मंच संचालन सोनल नाहटा ने किया.

संघ के अध्यक्ष सुभाष बोथरा, मुख्य संरक्षक संपतलाल रामपुरिया एवं अमरचंद बैंगानी ने कार्यक्रम की सफलता के लिए सभी समाजजनों को धन्यवाद ज्ञापन किया. आयोजन को सफल बनाने में छोटे लाल चोरड़िया, लब्धि जैन, राजकुमार रामपुरिया, अनिल कोठारी, राजेश पिंचा, विनय नाहटा, बालवीर बोथरा, संजय कोठारी, संतोष बेगाणी, ज्योति रामपुरिया, शशि कोठारी, सुशीला सेठिया, कंचन भंसाली, कुसुम पारख सहित पूरे समाज का उल्लेखनीय योगदान रहा.

## केंद्रीय रक्षा राज्यमंत्री ने पुष्पा सहाय 'गिन्नी' रचित काव्य संग्रह का किया लोकार्पण

शुभम संदेश। रांची

केंद्रीय रक्षा राज्यमंत्री संजय सेठ ने रविवार को एक कार्यक्रम के दौरान लेखिका पुष्पा सहाय 'गिन्नी' द्वारा रचित काव्य संग्रह सुनो मन की बात का लोकार्पण किया. लोकार्पण कार्यक्रम में रक्षा राज्यमंत्री बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए, जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में डॉ. सुरिंदर कौर नीलम, महिला काव्य मंच की राष्ट्रीय अध्यक्ष सारिका भूषण, विश्व हिंदू परिषद के प्रदेश अध्यक्ष चंद्रकांत रायपत, समाज सेविका पूनम आनंद उपस्थित थीं.

काव्य संग्रह के लोकार्पण के दौरान रक्षा राज्य मंत्री ने कहा कि कवयित्री पुष्पा सहाय गिन्नी की लिखित पुस्तक काव्य संग्रह सुनो न मन की का विमोचन किया. गीता चौबे गूंज के द्वारा संपादित इस काव्य संग्रह में श्रृंगार रस, होली




दिवाली, करवा चौथ के साथ बेटियों के प्रति समर्पित कविताओं का अच्छा संग्रह है. इसमें कई उत्साहवर्धक एवं हास्य कविताएं भी हैं. इस कविता संग्रह की सफलता के लिए पुष्पा जी को मेरी शुभकामनाएं.इससे पहले पुष्पा सहाय ने अपने मन के भावों को लोगों के समक्ष रखा. उन्होंने बताया कि किस तरह से एक-एक एहसास को पिरोकर कविताएं तैयार की गई हैं और अब ये काव्य- संग्रह के रूप में प्रकाशित हुई है. इस काव्य संग्रह में विविध विषयों पर कविताएं लिखी गई हैं. लेकिन अधिकांश कविताएं श्रृंगार रस की हैं. बेटियों पर लिखी हुई कविताओं में से एक जब उन्होंने 'बेटी का घर पर आना' कविता सुनाई तो सबकी आंखें भर आईं. डॉ. सुरिंदर कौर नीलम ने काव्य संग्रह की समीक्षा करते हुए कहा कि पुष्पा सहाय भावों की कवयित्री हैं. सारिका भूषण ने किताब पर अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि इनकी कविताएं सीधे आत्मा को स्पर्श करती हैं.

महुआडांड़ के साले पल्ली पारिस में टूर्नामेंट का भव्य फाइनल मुकाबला, मुख्य अतिथि विधायक रामचंद्र सिंह बोले-

# खेल जीवन का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है, जो न केवल शारीरिक फिटनेस बढ़ाता है, बल्कि मानसिक दृढ़ता और अनुशासन भी सिखाता है

शुभम संदेश । महुआडांड़ (लातेहार)



महुआडांड़ प्रखंड अंतर्गत दुरूप पंचायत के ग्राम साले में साले पल्ली पारिष के मैदान में आयोजित फुटबॉल टूर्नामेंट का भव्य फाइनल मैच रविवार को संपन्न हुआ. इस अवसर पर माननीय विधायक रामचंद्र सिंह मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद थे. विधायक के आगमन पर आदिवासी माताओं और बहनों ने पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ नृत्य एवं संगीत प्रस्तुत कर उनका हार्दिक स्वागत किया. फादर दिगेश्वर भोक्ता ने मंच पर विधायक रामचंद्र सिंह का माल्यार्पण किया और शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया.

फाइनल मैच का शुभारंभ विधायक रामचंद्र सिंह ने खिलाड़ियों से परिचय लेने के बाद फुटबॉल को किक मारकर किया. इस मुकाबले में बांसकरचा बालक-बालिका टीम और बराही बालक-बालिका टीम आमने-सामने थीं. कड़ा मुकाबला देखने को मिला, लेकिन अंततः बराही की टीम ने दो गोल से जीत हासिल कर टूर्नामेंट पर कब्जा जमाया. मैच के समाप्त होने के बाद सभी टीमों को पुरस्कार और सम्मान दिए गए.

मुख्य अतिथि विधायक रामचंद्र सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि खेल जीवन का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है जो न केवल शारीरिक फिटनेस बढ़ाता है बल्कि मानसिक दृढ़ता और अनुशासन भी सिखाता है. उन्होंने बताया कि खेल के माध्यम से कई युवा उच्च पदों तक पहुंच पाए हैं, जिनमें दो आईपीएस अधिकारी भी शामिल हैं. इस अवसर पर उन्होंने युवाओं को खेल के क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया.

कार्यक्रम के दौरान चैनपुर पंचायत के उपमुखिया राजेश कुजूर ने बच्चों के खेल से जुड़ी समस्याओं पर चर्चा की और संबंधित ज्ञापन विधायक को सौंपा. उन्होंने खेल सुविधाओं में सुधार की मांग की ताकि बच्चों और युवाओं को बेहतर अवसर मिल सकें. इस मौके पर झारखंड प्रदेश प्रतिनिधि इफ्तखार अहमद, कांग्रेस आदिवासी जिला अध्यक्ष अजित पाल कुजूर, कांग्रेस प्रखण्ड अध्यक्ष अभय मिंज, कांग्रेस प्रखण्ड मंडल अध्यक्ष नुरुल हसन अंसारी, संत मिखाएल प्रधानाध्यापिका सिस्टर जयंती, सिस्टर प्रिस्का, मुखिया ऊषा खलखो, रेणुका टोप्पो, कांग्रेस वरिष्ठ नेता रानू खान, किशोर तिर्की, शहीद खान, नसीम अंसारी समेत सैकड़ों ग्रामीण एवं स्थानीय लोग उपस्थित थे.

यह टूर्नामेंट युवाओं को खेल के प्रति उत्साहित करने और सामुदायिक सद्भाव बढ़ाने का एक महत्वपूर्ण माध्यम साबित हुआ. आयोजन समिति ने सभी खिलाड़ियों, सहयोगियों और उपस्थित जनसमूह का आभार व्यक्त किया. उन्होंने आशा जताई कि भविष्य में भी इस प्रकार के आयोजन होते रहेंगे, जिससे खेल और युवा विकास को बढ़ावा मिलेगा.

## भाजपा प्रदेश प्रवक्ता ने पत्रकार पर हमले की निष्पक्ष जांच की मांग की



शुभम संदेश । बालूमाथ (लातेहार)

भाजपा प्रदेश प्रवक्ता प्रतुलनाथ शाहदेव रविवार को बालूमाथ पहुंचे और हाल ही में हमले का शिकार हुए पत्रकार सुरेंद्र गुप्ता से मुलाकात की. इस दौरान उन्होंने पत्रकार के साथ हुई मारपीट की निंदा करते हुए घटना की निष्पक्ष और शीघ्र जांच करने की मांग की. प्रतुलनाथ शाहदेव ने पत्रकार सुरेंद्र गुप्ता से पूरी घटना की जानकारी भी प्राप्त की. पीड़ित पत्रकार ने बताया कि पहले भी कुछ असामाजिक तत्वों ने उन्हें धमकी दी थी और हालिया मारपीट की घटना भी उन्हीं लोगों द्वारा की गई होने का अंदेशा है.

प्रतुलनाथ शाहदेव ने प्रशासन से आग्रह किया कि आरोपियों को जल्द गिरफ्तार कर न्याय सुनिश्चित किया जाए. उन्होंने कहा कि बालूमाथ क्षेत्र में कुछ माफिया तत्व हावी हो गए हैं, जो समाज के लिए खतरा हैं. उन्होंने चेतावनी दी कि अगर पुलिस ऐसे लोगों पर लगाम नहीं लगाती है तो वे जनता के साथ मिलकर व्यापक जनआंदोलन करेंगे. उनका यह भी कहना था कि पत्रकारों की सुरक्षा सुनिश्चित करना सरकार और प्रशासन की जिम्मेदारी है.

मौके पर भाजपा मंडल अध्यक्ष सहित पत्रकार जावेद अख्तर, शमीम, रमेश पांडे, मो अरबाज, सागर कुमार समेत कई लोग उपस्थित थे. उन्होंने भी इस घटना की निंदा की और पीड़ित पत्रकार के साथ अपनी एकजुटता व्यक्त की. पत्रकारिता की स्वतंत्रता और सुरक्षा पर हमले को समाज के लिए गंभीर खतरा बताया गया.प्रतुलनाथ शाहदेव ने कहा कि पत्रकार समाज का आईना होते हैं और उनका सुरक्षित रहना लोकतंत्र की मजबूती का परिचायक है. ऐसे हमले न केवल पत्रकारों को बल्कि पूरे समाज को कमजोर करते हैं. इसलिए प्रशासन को चाहिए कि वह त्वरित और निष्पक्ष कार्रवाई कर घटना का गंभीरता से निपटारा करे.

मोरवाई और बरवाडीह पंचायत में सृजन मंथन कार्यक्रम उत्साहपूर्वक संपन्न

# कांग्रेस संगठन को गांव-गांव तक मजबूत करना हमारा उद्देश्य



शुभम संदेश । बरवाडीह

प्रखंड अंतर्गत मोरवाई और बरवाडीह पंचायत में रविवार को कांग्रेस का पंचायत स्तरीय संगठन सृजन मंथन कार्यक्रम उत्साहपूर्वक सम्पन्न हुआ. यह कार्यक्रम प्रदेश कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष केशव महतो कमलेश, लातेहार जिला प्रभारी एवं पूर्व राज्यसभा सांसद धीरज प्रसाद साहू, झारखंड के वरिष्ठ विधायक एवं विधानसभा सभापति रामचंद्र सिंह तथा सह प्रभारी डॉ. अजय शाहदेव के दिशा-निर्देश पर आयोजित किया गया. कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में विधायक प्रतिनिधि प्रेम सिंह (पिंटू), अल्पसंख्यक जिलाध्यक्ष नसीम अंसारी और प्रदेश प्रतिनिधि रविंद्र राम उपस्थित थे.कार्यक्रम की अध्यक्षता बरवाडीह प्रखंड अध्यक्ष प्रिंस गुप्ता ने की. इस दौरान पंचायत अध्यक्षों सहित पूरी पंचायत कमिटी का विस्तार किया गया और नवनियुक्त पदाधिकारियों को नियुक्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया. मोरवाई पंचायत की नवनियुक्त कमिटी अध्यक्ष विचेंद्र पासवान और उपाध्यक्ष जयराम सिंह बने. वहीं बरवाडीह पंचायत की नवनियुक्त कमिटी अध्यक्ष निरंजन सिंह, उपाध्यक्ष शैलेंद्र सिंह और उपाध्यक्ष अनिल राम नियुक्त किए गए. कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष प्रिंस गुप्ता ने अपने संबोधन में कहा कि कांग्रेस संगठन को गांव-गांव तक मजबूत करना हमारा उद्देश्य है. नवगठित पंचायत कमिटियां कांग्रेस को जमीनी स्तर पर मजबूती प्रदान करेंगी. कांग्रेस ही ऐसी पार्टी है जो सभी वर्गों के हितों का ध्यान रखती है. उन्होंने युवाओं से अपील की कि वे कांग्रेस से जुड़ें ताकि झारखंड ही नहीं, पूरे देश में कांग्रेस की सरकार बने. सभी कार्यकर्ता मिलकर पार्टी को सशक्त बनाने में अपना योगदान दें. कार्यक्रम में बरवाडीह प्रखंड प्रभारी विश्वनाथ पासवान, पूर्व उप प्रमुख पंकज गुप्ता, प्रवक्ता प्रेम कुमार, मोरवाई पंचायत मुखिया आशीष सिंह सहित बड़ी संख्या में पंचायत पदाधिकारी, कार्यकर्ता और ग्रामीण उपस्थित थे.

## तीन पंचायतों में कांग्रेस कमेटी का गठन संगठन सृजन कार्यक्रम के तहत हुआ विस्तार



शुभम संदेश . बालूमाथ (लातेहार)

एआईसीसी के संगठन सृजन 2025 कार्यक्रम के तहत रविवार को झारखंड प्रदेश कांग्रेस प्रभारी राजू, प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश, पूर्व राज्यसभा सांसद धीरज प्रसाद साहू और अन्य नेतृत्व के निर्देश पर बालूमाथ प्रखंड की बसिया, मरंगलोइया और मुरपा पंचायतों में ग्राम पंचायत कांग्रेस कमिटी का गठन किया गया. सर्वसम्मति से बसिया से असगर अंसारी, मरंगलोइया से इकबाल और मुरपा से रियासत अंसारी को अध्यक्ष चुना गया. 12 सदस्यीय कमेटी का भी गठन किया गया. कार्यक्रम की अध्यक्षता बालूमाथ प्रखंड कांग्रेस अध्यक्ष मो आमिर हयात ने की. उन्होंने कांग्रेस के मजबूती के लिए संगठन सृजन अभियान की अहमियत बताई. पूर्वी मंडल अध्यक्ष मो अबरार अंसारी ने कहा कि गांव-टोलों से पदाधिकारी बनाकर संगठन को मजबूत किया जाएगा. नव-निर्वाचित अध्यक्षों का स्वागत कर प्रमाण पत्र सौंपा गया. कांग्रेस की विचारधारा को हर घर तक पहुंचाने का संकल्प लिया गया. इस अवसर पर कई वरिष्ठ कांग्रेसजन भी उपस्थित थे.

## महुआडांड़ प्रखंड में फुटबॉल टूर्नामेंट का भव्य फाइनल, बरही टीम बनी विजेता

**महुआडांड़ (लातेहार) ।** महुआडांड़ प्रखण्ड के दुरूप पंचायत के साले पल्ली पारिस मैदान में फुटबॉल टूर्नामेंट का फाइनल मैच रविवार को संपन्न हुआ. मुख्य अतिथि विधायक रामचंद्र सिंह के स्वागत में आदिवासी माताओं-बहनों ने पारंपरिक नृत्य एवं संगीत प्रस्तुत किया. फादर दिगेश्वर भोक्ता ने विधायक का माल्यार्पण कर सम्मान किया. फाइनल मुकाबला बांसकरचा बालक-बालिका टीम और बरही बालक-बालिका टीम के बीच खेला गया, जिसमें बरही टीम विजेता बनी. विधायक ने खिलाड़ियों को किक मारकर मैच का शुभारंभ किया. सभी टीमों को पुरस्कार भी प्रदान किए गए. संबोधन में विधायक रामचंद्र सिंह ने कहा कि खेल से जीवन में सफलता मिलती है और इससे कई आईपीएस भी बने हैं. इस अवसर पर चैनपुर पंचायत उपमुखिया राजेश कुजूर ने बच्चों के खेल संबंधी समस्याओं पर ज्ञापन सौंपा. कांग्रेस व अन्य समाजसेवी और सैकड़ों ग्रामीण भी कार्यक्रम में उपस्थित थे.

## सतबरवा के ताबर में फुटबॉल वितरण समारोह आयोजित, ग्रामीणों में उत्साह



शुभम संदेश सतबरवा

प्रखंड क्षेत्र के पोंची पंचायत के ताबर गांव में रविवार को फुटबॉल वितरण समारोह संपन्न हुआ. यह कार्यक्रम पिछले एक माह से सामाजिक कार्यकर्ता आशिष कुमार सिन्हा के नेतृत्व में ग्रामीण क्षेत्रों में चल रहा था, जिसका विधिवत समापन किया गया.

समारोह के दौरान आशिष कुमार सिन्हा ने कहा कि खेल से शारीरिक, मानसिक और बौद्धिक एकाग्रता विकसित होती है. पढ़ाई के साथ खेल भी जरूरी है. इसी उद्देश्य से पिछले पाँच वर्षों से लगातार खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करने के लिए फुटबॉल वितरण किया जा रहा है. इस अवसर पर ताबर गांव की फुटबॉल टीम को ड्रेस भी प्रदान की गई.

कार्यक्रम में अशोक यादव, प्रवेश यादव, अशर्फी यादव, नवल प्रसाद, मोहम्मद अलाउद्दीन, खिलाड़ी मोहम्मद शहजाद, असारी मुन्ना अंसारी, मोहम्मद जहां, फैजान, रिजवान, मिनहाज सहित कई लोग उपस्थित थे

## एसओई लातेहार को विद्यालय प्रमाणीकरण राउंड-1 में गोल्ड मेडल

**लातेहार ।** जिले के मुख्यमंत्री उत्कृष्ट विद्यालय, लातेहार (एसओई) ने विद्यालय प्रमाणीकरण राउंड-1 में शानदार प्रदर्शन करते हुए गोल्ड मेडल हासिल किया है. यह उपलब्धि विद्यालय के शिक्षकों और छात्रों के सामूहिक प्रयास का परिणाम है. प्राचार्य तृप्ति भारती ने सभी को बधाई देते हुए कहा कि यह सम्मान पूरे विद्यालय परिवार की मेहनत का नतीजा है. वहीं, विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष आशीष टैगोर और उपाध्यक्ष दीप्ति कुमारी ने भी इस उपलब्धि पर खुशी जताई और टीम को शुभकामनाएं दीं. राज्यस्तरीय प्रमाणीकरण कार्यक्रम के तहत मई और जुलाई माह में आयोजित राउंड-1 में कुल 741 विद्यालयों में से 453 का चयन विभिन्न श्रेणियों में हुआ. इसमें 49 विद्यालयों ने स्वर्ण, 467 ने रजत और 27 ने कांस्य पदक प्राप्त किए. लातेहार जिले से एसओई लातेहार और उत्क्रमित उच्च विद्यालय सरईडीह को स्वर्ण पदक मिला है, जो जिले के लिए गर्व की बात है.

कार्यक्रम

करमा पूजा स्थल को लेकर सरना समिति और प्रशासन में टकराव

# अनुमति नहीं मिलने पर काला झंडा फहराने की चेतावनी

शुभम संदेश । महुआडांड़ (लातेहार)



अनुमंडल सह प्रखंड सरना समिति ने रविवार को सरना भवन, महुआडांड़ में अध्यक्ष कमेश्वर मुंडा की अध्यक्षता में एक विशेष बैठक आयोजित की. बैठक में एसडीएम विपिन कुमार दुबे पर करमा पर्व मनाने की अनुमति नहीं देने का आरोप लगाते हुए कड़ी निंदा की गई. समिति ने चेतावनी दी कि यदि आगामी 3 सितंबर को अम्बावटोली स्थित बैगई जमीन पर करमा पूजा की अनुमति नहीं दी गई, तो विरोधस्वरूप सभी सरना अनुयायी गांव-गांव में काला झंडा लगाकर करमा पर्व मनाएंगे.

**क्या है विवाद :** समिति के अध्यक्ष कमेश्वर मुंडा ने बताया कि उन्होंने एसडीएम से अम्बावटोली के बैगई स्थल पर करमा महोत्सव मनाने की अनुमति मांगी थी, लेकिन एसडीएम ने उन्हें अनुमति देने से इनकार कर दिया. जबकि समिति का दावा है कि वर्षों से इसी स्थल पर उनके सदस्य और बैगा पूजा करते आ रहे हैं. उन्होंने आरोप लगाया कि प्रशासन ने सरना परंपरा से जुड़े लोगों को रोक कर ईसाई मिशनरी समर्थित आदिवासी सरना विकास मंच को पहली बार वहां पूजा की अनुमति दे दी है.

समिति ने बताया कि 28 अगस्त को अनुमंडल कार्यालय में हुई बैठक में यह स्पष्ट रूप से तय हुआ था कि सरना पूजा पद्धति में आस्था रखने वाले किसी भी व्यक्ति को पूजा से रोका नहीं जाएगा. प्रस्ताव संख्या 7 में यह उल्लेख भी किया गया था. इसके बावजूद अब प्रशासन का रवैया पक्षपातपूर्ण दिख रहा है.

### प्रशासन की प्रतिक्रिया

इस मुद्दे पर एसडीएम विपिन कुमार दुबे ने कहा कि थाना को निर्देश दिया गया है कि वह यह जांच करे कि किस पक्ष ने पहले से उस स्थल पर करमा पर्व मनाया है. उन्होंने बताया कि सीआरपीसी 147 के अनुसार, जिस पक्ष द्वारा पहले से परंपरागत रूप से पूजा की जाती रह है, उसी को अनुमति दी जाएगी. उन्होंने कहा कि जांच रिपोर्ट आने के बाद ही कोई अंतिम निर्णय लिया जाएगा. फिलहाल दोनों पक्षों में तनातनी बनी हुई है और यदि स्थिति नहीं संभली तो करमा पर्व को लेकर विवाद और गहराने की आशंका है.

## सतबरवा राधा कृष्ण मंदिर में राधा अष्टमी जन्मोत्सव मनाया गया

**सतबरवा ।** राधा अष्टमी के पावन अवसर पर रविवार को सतबरवा राधा कृष्ण मंदिर में राधा जन्मोत्सव बड़े ही श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया गया. कार्यक्रम की शुरुआत नौ कन्याओं के पूजन से हुई, जिसके बाद भक्तों ने एक स्वर में राधे-राधे का जाप कर मंदिर परिसर को भक्तिमय बना दिया.जन्मोत्सव के मौके पर सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित किया गया, जिसमें परशुराम व्यास ने अपनी शानदार प्रस्तुति दी. गीत-संगीत और भक्ति रस से परिपूर्ण इस कार्यक्रम में श्रद्धालुओं ने देर तक तालियों से उत्साह बढ़ाया. इस आयोजन में राजेश मिश्रा, सुनील मिश्रा, अंकित मिश्रा, निर्दोष कुमार, राजेंद्र मिश्रा, शिव शंकर, लक्ष्मी ठाकुर, हरिद्वार प्रसाद और जितेंद्र सिंह समेत कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे.

## एक नजर

### मनातू थाना परिसर में कोचिंग की शुरुआत



**मनातू (शुभम संदेश) ।** पलामू जिले के मनातू थाना परिसर में सामुदायिक पुलिसिंग पहल के तहत विज्ञान संकाय के छात्रों के लिए निःशुल्क कोचिंग कक्षाओं की शुरुआत की गई. पलामू एसपी रिशांत रमण के निर्देश पर कोचिंग का उद्घाटन मनातू थाना प्रभारी प्रभात रंजन ने फीता काटकर किया. यहां 11वीं व 12वीं के विद्यार्थियों को गणित व रसायन विज्ञान की पढ़ाई कराई जाएगी. फिलहाल यह कक्षा प्रत्येक रविवार को संचालित की जा रही है. छात्रों ने इसे प्रतिदिन चलाने का अनुरोध किया है. कार्यक्रम में थाना के अन्य पदाधिकारी, समाजसेवी राजेश तिवारी, नीलम देवी समेत कई गणमान्य लोग मौजूद रहे. इस पहल का उद्देश्य नक्सल प्रभावित क्षेत्र के बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, आत्मनिर्भरता और सर्वांगीण विकास की ओर अग्रसर करना है. इसके साथ ही प्रत्येक माह गार्जियन मीटिंग और सुबह फुटबॉल खेल का आयोजन भी किया जा रहा है.

### क्रिकेट खिलाड़ियों का निबंधन 5 से 15 सितंबर तक

**लातेहार ।** सत्र 2025-26 के लिए जिले भर के क्रिकेट खिलाड़ियों का निबंधन 5 सितंबर से 15 सितंबर 2025 तक लातेहार जिला क्रिकेट संघ के कार्यालय में किया जाएगा. यह प्रक्रिया जिला खेल स्टेडियम स्थित संघ कार्यालय में प्रतिदिन सुबह 11 बजे से शाम 5 बजे तक चलेगी. संघ के सचिव अमलेश कुमार सिंह ने सभी वर्ग के खिलाड़ियों से समय पर निबंधन कराने की अपील की है. उन्होंने बताया कि निबंधन के समय खिलाड़ियों को डिजिटल जन्म प्रमाण पत्र, आधार हिस्ट्री, माता या पिता का वोटर कार्ड, बैंक पासबुक, स्कूल का बोनाफाइड प्रमाण पत्र और पासपोर्ट साइज फोटो साथ लाना अनिवार्य है.अधिक जानकारी के लिए श्रवण महली (मो. 07004437224), समरेश बादल (मो. 8539955009) और धीरेन्द्र सिंह सुरवार (मो. 7903397760) से संपर्क किया जा सकता है.

### धूमधाम से मनाया जा रहा गणेश महोत्सव



**लातेहार ।** महुआडांड़ प्रखंड मुख्यालय स्थित बाजार शिव मंदिर परिसर में आर्यन संघ द्वारा गणेश महोत्सव श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया जा रहा है. पूजा स्थल पर आकर्षक पंडाल बनाया गया है जहां प्रतिदिन सैकड़ों श्रद्धालु संध्या आरती में भाग ले रहे हैं. दुर्गा वाहिनी मातृशक्ति की महिलाएं भी विशेष रूप से आरती में भागीदारी निभा रही हैं. आर्यन संघ के पंकज दास बाबु ने बताया कि यह महोत्सव 7 दिनों तक चलेगा और 1 सितंबर को भव्य भंडारा एवं महाप्रसाद का वितरण किया जाएगा. कार्यक्रम में महिलाओं और बच्चों में विशेष उत्साह देखा जा रहा है. आयोजन को सफल बनाने में संघ के अभिषेक कुमार, अमित पांडेय, विकास भोला, सत्यम, हंस कुमार सहित कई सदस्य सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं.

### सीओ की बड़ी कार्रवाई, 2000 सीएफटी बालू जब्त



**बरवाडीह (लातेहार) ।** अवैध बालू उत्खनन के खिलाफ प्रशासन ने सख्त रुख अपनाते हुए शनिवार देर रात बड़ी कार्रवाई की. बरवाडीह अंचलाधिकारी लौकेश सिंह ने थाना प्रभारी अनूप कुमार और एसआई राजन अधिकारी के साथ संयुक्त रूप से छापामारी अभियान चलाया. यह अभियान बरवाडीह रेल क्षेत्र में बनाए जा रहे रेलवे क्वार्टर परिसर में चलाया गया, जहां बड़ी मात्रा में बालू जमा पाया गया. तत्काल कार्रवाई करते हुए प्रशासन ने करीब 2000 सीएफटी बालू जब्त कर लिया. अंचलाधिकारी ने बताया कि जब्त बालू के वैधता से जुड़े दस्तावेजों की जांच की जा रही है. कागजात सही नहीं पाए जाने पर संबंधित पक्षों के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई की जाएगी. इस कार्रवाई से इलाके में सक्रिय बालू माफियाओं में हड़कंप मच गया है. प्रशासन ने यह भी संकेत दिया है कि अवैध खनन के खिलाफ आगे भी इसी तरह की कठोर कार्रवाई जारी रहेगी.

### रैनबसेरा में मिला वृद्ध का शव, पुलिस जांच में जुटी

**बरवाडीह (लातेहार) ।** बरवाडीह थाना क्षेत्र स्थित बस स्टैंड रैनबसेरा में रविवार को एक वृद्ध व्यक्ति का शव मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई. मृतक की पहचान 62 वर्षीय गणेश राम के रूप में हुई है, जो पिछले काफी समय से रैनबसेरा में रहकर जीवन यापन कर रहे थे. स्थानीय लोगों ने शव को देखकर तुरंत बरवाडीह पुलिस को सूचना दी. सूचना मिलते ही थाना प्रभारी अनूप कुमार और सब-इंस्पेक्टर सुनील मंडल पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और घटनास्थल का निरीक्षण कर शव को कब्जे में ले लिया. प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार गणेश राम, लंका खड़िया की रहने वाली प्रेमा देवी के पति हैं. पुलिस ने परिजनों को सूचना दे दी है. शव की स्थिति को देखते हुए अंदेशा जताया जा रहा है कि मौत कुछ समय पहले हो चुकी थी. शव को पोस्टमार्टम के लिए लातेहार भेजा गया है. थाना प्रभारी ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद ही मौत के कारणों का पता चल सकेगा.

### यूरिया मिश्रित दूषित पानी से पांच पशुओं की मौत

**बालूमाथ (लातेहार) ।** बारियातू थाना क्षेत्र के बरनी पेट्रोल पंप के समीप वाहन यूरिया सर्विस सेंटर के गड्ढे में जमा दूषित पानी पीने से रविवार को दो किसानों के पांच पशुधन की मौत हो गई. इसमें रामेश्वर यादव के दो खेतिहर बैल और जगदेव उरांव की दो गर्भवती बकरी एवं एक बकरा शामिल हैं. पशुओं ने गड्ढे का पानी पीते ही अचेत हो गए और पशु चिकित्सा वाहन पहुंचने से पहले उनकी मौत हो गई. इससे पूर्व दो माह पहले भी इसी कारण नारायण उरांव के दो बैलों की मौत हो चुकी है. स्थानीय पुलिस ने यूरिया सर्विस सेंटर के कर्मचारी से पूछताछ की है. पीड़ित किसानों ने यूरिया सर्विस सेंटर संचालक और संबंधित विभाग से मुआवजे की मांग की है. किसान रामेश्वर यादव ने बताया कि उन्होंने छह माह पहले खेती के लिए अपने बैलों को 40 हजार रुपये में खरीदा था. घटना से ग्रामीणों में रोष व्याप्त है.

### ग्रामीणों ने पारंपरिक जतरा मनाने का लिया निर्णय

**बालूमाथ (लातेहार) ।** कोमर गांव के कुशी टोला में पारंपरिक जतरा पर्व मनाने को लेकर बैठक आयोजित की गई. बैठक की अध्यक्षता झारखंड सरकार के एसडीएम रैंक के अधिकारी प्रवीण कुमार सिंह ने की. बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि शुक्रवार को पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ धूमधाम से जतरा पर्व मनाया जाएगा. इस दौरान 2 टोला से कुल तीन मंडली शामिल होंगी. जतरा के स्थल की साफ-सफाई पर विशेष ध्यान दिया जाएगा. साथ ही इस बार जतरा में केवल पारंपरिक वाद्ययंत्रों का उपयोग किया जाएगा और डीजे बजाने पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा. बैठक में विपिन सिंह, पंकज सिंह, बिट्टू सिंह, तुलसी गंझू, महावीर गंझू, सुरेश पाहन, कपिल उरांव, राजेंद्र उरांव, देव कुमार उरांव सहित चौकीदार रंजीत पासवान एवं कई ग्रामीण मौजूद थे. सभी ने मिलकर त्योहार को सफल बनाने का संकल्प लिया.

## ब्रीफ न्यूज

### मरकच्चो में सड़क दुर्घटना में एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल

**मरकच्चो (कोडरमा)।** नवलशाही थाना क्षेत्र के कटिया में एक सड़क दुर्घटना में खूबलाल राणा (40 वर्ष), पिता बाबूलाल राणा, निवासी ग्राम मसमोहना गंभीर रूप से घायल हो गया. जानकारी के अनुसार, खूबलाल राणा अपने मोटरसाइकिल से मसमोहना से अपने रिश्तेदार के घर डगरनवा के कटिया जा रहे थे. कटिया पहुंचते-पहुंचते उनकी मोटरसाइकिल अनियंत्रित होकर गिर गई, जिससे वे गंभीर रूप से घायल हो गए. घटना के बाद स्थानीय लोगों ने तुरंत मदद करते हुए खूबलाल राणा को सदर अस्पताल कोडरमा पहुंचाया. अस्पताल में डॉक्टरों की देखरेख में उनका इलाज जारी है.


### सड़क दुर्घटना में एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल

**मरकच्चो (कोडरमा)।** नवलशाही थाना क्षेत्र के कटिया में एक सड़क दुर्घटना में खूबलाल राणा (40 वर्ष), पिता बाबूलाल राणा, निवासी ग्राम मसमोहना गंभीर रूप से घायल हो गया. जानकारी के अनुसार, खूबलाल राणा अपने मोटरसाइकिल से मसमोहना से अपने रिश्तेदार के घर डगरनवा के कटिया जा रहे थे. कटिया पहुंचते-पहुंचते उनकी मोटरसाइकिल अनियंत्रित होकर गिर गई, जिससे वे गंभीर रूप से घायल हो गए. घटना के बाद स्थानीय लोगों ने तुरंत मदद करते हुए खूबलाल राणा को सदर अस्पताल कोडरमा पहुंचाया.


### 8 घरों में लाखों की चोरी, लोगों में दहशत का माहौल

**मरकच्चो।** थाना क्षेत्र के गगरेसिंघा और योगिडीह गांव में बीती रात चोरों ने आठ घरों को निशाना बनाते हुए लाखों की चोरी की घटना को अंजाम दिया. कुछ घरों में चोरों ने लोगों को बंधक बनाया, जबकि कुछ बंद पड़े मकानों के ताले तोड़कर चोरी की गई. गृहस्वामियों के अनुसार, चिंता देवी के घर से दो लाख नकद व एक लाख के जेवर, सुमित्रा देवी के घर से एक लाख नकद, बिंदकी देवी के पुराने मकान से एक लाख के जेवर व तीस हजार नकद, कमलेश मसोमात के कमरे से पेंशन के चार हजार, कारू साव के घर से बीस हजार के बर्तन व साठ हजार के जेवर, रामदेव साव के घर से दस हजार के जेवर और दो हजार नकद, मारिमा खातून के घर से दो लाख के जेवर और ग्यारह हजार नकद की चोरी हुई.

### भाई की पिटाई का विरोध करना टोटो चालक को पड़ा महंगा

**हंटरगंज (चतरा)।** हंटरगंज थाना क्षेत्र के कौलेश्वरी मोड़ में शनिवार शाम छोटे भाई की पिटाई का विरोध करने पर टोटो चालक कमलेश यादव को आरोपियों ने बुरी तरह पीटा और सिर फोड़ दिया. कमलेश यादव और उनका भाई मिथलेश दोनों टोटो चालक हैं. मिथलेश की बाइक सवार पांच युवकों से झड़प हुई, जिनमें से एक ने कमलेश को बीच बचाव के दौरान भी पीटा. घटना के बाद कमलेश अचेत होकर सड़क पर गिर पड़ा और बाद में स्थानीय लोगों की मदद से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया. पीड़ित ने हंटरगंज थाना में आवेदन देकर न्याय की मांग की है.

### नवीन प्रकाश पांडे रामगढ़ के नए थाना प्रभारी बने

**रामगढ़।** रामगढ़ एसपी अजय कुमार ने इंस्पेक्टर नवीन प्रकाश पांडेय को रामगढ़ थाना प्रभारी के पद पर पदस्थापित किया है. इससे पूर्व नवीन प्रकाश पांडेय रजरप्पा थाना के प्रभारी रह चुके हैं. बता दे कि रामगढ़ थाना प्रभारी का पद लंबे समय से रिक्त था.

## हजारीबाग उपायुक्त ने केरेडारी और बड़कागांव प्रखंड का दौरा कर योजनाओं का लिया जायजा, पर्यटन विकास के दिए निर्देश

**शुभम संदेश । हजारीबाग**



उपायुक्त शशि प्रकाश सिंह ने रविवार को केरेडारी एवं बड़कागांव प्रखंड का दौरा किया, जहां उन्होंने विभिन्न सरकारी योजनाओं का निरीक्षण किया और क्षेत्र के प्रमुख पर्यटन स्थलों का अवलोकन किया. इस दौरान उन्होंने अष्टभुजी माता मंदिर, घाघरा डैम और बड़कागांव स्थित इस्को गुफा का भी निरीक्षण किया.

उपायुक्त ने कहा कि केरेडारी एवं बड़कागांव प्राकृतिक, धार्मिक, ऐतिहासिक और सांस्कृतिक दृष्टि से समृद्ध क्षेत्र हैं, जिनमें पर्यटन की अपार संभावनाएं हैं. उन्होंने अधिकारियों को पर्यटकों की सुविधाओं को बेहतर बनाने और क्षेत्र में आवागमन को सुगम करने के निर्देश दिए.

घाघरा डैम की नहर में जमी मिट्टी और गाद की सफाई मनरेगा योजना के तहत कराने का आदेश देते हुए, उपायुक्त ने कहा कि इससे सिंचाई सुविधा बेहतर होगी और मनरेगा के माध्यम से रोजगार सृजन भी बढ़ेगा.

केरेडारी प्रखंड के कंडाबेर स्थित प्राचीन अष्टभुजी माता मंदिर का दर्शन भी किया गया. इस दौरान केरेडारी अंचल अधिकारी राम रतन कुमार वर्णवाल, बड़कागांव प्रखंड विकास पदाधिकारी जितेन्द्र कुमार मंडल एवं अन्य अधिकारी उपस्थित थे. उपायुक्त ने क्षेत्र के विकास और पर्यटन संवर्धन के लिए सभी अधिकारियों को सक्रिय भूमिका निभाने का आग्रह किया.

## केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी बिफरीं, बोलीं मूल काम छोड़ अवैध वसूली में लगी है पुलिस

**शुभम संदेश। कोडरमा**



जिले में चोरी की बढ़ती घटनाओं को लेकर केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री तथा कोडरमा सांसद अन्नपूर्णा देवी ने कड़ा विरोध जताया है. उन्होंने कहा कि झारखंड की पुलिस, खासकर कोडरमा में, अपने मूल कर्तव्य — लोगों के जान-माल की सुरक्षा — को भूलकर अवैध वसूली में लगी हुई है. मंत्री ने स्पष्ट किया कि पुलिस का असली काम अपराध रोकना और कानून व्यवस्था बनाए रखना होना चाहिए, लेकिन अफसोस की बात है कि पुलिस की प्राथमिकता अब केवल बालू गाड़ी, पत्थर लदे हाईवा को पकड़ना और उनसे पैसे वसूलना बन गई है. इससे न सिर्फ जनता का विश्वास पुलिस प्रशासन से उठ रहा है, बल्कि अपराधी भी इस स्थिति का फायदा उठाकर चोरी जैसी घटनाओं को बढ़ावा दे रहे हैं.

अन्नपूर्णा देवी ने कहा कि इस वजह से चोरों के हौसले बुलंद हो गए हैं और वे खुलेआम मंदिर, स्कूल और आम लोगों के घरों में घुसकर चोरी की घटनाएं कर रहे हैं. चोरी की इस लहर ने आम जनता के बीच दहशत फैला दी है. उन्होंने विशेष रूप से गरीब मजदूरों की बात करते हुए कहा कि ये लोग अपनी मेहनत और संघर्ष से रोज़मर्रा की जिंदगी चलाते हैं. ऐसे में जब उनके घरों में चोरी होती है तो उनकी ज़िन्दगी पर सीधा असर पड़ता है. ये घटनाएं न केवल उनकी आर्थिक स्थिति को प्रभावित करती हैं, बल्कि उनके मनोबल को भी कमजोर करती हैं.

सांसद अन्नपूर्णा देवी ने कहा कि उन्होंने इस मामले को गंभीरता से लेते हुए पुलिस अधीक्षक को स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि वे चोरी की बढ़ती घटनाओं की जांच शीघ्र करें और अपराधियों को जल्द पकड़कर सजा दिलाएं. साथ ही, उन्होंने कहा कि पुलिस को अपनी प्राथमिक जिम्मेदारियों को भूलकर अवैध वसूली से दूर रहना होगा और जनता की सुरक्षा पर ध्यान केंद्रित करना होगा. उन्होंने यह भी सुझाव दिया कि पुलिस विभाग को अपने कामकाज में सुधार लाने के लिए सख्त कदम उठाने होंगे ताकि जनता का विश्वास फिर से बहाल हो सके.

उन्होंने कहा, अगर पुलिस अपनी जिम्मेदारियों को ठीक से निभाएगी और अपराधियों पर कड़ी कार्रवाई करेगी, तो चोरी जैसे अपराधों की घटनाएं निश्चित ही कम होंगी. हमें ऐसी स्थिति का सामना नहीं करना चाहिए जहां पुलिस का काम लोगों को सुरक्षित करना हो लेकिन वह खुद अपराध में लिप्त हो. उन्होंने पुलिस प्रशासन से अपील की है कि वे जनता की सुरक्षा के प्रति गंभीरता दिखाएं और अवैध वसूली जैसे कृत्यों को तत्काल बंद करें.

अन्नपूर्णा देवी ने जनता से भी अपील की है कि वे अपने आसपास के संदिग्ध गतिविधियों पर नजर रखें और समय रहते पुलिस को सूचित करें ताकि अपराध को रोका जा सके. उन्होंने कहा कि जनता और पुलिस के बीच बेहतर तालमेल ही अपराध नियंत्रण का सबसे बड़ा हथियार है.

उन्होंने अंत में यह कहा कि कोडरमा सहित पूरे झारखंड में कानून व्यवस्था सुधारना उनकी प्राथमिकता है और इसके लिए वे निरंतर सरकार तथा पुलिस प्रशासन के साथ समन्वय बनाकर काम करेंगी. उन्होंने उम्मीद जताई कि जल्द ही चोरी और अन्य अपराधों की घटनाओं में कमी आएगी और लोग सुरक्षित महसूस करेंगे.

यह प्रतिक्रिया ऐसे समय आई है जब कोडरमा जिले में चोरी की घटनाएं लगातार बढ़ रही हैं और स्थानीय लोगों में सुरक्षा को लेकर भय व्याप्त है. मंत्री अन्नपूर्णा देवी के इस कड़े बयान के बाद पुलिस प्रशासन की कार्यशैली पर भी सवाल उठने लगे हैं. अब देखना यह होगा कि पुलिस इस मामले में क्या कार्रवाई करती है और अपराध नियंत्रण के लिए कितनी गंभीरता दिखाती है.

### टिकर नीम चौक के पास सड़क हादसा, तीन लोग गंभीर रूप से घायल हुए

**पत्थलगड़ा/चतरा।** रविवार को टिकर निम चौक के पास पल्सर और स्प्लेंडर मोटरसाइकिल की आमने-सामने जोरदार टक्कर हो गई. इस हादसे में नावाडीह डमोल निवासी रामचंद्र प्रजापति की मां और पत्नी गंभीर रूप से घायल हो गईं. साथ ही पल्सर चालक भी गंभीर रूप से जख्मी हुआ है. स्थानीय लोगों की मदद से तीनों घायलों को तुरंत चतरा सदर अस्पताल रेफर किया गया है. बताया जा रहा है कि पल्सर चला रहा युवक उसी गांव का स्थानीय निवासी था. दूसरी तरफ स्प्लेंडर पर रामचंद्र प्रजापति की मां और पत्नी सवार थीं. टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि दोनों मोटरसाइकिल बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गईं. हादसे की वजह से इलाके में हड़कंप मच गया है और पुलिस मामले की जांच कर रही है.

### राजद प्रखंड अध्यक्ष के नेतृत्व में संगठन का विस्तार

**हंटरगंज (चतरा)।** राष्ट्रीय जनता दल की बैठक रविवार को हंटरगंज प्रखंड कार्यालय में संपन्न हुई. बैठक की अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष अशोक कुमार यादव ने की, जबकि संचालन पूर्व मुखिया संतोष यादव ने किया. बैठक में संगठन विस्तार और पार्टी मजबूती पर जोर दिया गया. अध्यक्ष अशोक यादव ने कहा कि राजद एक मजबूत संगठन है और सभी वर्गों को इसमें शामिल किया जाएगा.

#### अवैध माईका उत्खनन में लगा ट्रैक्टर जब्त

## कंप्रेसर युक्त वाहन बरामद, खनन माफिया फरार, पहचान में जुटा विभाग

**शुभम संदेश। कोडरमा**

वन्य प्राणी आश्रयणी क्षेत्र अंतर्गत मेघातरी स्थित बंद पड़े थनी माइंस इलाके में वन विभाग ने शनिवार देर शाम अवैध माईका उत्खनन के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की. गुप्त सूचना के आधार पर की गई छापेमारी में कंप्रेसर युक्त एक ट्रैक्टर को जब्त किया गया, जिसका उपयोग अवैध उत्खनन कार्य में किया जा रहा था. छापेमारी के दौरान वन विभाग की कार्रवाई की भनक लगते ही मौके पर मौजूद खनन माफिया फरार हो गए. हालांकि, वन विभाग की टीम ने घटनास्थल से ट्रैक्टर को कब्जे में ले लिया है.

विभागीय अधिकारियों के अनुसार, यह क्षेत्र पूर्व में भी अवैध माईका खनन के लिए कुख्यात रहा है और लगातार शिकायतें मिलती रही हैं. इसी को देखते हुए गश्ती और निगरानी को तेज किया गया है. जब्त वाहन के स्वामी और संलिप्त लोगों की पहचान की जा रही है, जिनके खिलाफ कानून के तहत कार्रवाई की जाएगी. स्थानीय ग्रामीणों ने वन विभाग की तत्परता की सराहना की और उम्मीद जताई कि ऐसे अभियान अवैध खनन पर रोक लगाने में सहायक होंगे.

## चतरा पुलिस की छापेमारी में चार युवक ब्राउन शुगर के साथ गिरफ्तार, मुख्य तस्कर अब भी फरार

**शुभम संदेश चतरा**



नशा के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत सदर पुलिस ने बड़ी सफलता हासिल की है. पुलिस ने बाबा घाट मैदान से छापेमारी कर छह पुड़िया (2.02 ग्राम) ब्राउन शुगर के साथ चार युवकों को गिरफ्तार किया है. गिरफ्तार आरोपियों में किशनपुर मोहल्ला के शंकर कुमार, सतीश कुमार, छोटकी देवरिया निवासी जयराम पासवान और बिंड मोहल्ला के मो० मारूफ शामिल हैं. सभी को एनडीपीएस एक्ट के तहत जेल भेज दिया गया है.

इस कार्रवाई की जानकारी देते हुए सदर थाना प्रभारी विपिन कुमार ने बताया कि पुलिस अधीक्षक सुमित कुमार अग्रवाल को गुप्त सूचना मिली थी कि बाबा घाट मैदान में कुछ लोग ब्राउन शुगर का सेवन व वितरण कर रहे हैं. सूचना के आधार पर एसडीपीओ संदीप सुमन के नेतृत्व में एक विशेष छापामारी टीम का गठन किया गया. टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए चार आरोपियों को रंगे हाथ पकड़ा और उनके पास से नशे की पुड़िया बरामद की.

पुलिस ने बताया कि इस मामले में मुख्य तस्कर अब भी फरार हैं. खास बात यह है कि यह नशा कारोबार थाना क्षेत्र के बिल्कुल करीब चल रहा था, जिससे तस्करों के बढ़े हौसले का अंदाजा लगाया जा सकता है. थाना प्रभारी ने कहा कि किसी भी हाल में नशा तस्करों को बख्शा नहीं जाएगा. उनकी गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी अभियान जारी रहेगा.

छापामारी टीम में एसडीपीओ, थाना प्रभारी के अलावा अवर निरीक्षक मनीष कुमार, राहुल कुमार सहित कई जवान शामिल थे.

## बरही विधायक मनोज यादव ने आवास पर लगाया जनता दरबार

**बरही।** बरही विधायक मनोज यादव ने रविवार को अपने आवासीय परिसर में जनता दरबार आयोजित कर क्षेत्र के लोगों की समस्याएं सुनीं. जनता दरबार में बड़ी संख्या में लोग पहुंचे और बिजली, पानी, सड़क, राशन, पेंशन, भूमि विवाद समेत प्रशासनिक समस्याओं से विधायक को अवगत कराया. विधायक ने कई मामलों का मौके पर ही निपटारा किया, जबकि कुछ समस्याओं के समाधान का शीघ्र भरोसा दिलाया. उन्होंने कहा कि जनता की सेवा ही उनका धर्म है और समस्याओं का समाधान करना ही प्राथमिक लक्ष्य है. विधायक ने जनता से सीधा संवाद लोकतंत्र की ताकत बताया और कहा कि इस प्रकार के दरबार नियमित रूप से आयोजित किए जाएंगे. कार्यक्रम में सामाजिक कार्यकर्ता और ग्रामीणों की भी सहभागिता रही. लोगों ने विधायक के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन से आम जनता को काफी राहत मिलती है.

## आम्रपाली कोल परियोजना में ट्रक मालिकों की बैठक सांसद प्रतिनिधि प्रेम विकास का किया गया भव्य स्वागत

**शुभम संदेश। टंडवा (चतरा)**

आम्रपाली कोल परियोजना क्षेत्र में विस्थापित ट्रक वाहन मालिकों ने शनिवार को बैठक आयोजित कर परिचालन से जुड़ी समस्याओं पर चर्चा की. बैठक में कोयलांचल क्षेत्र के सांसद प्रतिनिधि प्रेम विकास का फूल माला व अंगवस्त्र देकर भव्य स्वागत किया गया। ट्रक ऑनर्स ने सांसद काली चरण सिंह द्वारा उन्हें प्रतिनिधि बनाए जाने पर आभार जताया. बैठक में ट्रक परिचालन में समान भागीदारी, कोयला उठाव में पारदर्शिता, एकानाम गाड़ियों की जांच और भाड़ा वृद्धि पर चर्चा की गई। प्रेम विकास ने आश्वस्त किया कि सभी मांगों को लोकतांत्रिक तरीके से उचित मंच पर रखा जाएगा। बैठक में सतीश कुमार, रवि वर्मा, डब्लू वर्मा, नवीन कुमार, शंभु कुमार समेत सैकड़ों ट्रक मालिक मौजूद रहे.

## हजारीबाग में सांसद खेल महोत्सव-2025 के तहत नमो फुटबॉल टूर्नामेंट का भव्य उद्घाटन

**शुभम संदेश हजारीबाग**



सांसद खेल महोत्सव-2025 के अंतर्गत कटकमदाग फुटबॉल मैदान में रविवार को नमो फुटबॉल टूर्नामेंट का 14वां संस्करण शुरू हुआ. इस टूर्नामेंट में कुल 46 टीमें भाग ले रही हैं, जिनमें 42 पुरुष और 4 महिला टीमें शामिल हैं. उद्घाटन मैच महिला वर्ग की जमुआरी और सलगांवा टीम के बीच हुआ, जिसमें जमुआरी टीम ने प्लेंटी शूटआउट के बाद जीत हासिल की. यह टूर्नामेंट 2016 में सांसद मनीष जायसवाल के प्रयास से कटकमदाग से शुरू हुआ था और अब पूरे लोकसभा क्षेत्र में लोकप्रिय हो चुका है.

उद्घाटन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में सांसद मनीष जायसवाल, भाजपा जिला अध्यक्ष विवेकानंद सिंह, जिप सदस्य जीतन राम सहित कई गणमान्य लोग मौजूद थे. सांसद ने मशाल जलाकर और किक मारकर पुरुष वर्ग के मैच का उद्घाटन किया. सांसद ने कहा कि यह टूर्नामेंट युवाओं को अपनी प्रतिभा दिखाने का बेहतरीन मंच प्रदान करता है और खेल में हार-जीत नहीं बल्कि सीखने की भावना महत्वपूर्ण है.

कार्यक्रम के दौरान खिलाड़ियों ने नमो जर्सी पहनकर एकजुटता और नशा मुक्त जीवन का संकल्प लिया. भाजपा जिला अध्यक्ष सहित अन्य नेताओं ने भी युवाओं को प्रोत्साहित किया. मैदान में सैकड़ों बाइक जत्थे के साथ अतिथियों का पारंपरिक स्वागत किया गया. कार्यक्रम में क्षेत्र के कई स्थानीय नेता एवं खेल प्रेमी उपस्थित थे, जिन्होंने इस आयोजन की सफलता में योगदान दिया.

### खेल दिवस पर दो दिवसीय प्रतियोगिता का समापन विजेता प्रतिभागियों को किया गया सम्मानित



**चतरा।** मुख्यमंत्री उत्कृष्ट विद्यालय, चतरा में राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर आयोजित दो दिवसीय खेलकूद प्रतियोगिता का समापन उत्साहपूर्वक हुआ. इस अवसर पर विद्यालय परिसर में 100, 200, 400 व 800 मीटर दौड़, कबड्डी, खो-खो, रस्साकशी, छात्र-शिक्षक मैत्री खेल, कैरम, बैडमिंटन व लूडो जैसी प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं. विजेता खिलाड़ियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया. साथ ही "खेलो झारखंड" में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले बच्चों को भी विशेष रूप से सम्मानित किया गया. कार्यक्रम की शुरुआत हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद को पुष्पांजलि अर्पित कर एवं उनकी जीवनी पर प्रकाश डालते हुए की गई. इस दौरान छात्रों को खेल भावना की शपथ भी दिलाई गई. कार्यक्रम को सफल बनाने में विद्यालय के शिक्षकों और बीएड प्रशिक्षुओं की सराहनीय भूमिका रही.

### बाबा के वेष में घूम रहे दो युवक संदिग्ध हालात में पकड़े गए

**जयनगर (कोडरमा)।** थाना क्षेत्र के गड़गी गांव में रविवार सुबह अफरा-तफरी मच गई जब बाबा के भेष में घूम रहे दो युवकों को ग्रामीणों ने संदिग्ध हालात में पकड़ लिया. ग्रामीणों को शक था कि वे किसी अनहोनी की फिराक में गांव आए थे. घटना के अनुसार, मो. रेहान नामक बच्चा सामान लाने गया था, लेकिन बिना सामान लौट आया और बताया कि बाहर दो साधु बाबा बैठे हैं, जिससे वह डर गया. परिजन बाहर निकले तो मुखिया फरीदा खातून के घर के पास दोनों युवकों को बाबा के वेश में बैठे पाया. अचानक रेहान बेहोश हो गया, जिससे ग्रामीणों को संदेह हुआ कि युवक बच्चे को बहकाने की कोशिश कर रहे हैं. दोनों युवक भागने लगे, जिन्हें ग्रामीणों ने पकड़ लिया. युवकों की पहचान उत्तर प्रदेश के बैरिया निवासी बादल (23) और लड्डू (30) के रूप में हुई.

## एक नजर

### कर्मचारी शक्ति समागम में पूर्व प्रत्याशी मुन्ना सिंह ने शिक्षकों और कर्मचारियों की मांगों पर दिया जोर



**हजारीबाग।** झारखंड ऑफिसर्स, टीचर्स एंड एम्प्लॉइज फेडरेशन की जिला इकाई द्वारा रविवार को हिन्दू +2 उच्च विद्यालय के प्रांगण में कर्मचारी शक्ति समागम आयोजित किया गया. इस कार्यक्रम में पूर्व सदर विधानसभा प्रत्याशी मुन्ना सिंह विशिष्ट अतिथि के रूप में शामिल हुए. जिले भर से बड़ी संख्या में शिक्षक और कर्मचारी पहुंचे. समागम में संगठन की 11 सूत्री मांगें रखी गईं, जिनमें एमएसीपी लाभ, सेवानिवृत्ति आयु 62 वर्ष करने और शिशु शिक्षण भत्ता पुनः लागू करने की प्रमुख मांगें थीं. मुन्ना सिंह ने कहा कि शिक्षक और कर्मचारी समाज की रीढ़ हैं और उनकी समस्याओं को कांग्रेस प्रदेश नेतृत्व के समक्ष उठाएगी. उन्होंने भरोसा दिलाया कि कांग्रेस कर्मचारियों और शिक्षकों के हितों के लिए मजबूत आवाज़ बनेगी. उनके शब्दों ने उपस्थित लोगों में उत्साह बढ़ाया. मुख्य अतिथि झारखंड पिछड़ा आयोग के अध्यक्ष जानकी प्रसाद यादव ने एकजुट होकर मांगों को सरकार तक पहुंचाने का आह्वान किया.

### सहकार भारती अभ्यास वर्ग सम्पन्न, संगठन विस्तार कर हजारीबाग को प्रांत में नंबर वन बनाने का लक्ष्य : अनूप भाई

**हजारीबाग।** सहकार भारती उत्तर छोटानागपुर प्रमंडलीय एक दिवसीय अभ्यास वर्ग का आयोजन रविवार को बुढ़वा महादेव के निकट प्रधान कैफेटेरिया सह वैभवी बैंक्विट हॉल में संपन्न हुआ. कार्यक्रम की अध्यक्षता सहकार भारती हजारीबाग जिलाध्यक्ष अनूप भाई ने की. आगंतुकों का रजिस्ट्रेशन व अंगवस्त्र देकर स्वागत किया गया. भारत माता और संस्थापक लक्ष्मण राव की तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर कार्यक्रम की शुरुआत हुई. कार्यक्रम चार सत्रों में चला, जिसमें सहकारिता को जन-जन तक पहुंचाने पर विशेष चर्चा हुई. जिलाध्यक्ष अनूप भाई ने कहा कि संगठन का विस्तार गांव-गांव कर हजारीबाग को पूरे प्रांत में सहकारिता के क्षेत्र में नंबर वन जिला बनाया जाएगा.

### सांसद प्रतिनिधि राजीव जायसवाल के प्रयास से लगा नया ट्रांसफार्मर, ग्रामीणों को बड़ी राहत

**रामगढ़।** गोला प्रखंड के नावाडीह गांव में हाल ही में बारिश के कारण खराब हुए 63 केवीए ट्रांसफार्मर की जगह नया ट्रांसफार्मर लगाया गया. यह कार्य रामगढ़ जिला सांसद प्रतिनिधि राजीव जायसवाल के त्वरित प्रयास से संभव हुआ, जिससे ग्रामीणों और किसानों को राहत मिली. राजीव जायसवाल ने बताया कि जनता की समस्याओं का समाधान उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता है. उन्होंने यह कार्य हजारीबाग सांसद मनीष जायसवाल के मार्गदर्शन में पूरा किया, जो क्षेत्र के विकास को लेकर हमेशा गंभीर रहते हैं. इस मौके पर कई स्थानीय ग्रामीण और किसान उपस्थित थे, जिन्होंने सांसद प्रतिनिधि का आभार व्यक्त किया.

### पत्थलगड़ा में दिव्यांग बच्चों के लिए निःशक्तता जांच एवं सहायक उपकरण वितरण शिविर का आयोजन

**पत्थलगड़ा।** समग्र शिक्षा अभियान के तहत सामावेशी शिक्षा कार्यक्रम के अंतर्गत दिव्यांग बच्चों के लिए एक विशेष निशक्तता जांच शिविर एवं सहायक उपकरण वितरण शिविर का आयोजन किया जा रहा है. यह शिविर दिनांक 01 सितंबर 2025, दिन सोमवार को प्रखंड संसाधन केंद्र (बीआरसी), पत्थलगड़ा में आयोजित होगा. इस शिविर में 3 से 18 वर्ष आयु वर्ग के दिव्यांग बच्चों की विशेषज्ञ चिकित्सकों की टीम द्वारा जांच की जाएगी. जांच के उपरांत बच्चों को उनकी आवश्यकता के अनुसार सहायक उपकरण जैसे श्रवण यंत्र, व्हीलचेयर, बैसाखी, ब्रेल सामग्री आदि निःशुल्क प्रदान किए जाएंगे. इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य दिव्यांग बच्चों को शिक्षा की मुख्यधारा से जोड़ना, उन्हें आत्मनिर्भर बनाना तथा शैक्षणिक एवं सामाजिक रूप से सशक्त करना है. आयोजकों ने सभी अभिभावकों से अपील की है कि वे अपने दिव्यांग बच्चों को इस शिविर में अवश्य लेकर आएं, ताकि उन्हें आवश्यक सहायता, सुविधा एवं संसाधन उपलब्ध कराए जा सकें.

### जेएलकेएम कार्यकर्ताओं की बैठक में जयराम महतो के स्वागत को लेकर रणनीति तैयार हुई

**हंटरगंज (चतरा)।** हंटरगंज में झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा (जेएलकेएम) के सुप्रीमो एवं डुमरी विधायक जयराम महतो के आगामी सितंबर आगमन को लेकर कार्यकर्ताओं की विशेष बैठक रविवार को रामनारायण टेन प्लस टू हाईस्कूल के खेल मैदान में आयोजित की गई. बैठक की अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष दिलीप कुमार यादव ने की, जबकि संचालन प्रखंड सचिव वकील यादव ने किया. इसमें जिला अध्यक्ष कैलाश कुमार महतो, प्रखंड प्रवक्ता सरयू गंझू सहित दर्जनों कार्यकर्ता शामिल हुए. बैठक में बताया गया कि सितंबर में जयराम महतो का आगमन होने वाला है, जिसके सफल आयोजन के लिए सभी कार्यकर्ता पंचायत स्तर पर अधिक से अधिक लोगों को जोड़ने और भाषण सुनने के लिए प्रेरित करेंगे. जिला कमेटी सदस्य संदीप यादव ने बताया कि पार्टी का सदस्यता अभियान भी शुरू किया जाएगा, जिसमें कार्यकर्ता हर गांव-गांव जाकर सदस्यता ग्रहण का प्रचार-प्रसार करेंगे.

### विनोद प्रगतिशील फाउंडेशन ने बेघर परिवार की मदद

**न्यू सिंगरावा (सिमरिया)।** गांव में बारिश के कारण मकान ढहने से बेघर हुए मीनाक्षी देवी और उनके परिवार की मदद के लिए विनोद प्रगतिशील फाउंडेशन आगे आया. फाउंडेशन अध्यक्ष मंजीत यादव ने समाजसेवी बैजनाथ यादव के साथ पीड़ित परिवार से मुलाकात की और बच्चों के कपड़े, खाद्य सामग्री, तिरपाल सहित जरूरी सामान उपलब्ध कराया. मंजीत यादव ने कहा कि फाउंडेशन निस्वार्थ भाव से गरीबों की शिक्षा, बेटियों की शादी और बुजुर्गों के इलाज में सहयोग करता रहेगा. मौके पर कई स्थानीय लोग एवं फाउंडेशन सदस्य उपस्थित रहे.

### खुर्दजवाड में फुटबॉल टूर्नामेंट का आयोजन बरही गर्ल्स टीम ने हजारीबाग को हराया

**बरही।** डपोक पंचायत अंतर्गत खुर्दजवाड के नीमा टांड़ मैदान में खेल दिवस के अवसर पर नव युवक क्लब द्वारा आयोजित फुटबॉल टूर्नामेंट में हजारीबाग गर्ल्स टीम और बरही गर्ल्स टीम के बीच जोरदार मुकाबला हुआ. इस रोमांचक खेल में बरही की टीम ने दो गोल से जीत दर्ज की. कार्यक्रम का उद्घाटन जिला परिषद उपाध्यक्ष किशुन यादव ने किया. उन्होंने कहा कि बेटियों को खेल के क्षेत्र में आगे लाने के लिए ऐसे आयोजन जरूरी हैं. खेल से अनुशासन, स्वास्थ्य और आत्मविश्वास विकसित होता है. किशुन यादव ने भरोसा दिलाया कि वे हमेशा खेलों को बढ़ावा देने और खिलाड़ियों के समर्थन में तत्पर रहेंगे. आयोजन में कई जनप्रतिनिधि, समाजसेवी और ग्रामीणों ने भाग लिया. मैच के सफल आयोजन में क्लब के अध्यक्ष कुलदीप राम और उनकी टीम की अहम भूमिका रही.

### चोरी की बाइक बरामद : दो आरोपी गिरफ्तार

**कोडरमा।** पुलिस अधीक्षक अनुदीप सिंह को गुप्त सूचना मिली थी कि चंदवारा थाना कांड संख्या-72/25, दिनांक 31.08.2025 के अंतर्गत चोरी गई बाइक को अपराधी जामुखांडी के झीगा लाइन होटल से लगभग 100 मीटर आगे झाड़ियों में छिपाकर खपाने की तैयारी कर रहे हैं. इस सूचना पर त्वरित कार्रवाई करते हुए थाना प्रभारी चंदवारा के नेतृत्व में एक विशेष टीम गठित की गई. पुलिस टीम ने छापेमारी कर मौके से चोरी की हीरो पैशन प्रो (काला रंग) मोटरसाइकिल, संख्या जेएच 02यू 9679 बरामद कर ली. साथ ही दो आरोपियों को गिरफ्तार किया गया, जबकि एक नाबालिग को विधि विरुद्ध किशोर के रूप में निरूद्ध किया गया.

### केरेडारी दुर्गापूजा महासमिति का पुनर्गठन, अरुण बने अध्यक्ष

**करेडारी।** केरेडारी चौक स्थित दुर्गमंडप प्रांगण में रविवार को दुर्गापूजा को लेकर श्रद्धालुओं की एक बैठक हुई, जिसकी अध्यक्षता कृष्णा महतो ने की. बैठक में पिछले वर्षों की भांति इस वर्ष भी भव्य पंडाल, आकर्षक विद्युत सजावट और सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित करने का निर्णय लिया गया. साथ ही दुर्गापूजा महासमिति का पुनर्गठन किया गया. सर्वसम्मति से अरुण कुमार यादव को लगातार दूसरी बार अध्यक्ष मनोनीत किया गया. वहीं, अनिल कुमार साहा, दुर्गानारायन सिंह, अमित कुमार, सतीश कुमार, गौतम सिंह को उपाध्यक्ष, मुकेश कुमार साव को महासचिव, विकास कुमार को सचिव और सरजू महतो को कोषाध्यक्ष नियुक्त किया गया.

# एशियन हेरिटेज फाउंडेशन, नागपुरी साहित्य संस्कृति मंच और लोक अखरा ने किया करम मिलन समारोह का आयोजन

शुभम संदेश । गुमला



गुमला के टैंसेरा स्थित एशियन हेरिटेज फाउंडेशन के नागपुरी गीत-संगीत एवं नृत्य प्रशिक्षण केंद्र में नागपुरी साहित्य सांस्कृतिक मंच, लोक अखरा एवं फाउंडेशन की संयुक्त पहल से करम मिलन समारोह का भव्य आयोजन किया गया. यह कार्यक्रम करम पर्व के पावन अवसर पर नागपुरी भाषा, संस्कृति एवं परंपरा के संरक्षण और संवर्धन के उद्देश्य से आयोजित किया गया था. इस आयोजन में गीत, संगीत एवं नृत्य के माध्यम से अपनी समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को जीवित रखने का संदेश दिया गया.

समारोह के मुख्य अतिथि, नागपुरी विभाग, रांची विश्वविद्यालय के विभागाध्यक्ष डॉ. उमेश नंद तिवारी ने अपने संबोधन में कहा कि नागपुरी भाषा का एक अन्य नाम सादरी है. उन्होंने बताया कि छोटा नागपुर क्षेत्र की मातृभाषा नागपुरी ही है, जिसे स्थानीय लोग सादरी भाषा के नाम से भी जानते हैं. डॉ. तिवारी ने स्पष्ट किया कि नागपुरी और सादरी दोनों एक ही भाषा के दो नाम हैं, जिसका उद्भव छोटा नागपुर के प्रथम राजा मदरा मुंडा के समय हुआ था. उन्होंने आधुनिक युग में इस भाषा के साथ हो रहे भेदभाव और भाषाई राजनीति की निंदा की. उन्होंने कहा कि नागपुरी भाषा को समाप्त करने के लिए कई षड्यंत्र रचे जा रहे हैं, जिनमें विदेशी फंडिंग की भी भूमिका बताई जा रही है. यह सब एक बड़ी साजिश का हिस्सा है, जिसका उद्देश्य इस भाषा और इससे जुड़ी संस्कृति को खत्म करना है.

डॉ. तिवारी ने भाषाई संरक्षण के महत्व पर जोर देते हुए कहा कि जब किसी भाषा का प्रयोग समाज में कम हो जाता है, तो वह धीरे-धीरे मृत्यु की ओर बढ़ती है और उसके साथ समाज की संस्कृति भी समाप्त होने लगती है. उन्होंने डॉ. बीपी केसरी के कथन का उल्लेख करते हुए कहा, ₹मातृभाषा हमारी जीभ है, यदि वह नहीं रही तो हम बोल नहीं पाएंगे.

कार्यक्रम की विषयवस्तु की शुरुआत नागपुरी साहित्य संस्कृति मंच की संस्थापक सचिव डॉ. शकुंतला मिश्र ने की, जिन्होंने उपस्थित जनों का स्वागत करते हुए नागपुरी भाषा की गरिमा एवं महत्व पर प्रकाश डाला. उन्होंने वर्ष 2026 में होने वाले जनगणना में नागपुरी भाषा को एक अलग और मान्यता प्राप्त भाषा के रूप में दर्ज कराने की अपील की. उन्होंने कहा कि भाषा के माध्यम से शिक्षा के विकास और सरकारी सेवाओं में स्थान पाने के लिए निरंतर प्रयास जरूरी है.

कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे डॉ. कृष्ण कलाधर, नागपुरी सांस्कृतिक साहित्य मंच के जिला अध्यक्ष अवध मनी पाठक तथा बलदेव शर्मा ने भी अपनी-अपनी बातें साझा करते हुए नागपुरी भाषा और करम पर्व के ऐतिहासिक एवं सांस्कृतिक महत्व को दर्शाया. उन्होंने कहा कि करम पर्व केवल एक त्यौहार नहीं बल्कि हमारी संस्कृति और एकता का प्रतीक है, जिसे बचाए रखना हम सभी की जिम्मेदारी है. करम मिलन समारोह के अंतर्गत महावीर साहु के नेतृत्व में रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन भी किया गया, जिसमें लक्ष्मीकांत शर्मा, अजय किशोर नाथ पांडेय, कृष्ण पौराणिक, शशि कला पौराणिक, किशोर कुमार मिश्रा, अनूप अधिकारी, बसंत पाल सिंह जैसे नागपुरी प्रेमी शामिल हुए और अपनी प्रस्तुति से उपस्थित जनमानस का मन मोह लिया. कार्यक्रम का सफल संचालन रामनाथ साहू ने किया.

यह करम मिलन समारोह नागपुरी भाषा, साहित्य और सांस्कृतिक विरासत को संरक्षित रखने के लिए एक महत्वपूर्ण कदम माना गया. इस अवसर पर उपस्थित सभी साहित्यकारों, कलाकारों और सांस्कृतिक कार्यकर्ताओं ने इस भाषा की शोषित स्थिति से बाहर निकालने और इसे नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने का संकल्प लिया. उन्होंने इस बात पर भी जोर दिया कि आने वाले समय में नागपुरी भाषा को जनगणना में सही ढंग से मान्यता दिलाना बेहद आवश्यक है ताकि इसकी पहचान और सम्मान कायम रहे.

इस प्रकार, करम मिलन समारोह ने नागपुरी भाषा और संस्कृति के संरक्षण एवं संवर्धन की दिशा में एक सकारात्मक संदेश दिया, जो आने वाली पीढ़ियों के लिए एक मजबूत आधार बनेगा.

## एक नजर

### संकल्प : हर जरूरतमंद तक पहुंचे सरकारी योजनाएं



**सिमडेगा** । छोटानागपुर कल्याण निकेतन (सीकेएन) द्वारा बोलबा और बांसजोर प्रखंडों में "योजना से जुड़ाव अभियान" चलाया जा रहा है. इस अभियान के तहत संस्था के कार्यकर्ता गांव-गांव जाकर उन परिवारों की पहचान कर रहे हैं जो अब तक सरकारी योजनाओं से वंचित हैं. इन्हें वृद्धा, विधवा एवं दिव्यांग पेंशन, आयुष्मान भारत कार्ड, ई-श्रम कार्ड और राशन कार्ड जैसी जनकल्याणकारी योजनाओं से निःशुल्क जोड़ा जा रहा है. संस्था की सचिव प्रियंका सिन्हा ने बताया कि अब तक 227 से अधिक परिवारों को योजनाओं से जोड़कर लाभान्वित किया गया है. उनका संकल्प है कि कोई भी जरूरतमंद परिवार इन योजनाओं से वंचित न रह जाए.

### बोलेरो से पांच मवेशी बरामद, एक तस्कर गिरफ्तार

**सिमडेगा।** पुलिस अधीक्षक एम. अर्शी को मिली गुप्त सूचना के आधार पर सदर थाना पुलिस ने रविवार देर रात बड़ी कार्रवाई की. खूंटीटोली के पास वाहन चेकिंग अभियान के दौरान एक बोलेरो वाहन को रोकने की कोशिश की गई, लेकिन पुलिस को देखते ही वाहन तेज गति से भागने लगा. पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए बीरू के पास बोलेरो को रोक लिया. वाहन से दो लोग भागने लगे, जिनमें से एक को पुलिस ने पकड़ लिया. उसकी पहचान सिसई थाना क्षेत्र निवासी शमशाद अंसारी के रूप में हुई है. तलाशी के दौरान बोलेरो से पांच प्रतिबंधित मवेशी बरामद किए गए. पुलिस ने वाहन और मवेशियों को जब्त कर लिया है और फरार तस्कर की तलाश में छापेमारी अभियान जारी है. सदर थाना प्रभारी रोहित कुमार रजक ने बताया कि मामले की जांच गहनता से की जा रही है और पशु तस्करी में शामिल अन्य लोगों की पहचान की जा रही है.

### सिमडेगा में शौण्डिक समाज का एक दिनी कार्यक्रम



**सिमडेगा।** जिला शौण्डिक सूंड़ी संघ के तत्वावधान में रविवार को टुकुपानी स्थित शौण्डिक भवन में एक दिवसीय सामाजिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया. कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष अरविंद प्रसाद ने की. इस दौरान समाज में बढ़ रहे अत्याचार, दहेज प्रथा और बेटियों पर हो रही हिंसा पर गंभीर चिंता जताई गई.विशेष रूप से छत्तीसगढ़ रायपुर में समाज की बेटी दीपाली साहू की हत्या की घटना की कड़ी निंदा की गई और इस मामले में न्याय दिलाने के लिए संघर्ष का संकल्प लिया गया. प्रदेश महासचिव योगेंद्र प्रसाद ने दहेज प्रथा के खिलाफ समाज को एकजुट होने का आह्वान किया और महिलाओं से बहू को बेटी का दर्जा देने की अपील की. बैठक में सामाजिक कुरीतियों को समाप्त करने और बेटियों की सुरक्षा के लिए सामूहिक पहल पर जोर दिया गया. साथ ही निर्णय लिया गया कि जरूरत पड़ने पर दोषियों को सजा दिलाने हेतु आंदोलन भी किया जाएगा.कार्यक्रम में विभिन्न जिलों के प्रतिनिधियों सहित समाज के सैकड़ों लोग शामिल हुए.

### लोहरदगा में राधास्वामी संगठन की महत्वपूर्ण बैठक

**लोहरदगा।** रविवार को लोहरदगा जिले में राधास्वामी संगठन की महत्वपूर्ण बैठक संपन्न हुई. इस बैठक में सेन्ट्रल जोन प्रभारी सतीश कुमार शर्मा और जिला जोन प्रभारी संतोष कुमार तिवारी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे. उन्होंने संगठन की नई योजनाओं और सुविधाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी.बैठक में राष्ट्रीय अध्यक्ष दीपक जी के जन्मदिन के अवसर पर चार पहिया वाहनों पर 70% डिस्काउंट देने की जानकारी दी गई. इसके अलावा रजिस्ट्रेशन, इंश्योरेंस और प्रोसेसिंग फीस में 50% की छूट भी दी जाएगी. ग्राहक द्वारा दिया गया पैसा पांच वर्षों में खाते में वापस कर दिया जाएगा, जिससे वाहन लगभग मुफ्त में गिफ्ट के रूप में प्राप्त होगा.

### 'डहर' पत्रिका ने किया लोकगीत कार्यक्रम का आयोजन



**जलडेगा।** शहीद विलियम लुगुन युवा मोर्चा द्वारा प्रकाशित बहुभाषी त्रैमासिक पत्रिका 'डहर' की ओर से करम परब की पूर्व संध्या पर आदिवासी एवं क्षेत्रीय भाषाओं में ऑनलाइन लोकगीत प्रस्तुति कार्यक्रम का आयोजन किया गया. कार्यक्रम की शुरुआत अमर जे भारती के परिचय वक्तव्य से हुई, जबकि मंच संचालन दिव्या मुर्मू ने किया और अध्यक्षता खोरठा गीतकार अशोक महतो ने की. कार्यक्रम में सुरेन्द्र बिरजिया (बिरजिया), सत्यनारायण मुंडा व रचना होरो (मुण्डारी), वंदना सोरेंग (खड़िया), लक्ष्मण उरांव व प्रियंका उरांव (कुड़ुख), अमित करमाली (खोरठा), मोनिका सिंह (भूमिज), रामदेव बड़ाइक (नागपुरी) ने लोकगीत प्रस्तुत किए. अंत में अशोक महतो ने करम पर्व की विशेषता बताई और खोरठा लोकगीत प्रस्तुत किया. कार्यक्रम का समापन डॉ. कृष्णा गोप के धन्यवाद ज्ञापन से हुआ. डॉ. अनुज लुगुन ने सफल आयोजन के लिए सभी को आभार प्रकट किया.

### 19 रैयतों के बीच पंजी-2 सुधार प्रमाण पत्र वितरित



**इटकी।** उपायुक्त मंजूनाथ भजंत्री के निर्देशानुसार इटकी अंचल में आयोजित समारोह में 19 लाभुकों के बीच पंजी-2 सुधार कर प्रमाण पत्र वितरित किए गए. 1 से 10 अगस्त तक परिशोधन पोर्टल पर प्राप्त आवेदनों का सत्यापन कर प्रमाण पत्र वितरित किए गए. प्रमाण पत्र प्राप्त करने वालों में अंगना उरांव, नन्हे उरांव, धूलिया उरांव, अर्जुन गुड़ाईत, मंगल महली, शिव उरांव, शिवा उरांव, अशफाक आलम, धनेश्वर महतो, बीबी फातिमा समेत अन्य लाभुक शामिल थे. यह पहल भूमि दस्तावेजों के पारदर्शी सुधार की दिशा में अहम कदम बताया जा रहा है.

### समिति ने पिपरवार जीएम को सौंपा आमंत्रण पत्र



**पिपरवार।** सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के कल्याणपुर गांव में 16 से 18 सितंबर तक आयोजित होने वाले ऐतिहासिक जितिया जतरा मेला आयोजन को लेकर कल्याणपुर जितिया जतरा मेला समिति के सदस्यों ने सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के महाप्रबंधक संजीव कुमार से मुलाकात की. इस अवसर पर समिति ने महाप्रबंधक को मेला के उद्घाटन समारोह में बतौर अतिथि शामिल होने के लिए आमंत्रण पत्र सौंपा. समिति के सदस्यगणों ने जीएम को इस मेले के महत्व और उसकी तैयारी के बारे में बताया. महाप्रबंधक संजीव कुमार ने उद्घाटन समारोह में शामिल होने की सहमति जताई और मेला को भव्य बनाने पर विचार साझा किया. बैठक में टंडवा प्रमुख रीना कुमारी, आशिक अली उर्फ बढ़ो मियां, शिवशंकर साव, अलेक्जेंडर तिग्गा, निर्मल उरांव, बालेश्वर उरांव, धनेश्वर गंझू, अर्जुन गंझू, सुरेश करमाली, योगेश्वर भोक्ता आदि उपस्थित थे.

### छह दिनी खस्सी टूर्नामेंट 12 सितंबर से रातू में

**रातू।** यंग आदिवासी क्लब, रातू के तत्वावधान में छह दिवसीय फुटबॉल खस्सी टूर्नामेंट का आयोजन 12 सितंबर से छोटानागपुर हाई स्कूल मैदान में किया जा रहा है. टूर्नामेंट में कुल 32 टीमें भाग लेंगी और फाइनल मैच 17 सितंबर को खेला जाएगा. टूर्नामेंट में भाग लेने के लिए प्रवेश शुल्क 5,100 रुपये तय किया गया है, जिसकी अंतिम तिथि 5 सितंबर रखी गई है. प्रथम पुरस्कार विजेता टीम को 41 हजार रुपये नगद और एक बड़ा खस्सी मिलेगा, द्वितीय पुरस्कार के रूप में 25 हजार रुपये और एक छोटा खस्सी, तृतीय पुरस्कार में 15 हजार रुपये और एक खस्सी, जबकि चतुर्थ पुरस्कार पाने वाली टीम को 10 हजार रुपये और एक खस्सी दिया जाएगा.

## उपायुक्त प्रेरणा दीक्षित ने जनभागीदारी से हरित गुमला की परिकल्पना साकार करने की अपील की



**गुमला** । एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम के तहत गुमला जिले ने 1.15 लाख पौधारोपण कर पूरे झारखंड में पहला स्थान हासिल किया है. झारखंड शिक्षा परियोजना परिषद के अंतर्गत संचालित इस अभियान में विद्यालयों के इको क्लब ने जिला प्रशासन एवं वन प्रमंडल गुमला के सहयोग से स्कूल परिसरों, मुख्य मार्गों, सार्वजनिक स्थलों और बच्चों के घरों में पौधे लगाए.उल्लेखनीय है कि एक ही दिन में 12,459 पौधे लगाकर गुमला ने राज्य स्तर पर कीर्तिमान स्थापित किया. "हरित विद्यालय, हरित गुमला" के नाम से चल रही साप्ताहिक गतिविधि में 1.20 लाख पौधारोपण का लक्ष्य रखा गया था, जिसमें अब तक 1.15 लाख पौधे रोपे जा चुके हैं.अभियान के तहत बच्चों को प्रमाण पत्र भी दिए गए हैं, जिससे उनमें प्रकृति संरक्षण के प्रति उत्साह बढ़ा है.

- हरित विद्यालय, हरित गुमला : 1.15 लाख पौधरोपण कर राज्य में प्रथम स्थान पर पहुंचा गुमला जिला

## पूर्व भूमि संरक्षण पदाधिकारी संजय कुमार के खिलाफ उच्च न्यायालय में याचिका दायर, भ्रष्टाचार के गंभीर आरोप

**रांची / लोहरदगा।** भूमि संरक्षण विभाग में कथित भ्रष्टाचार और अनियमितता को लेकर पूर्व पदाधिकारी संजय कुमार राम के खिलाफ झारखंड उच्च न्यायालय, रांची में रिट याचिका दाखिल की गई है. याचिका संख्या डब्ल्यूपीसी 8993/2025, रजिस्ट्रेशन नंबर 4771/2025 में राज्य सरकार, उपायुक्त लोहरदगा, संजय कुमार राम और कनीय अभियंता को पक्षकार बनाया गया है. पानी पंचायत के लाभुकों – दिगंबर भगत, सोमारी देवी, नूतन कुजूर, लुरन उरांव, मंगरू कुजूर, मुख्तार अंसारी, जमाल अंसारी, कार्तिक सिंह और बुधवा लोहरा ने आरोप लगाया कि विभाग में घूसखोरी, फाइलों की हेरा-फेरी और शोषण चरम पर है. याचिकाकर्ताओं के अनुसार, विभाग द्वारा करोड़ों रुपये की योजनाओं में जानबूझकर भुगतान नहीं किया गया, जबकि कई लाभुकों से पहले ही घूस ली जा चुकी थी.पूर्व पदाधिकारी पर आरोप है कि उन्होंने सरकारी फाइलें अपने निजी निवास पर रखीं, बिचौलियों के माध्यम से लाभुकों से वसूली करवाई और बिना घूस दिए हुए कामों की प्रशासनिक स्वीकृति रोक दी.

## सरस्वती शिशु विद्या मंदिर की चमकदार उपलब्धि

**लोहरदगा।** जिले में आयोजित 17वीं जिला स्तरीय ताइक्वांडो चैंपियनशिप में सरस्वती शिशु विद्या मंदिर, बड़की चाँपी के खिलाड़ियों ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए बालक वर्ग में द्वितीय स्थान प्राप्त किया. यह प्रतियोगिता 29 एवं 30 अगस्त 2025 को अमृत पैलेस, लोहरदगा में आयोजित हुई थी, जिसमें जिले भर से 350 खिलाड़ियों ने भाग लिया. विद्यालय के खिलाड़ियों के इस प्रदर्शन ने पूरे विद्यालय परिवार को गौरवांवित किया है. खिलाड़ियों का नेतृत्व जिला ताइक्वांडो कोच अरविंद यादव द्वारा किया गया. उनके मार्गदर्शन में विद्यार्थियों ने अनुशासन, मेहनत और समर्पण का परिचय देते हुए यह सफलता अर्जित की. प्रतिभागियों को जिला खेल पदाधिकारी द्वारा ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया.

## चेहल्लुम मेले का आयोजन, उमड़ी हजारों की भीड़

**रातू** । हुरहुरी गांव में हजरत इमाम हुसैन के चेहल्लुम मेले का भव्य आयोजन नौजवान मुहर्रम कमेटी की ओर से किया गया. मेले में हजारों की भीड़ उमड़ी और श्रद्धा एवं उत्साह के साथ आयोजन में भाग लिया. अस्त्र-शस्त्र चालन प्रतियोगिता में दर्जनों गांवों के अखाड़ाधारियों ने हैरतअंगेज खेलों का प्रदर्शन कर दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया. विजेताओं को कमेटी द्वारा सम्मानित किया गया. अतिथियों को पगड़ी और बैच पहनाकर स्वागत किया गया. मेले में मिठाई, खिलौने, चाऊमीन, झूले सहित कई आकर्षण रहे. आयोजन में कई सामाजिक व राजनीतिक प्रतिनिधि उपस्थित रहे. सुरक्षा के लिए प्रशासन की ओर से पुख्ता व्यवस्था की गई थी.

## शिक्षा संस्कृति उत्थान न्यास का प्रांतीय कार्यक्रम संपन्न

**नामकुम** । विद्याभारती कार्यालय में शिक्षा संस्कृति उत्थान न्यास का प्रांतीय कार्यक्रम संपन्न हुआ. कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में विद्याभारती के राष्ट्रीय मंत्री ब्रह्मा जी राव ने कहा कि यदि भारत को विश्वगुरु बनाना है तो छात्रों को भारतीय ज्ञान परंपरा व विरासत से जोड़ना होगा.

## 30 महिलाएं सशक्तीकरण प्रशिक्षण के लिए हवाई मार्ग से गुजरात रवाना

# उपायुक्त की अनूठी पहल से सामाजिक बदलाव की उम्मीद

निर्मल सिंह । गुमला



महिला सशक्तिकरण की दिशा में गुमला जिला प्रशासन ने एक महत्वपूर्ण कदम उठाया है. रविवार को 30 ग्रामीण महिलाएं तीन दिवसीय विशेष प्रशिक्षण के लिए गुजरात के आनंद स्थित इंस्टिट्यूट ऑफ रूलर मैनेजमेंट के लिए हवाई मार्ग से रवाना हुईं. यह पहल जिला उपायुक्त श्रीमती प्रेरणा दीक्षित की दूरदर्शी सोच का परिणाम है. उन्होंने स्पष्ट किया कि महिलाओं को जिले से बाहर भेजने का उद्देश्य केवल एक्सपोजर विजिट नहीं, बल्कि उनके व्यक्तित्व में सकारात्मक बदलाव लाना है.

उपायुक्त ने कहा कि यात्रा महिलाओं को नए अनुभवों और सामाजिक परिवेश से अवगत कराएगी, जिससे वे अपने जीवन और व्यवसाय को और अधिक सशक्त बना सकेंगी. उनका मानना है कि एक शिक्षित महिला पूरे परिवार की भलाई का आधार होती है और आने वाली तीन पीढ़ियों को इसका लाभ मिलता है.

गुमला से चयनित अधिकांश महिलाएं पहले कभी जिले से बाहर नहीं गई थीं. जो महिलाएं पहले दूसरे राज्यों में मजदूरी के लिए मजबूर थीं, आज वे सरकारी योजनाओं के माध्यम से खेती, स्वरोजगार और अन्य क्षेत्रों में आत्मनिर्भर बन रही हैं. इस प्रशिक्षण से उनके जीवन में और सकारात्मक बदलाव की उम्मीद जताई जा रही है.

डीडीसी श्री दिलेश्वर महतो, जिला कल्याण पदाधिकारी एवं अन्य अधिकारियों ने महिलाएं को परिसदन भवन से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया. रांची एयरपोर्ट पर भी उपायुक्त प्रेरणा दीक्षित ने उपस्थित रहकर महिलाओं को मंगलमय यात्रा की शुभकामना दी. उन्होंने कहा कि गुमला अब नक्सलवाद, पलायन और ट्रैफिकिंग जैसी समस्याओं से दूर हटकर महिला सशक्तिकरण और सामाजिक बदलाव की नई पहचान बना रहा है.

## छोटनापगपुरिया तेली समाज की जिला कार्यसमिति की घोषणा, नई कमेटी को किया गया उत्साहित



**गुमला** । छोटनागपुरिया तेली उत्थान समाज की जिला कार्यसमिति की रविवार को तेली छात्रावास गुमला में बैठक हुई, जिसमें अध्यक्ष कलिंद्र साहू ने जिला समिति का विस्तार करते हुए नई कार्यसमिति की घोषणा की.

नई कार्यसमिति में रामेश्वर साहू और रामकृष्ण ओहदार को महासचिव, लीलांबर साहू को उपाध्यक्ष, शिवचरण साहू एवं हफिंद्र साहू को प्रवक्ता, गणेश साहू को संगठन मंत्री, बहुरा ओहदार को कोषाध्यक्ष और हीरा साहू को मुख्य संरक्षक बनाया गया. मुनेश्वर कुमार साहू, भूपन साहू, श्यामसुंदर साहू सहित कई अन्य सदस्य सलाहकार समिति में शामिल हैं. विधि सलाहकार के रूप में अधिवक्ता श्रवण साहू, रामेश्वर साहू, मैनेजर साहू, ज्योति कुमार साहू और रवि प्रकाश साहू नियुक्त किए गए. जिला युवा कमेटी में शिवनारायण साहू को सचिव, वीरेंद्र साहू को उपाध्यक्ष सह कोषाध्यक्ष और बलराम साहू को उपाध्यक्ष बनाया गया. महिला समिति के संयोजक के रूप में श्रीमती अंजना साहू को जिम्मेदारी दी गई.

## लोहरदगा : राज्यकर्मियों की मांगें पूरी करवाने के लिए सार्थक पहल करेंगे : सांसद सुखदेव भगत



**लोहरदगा** । मुख्यमंत्री उत्कृष्ट विद्यालय नदिया हिंदू, लोहरदगा में रविवार को ₹कर्मचारी शक्ति समागम सह अभिनंदन समारोह₹ का आयोजन किया गया. इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सांसद सुखदेव भगत शामिल हुए. समारोह की शुरुआत दीप प्रज्वलन से की गई और आयोजकों द्वारा सांसद का गर्मजोशी से स्वागत किया गया. समारोह में राज्यकर्मियों की विभिन्न समस्याओं को प्रमुखता से उठाया गया. मांग की गई कि शिक्षक संवर्ग को भी एमएसीपी का लाभ मिले, केंद्रीय कर्मियों की तर्ज पर शिशु शिक्षण भत्ता पुनः लागू हो, राज्य कर्मियों की सेवानिवृत्ति की आयु 62 वर्ष की जाए तथा एनपीएस में जमा राशि को वापस लाने की दिशा में ठोस कदम उठाए जाएं. साथ ही, राज्य प्रशासनिक सेवा की सीमित प्रतियोगिता परीक्षा में सभी राज्यकर्मियों को अवसर देने की मांग भी रखी गई. सांसद सुखदेव भगत ने सभी मांगों को जायज बताया और भरोसा दिलाया कि वे केंद्र व राज्य सरकार से इन मांगों को लेकर सार्थक पहल करेंगे ताकि राज्यकर्मियों को उनका उचित हक मिल सके.

**अनदेखी** इटकी यक्ष्मा आरोग्यशाला में आउटसोर्सिंग से बाहरी लोगों की बहाली

# शांतिपूर्ण प्रदर्शन करते हुए अधीक्षक को मांग पत्र सौंपा

शुभम संदेश । इटकी



इटकी यक्ष्मा आरोग्यशाला में आउटसोर्सिंग से की जा रही बहाली में स्थानीय अभियर्थियों की अनदेखी कर बाहरी लोगों को बहाल करने के विरोध में समाजसेवी राजकुमार तिर्की के नेतृत्व में शनिवार को प्रखंड के सभी समुदाय लोगों ने शांतिपूर्ण प्रदर्शन करते हुए अधीक्षक को मांग पत्र सौंपा.

मांग पत्र में बताया गया है कि विभाग द्वारा परिचारिका के 20, एक्सरे टेकनीशियन 1,फार्मासिस्ट 2, स्वीपर के 14,धोबी 3,चालक 1, इलेक्ट्रीशियन 1,एमटीएस 5,और डाटा इंट्री ऑपरेटर 1 की बाहली होनी है. इस बहाली में पेसा कानून और स्थानीय रोजगार नीति का घोर उल्लंघन किया गया है. आरोप लगाया कि सिविल सर्जन, आरोग्यशाला प्रशासन एवं आउटसोर्सिंग एजेंसी के मिलीभगत से अवैध पैसे की उगाही कर बाहरी लोगों की नियुक्ति की जा रही है. प्रदर्शन में शामिल ग्रामीणों ने चेताया है कि बाहरी लोगों की नियुक्तियों को तत्काल रद्द कर स्थानीय लोगों प्राथमिकता देते हुए बहाल किया जाए, अन्यथा इटकी प्रखंड के ग्रामीण उग्र आंदोलन करने को बाध्य होंगे जिसकी सारी जिम्मेदारी आरोग्यशाल प्रशासन की होगी. मौके पर आरोग्यशाला प्रशासन पर भ्रष्टाचार का आरोप लगाते हुए तिर्की ने जमादार की नियुक्ति पर भी सवाल उठाए. कहा कि जमादार की नियुक्ति में आरोग्यशाला प्रशासन ने सारे नियमों को ताक में रख कर एसटी के लिए आरक्षित जमादार के पद पर गैर एसटी वर्ग से जमादार नियुक्त कर दिया गया है.

मौके पर जिप सदस्य रीना देवी, मुखिया रीता देवी, विनय उरांव, इस्लाहुल इराकिन के सचिव हाजी मोइनुद्दीन,भाजपा मंडल अध्यक्ष राजेश्वर महतो, ग्राम प्रधान सुधीर उरांव, सुका उरांव, खुर्शीद अंसारी, संजय महतो, सईद अंसारी, हर्षवर्धन पांडे, रशीद आलम, मो अमानुल्लाह, अनील लकड़ा, रंजीत तिग्गा, प्रभात केरकेट्टा सहित दर्जनों ग्रामीण मौजूद थे.

## विधायक प्रतिनिधि को सुनाई ग्रामीणों ने व्यथा

**गुमला** । जिला के पालकोट प्रखंड अंतर्गत तिलायडीह गांव में रविवार को ग्रामीणों की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई. लंबे समय से जर्जर सड़क की समस्या झेल रहे ग्रामीणों का धैर्य अब टूट चुका है. कोनकेल से तिलायडीह तक की सड़क की बदहाल स्थिति को लेकर ग्रामीणों ने विधायक भूषण बाड़ा के प्रतिनिधि मनीष हिंदुस्तान सहित अन्य जनप्रतिनिधियों को बैठक में आमंत्रित कर अपनी पीड़ा साझा की. बैठक में ग्रामीणों ने बताया कि आजादी के आठ दशक और झारखंड गठन के 25 वर्ष बीतने के बावजूद गांव मूलभूत सुविधाओं से वंचित है. सबसे गंभीर समस्या सड़क की है, जो पूरी तरह से गड्ढों में तब्दील हो चुकी है. बरसात के मौसम में इस सड़क पर चलना किसी चुनौती से कम नहीं होता.

- तिलायडीह गांव की जर्जर सड़क बनी लोगों के लिए सिरदर्द.

## मंथन

# उपराष्ट्रपति पद का चुनाव और लोकतंत्र की चुनौतियां

उपराष्ट्रपति पद के उम्मीदवार बी. सुदर्शन रेड्डी का रांची दौरा समर्थन जुटाने की औपचारिक कवायद नहीं था, बल्कि यह लोकतंत्र की मौजूदा चुनौतियों पर गंभीर विमर्श का अवसर भी साबित हुआ. मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और गठबंधन दलों का समर्थन पाना उनके लिए निश्चित रूप से सियासी मजबूती का संदेश है. सोरेन ने स्पष्ट कहा कि विपक्षी दल साझा रणनीति के साथ चुनावी मैदान में उतरेंगे और रेड्डी की जीत पक्की करेंगे. रेड्डी ने बात की शुरुआत झामुमो संस्थापक शिबू सोरेन को श्रद्धांजलि देकर की, जिससे संकेत गया कि उनकी राजनीति केवल पद प्राप्ति तक सीमित नहीं, बल्कि जल-जंगल-जमीन जैसे अस्मिता के मुद्दों से भी जुड़ी है. वहीं, केंद्र सरकार पर उन्होंने जो आरोप लगाए, वह आज का सबसे कड़ा सच है-संविधान की अनदेखी, नफरत की राजनीति और असहमति को दबाने की प्रवृत्ति. हेमंत सोरेन की गिरफ्तारी का हवाला देकर उन्होंने सवाल उठाया कि क्या लोकतंत्र अब केवल सत्ता पक्ष की सुविधा तक सीमित रह गया है? सबसे महत्वपूर्ण बात इलेक्टोरल बॉन्ड और राजनीतिक फंडिंग पर उनका हमला है. बड़े कॉरपोरेट घरानों द्वारा राजनीतिक दलों को करोड़ों का चंदा देना न सिर्फ चुनावी निष्पक्षता को प्रभावित करता है, बल्कि सत्ता और पूंजी के गठजोड़ को भी मजबूत बनाता है. रेड्डी का संदेश साफ है-लोकतंत्र को बचाना है तो संविधान की आत्मा को समझना होगा और चुनावी राजनीति को पारदर्शी बनाना होगा. उपराष्ट्रपति चुनाव इस विमर्श को आगे बढ़ाने का अवसर है, जिसे विपक्षी दल एकजुट होकर भुनाना चाहते हैं.

## नजरिया

# झारखंड में न्याय का संदेश और व्यवस्था की बड़ी सच्चाई

रांची सीबीआई की विशेष कोर्ट द्वारा पूर्व मंत्री एनोस एक्का, उनकी पत्नी मेनन एक्का और अन्य दोषियों को सजा सुनाया जाना केवल एक व्यक्ति विशेष पर कार्रवाई नहीं है, बल्कि यह व्यवस्था को आईना दिखाने वाली घटना है. लंबे समय से झारखंड में यह आरोप लगता रहा है कि सत्ता और पद के दुरूपयोग से जमीन लूटी गई. सीएनटी एक्ट, जिसका उद्देश्य आदिवासियों की जमीन की रक्षा करना था, उन्हीं कानूनों को तोड़कर जमीन कारोबार का माध्यम बना दिया गया. एनोस एक्का पहले भी पारा टीचर हत्याकांड, मनी लॉन्ड्रिंग और आय से अधिक संपत्ति मामलों में दोषी ठहराए जा चुके हैं. अब चौथा मामला है, जिसने साबित किया कि सत्ता का दुरूपयोग किसी व्यक्ति की निजी संपत्ति बढ़ाने का जरिया बना. उनकी पत्नी के नाम से बड़े पैमाने पर जमीन खरीदना और तत्कालीन एलआरडीसी की मदद से नियमों को ताक पर रखना, इस बात का प्रमाण है कि तंत्र भी इसका हिस्सा था. सात साल की सजा और जुर्माने का आदेश केवल सजा भर नहीं है, बल्कि यह संदेश है कि चाहे पद कितना भी बड़ा हो, कानून से कोई ऊपर नहीं. फिर भी, यह सवाल कायम है कि ऐसे अपराध सामने आने में 15 साल क्यों लगते हैं? जब तक जांच और ट्रायल में तेजी नहीं आएगी, जनता का विश्वास पूरी तरह बहाल नहीं हो पाएगा. अदालत का यह फैसला स्वागतयोग्य है, लेकिन इसे एक अवसर मानते हुए शासन-प्रशासन को यह सुनिश्चित करना होगा कि भविष्य में आदिवासी जमीन की लूट दोबारा न हो.

# हिंदी साहित्य के महान सेवी फादर कामिल बुल्के



**01 सितंबर हिंदी के मर्मज्ञ फादर कामिल बुल्के की 116वीं जयंती पर विशेष**

**विजय केसरी**

हिंदी के विद्वान फादर कामिल बुल्के का संपूर्ण जीवन हिंदी साहित्य को समर्पित रहा. उन्होंने देश में प्रचलित जिस भी भाषा में भगवान राम के चरित्र का वर्णन था, गहराई से अध्ययन किया. इसके बाद ही उन्होंने अपने शोध ग्रंथ में भगवान राम के विराट व अद्वितीय व्यक्तित्व का वर्णन किया. अर्थात उन्होंने भगवान राम के जीवन पर लिखने के क्रम में देश के समस्त भाषाओं को भी जोड़ने का भी काम किया. आज दक्षिण भारत सहित कई अन्य प्रदेशों में हिंदी के विरुद्ध एक साजिश रची जा रही है. संस्कृत का भी उन्होंने गहराई से अध्ययन किया था. जब समस्त देशीय भाषाओं की जननी संस्कृत है, तब हिंदी से इतनी नफ़रत क्यों? इस बात को समझने की जरूरत है. क्या मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान राम सिर्फ हिंदी भाषियों के देवता हैं ? भाषा की राजनीति से ऊपर उठकर देश की सभी भाषाओं को गले लगाने की जरूरत है. फादर कामिल बुल्के का जन्म आज से 116 वर्ष पूर्व बेल्जियम में हुआ था. बचपन से ही कामिल बुल्के दार्शनिक प्रवृत्ति के व्यक्ति थे. वे बाल्यकाल से ही कम बोलते थे. बचपन से ही एक प्रतिभा शील बालक रहे. उनका दयावान और करुणा शीलता का यह स्वभाव जीवन के अंतिम क्षणों तक बना रहा था थे. वे हमेशा दूसरों की मदद के लिए आगे रहते थे. उनके इसी स्वभाव ने बाद के कालखंड में उन्हें फादर बना दिया. उनके चेहरे पर एक विशेष आभा झलकती रहती थी. फादर कामिल बुल्के का यह मधुर स्वभाव हर मिलने वालों को अपना बना लेता था.

फादर कामिल बुल्के का जन्म बेल्जियम में जरूर हुआ, लेकिन उनकी मौत भारत में 72 वर्ष की उम्र में हो गई थी. हिंदी के प्रति उनकी रुचि हिंदी साहित्य अध्ययन से के उपरांत हुई थी .जब उनका साक्षात्कार संत तुलसीदास के रामचरित मानस से हुआ, तब वे राम चरित मानस से ऐसा जुड़े, कि जीवन भर उसी से जुड़े रहे. उन्होंने गहराई के साथ रामचरितमानस का अध्ययन किया. रामचरितमानस के अध्ययन के उपरांत संपूर्ण देश में प्रचलित रामायण के विविध ग्रंथों का भी अध्ययन किया . उन्होंने यह प्रतिपादित किया कि इस धरा के आदि पुरुष के रूप में भगवान राम जाने जाते रहे हैं. और आगे भी जाने जाते रहेंगे. फादर कामिल बुल्के की जीवन यात्रा विचित्रता से भरी हुई है. बेल्जियम की जमीन ने उन्हें पालपोस कर बड़ा जरूर किया. लेकिन भारत वर्ष उनकी कर्म भूमि के रूप में हमेशा याद की जाती रहेगी. वे 26 वर्ष की उम्र में बेल्जियम से भारत एक मिशनरी के रूप में ईसाई धर्म का प्रचार करना आये थे. लेकिन यहां आकर मृत्यु पर्यंत हिन्दी, तुलसीदास व महर्षि वाल्मीकि के भक्त बन कर रहे थे . फादर कामिल बुल्के ने दर्ज किया कि जब वे भारत आये तो उन्हें यह देखकर दुख व आश्चर्य हुआ कि अनेक शिक्षित लोग अपनी सांस्कृतिक परंपराओं से अनजान थे. भारतवासी इंगलिश बोलने में गर्व महसूस करते थे.

फादर कामिल बुल्के अंग्रेजी के भी प्रकांड विद्वान थे. अंग्रेजी उनकी मातृभाषा थी. फिर भी उनका हिंदी प्रेम देखकर समस्त देशवासियों को गौरव महसूस करना चाहिए. फादर कामिल बुल्के का जब हिंदी साहित्य से साक्षात्कार हुआ, जब उन्होंने हिंदी रूपी साहित्य सागर में गोता लगाना शुरू किया, तब वे हिंदी साहित्य सागर की गहराई देखकर आश्चर्य चकित रह गए. उसी समय उन्होंने यह ठान लिया था कि भारत की समृद्ध और सुदृढ़ भाषा साहित्य से भारत वासियों को परिचित कराऊंगा. उन्होंने हिंदी साहित्य का विराट अध्ययन किया. उन्होंने निश्चय किया कि अब उनकी कर्मभूमि भारत है और भारत को जानने और समझने के लिए उन्हें यहां की भाषा सीखनी व समझनी होगी. संस्कृत में लिखित बाल्मिकी कृत रामायण का भी उन्होंने गहराई से अध्ययन किया था. फादर कामिल बुल्के ने 1940 में हिंदी साहित्य सम्मेलन प्रयाग से विशारद की परीक्षा पास की जिसके लिये उन्हें पुजारी की उपाधि दी गई थी. फादर कामिल बुल्के ने इसके बाद कलकत्ता विवि से संस्कृत में मास्टर की डिग्री ली. उन्होंने 1945 में इलाहाबाद विवि से हिंदी साहित्य में डॉक्टरेट की डिग्री ली. फादर कामिल बुल्के का शोध ग्रंथ राम कथा की उत्पत्ति और विकास वैज्ञानिकता और तार्किकता पर आधारित भगवान राम का चरित्र चित्रण है. उनका शोध साबित करता है कि भगवान राम वाल्मीकि के कल्पित पात्र नहीं बल्कि इतिहास पुरुष थे. उनके इस शोध ग्रंथ ने पहली बार कई उद्धरणों से साबित किया कि राम कथा भारत की नहीं अंतरराष्ट्रीय कथा है. वियतनाम से लेकर इंडोनेशिया तक यह कथा फैली हुई है. इस तरह का शोध करने वाले फादर कामिल बुल्के अंतरराष्ट्रीय स्तर के पहले शोधार्थी थे.

**फादर कामिल बुल्के ने राम को एक वैश्विक महापुरुष होने का दर्जा प्रदान किया. उन्होंने राम कथा की उत्पत्ति और विकास के अलावा हिंदी पर कई शोध ग्रंथ लिखे. उनका हिंदी अंग्रेजी शब्द कोष किसी परिचय का मोहताज नहीं है.**

उन्होंने राम को एक वैश्विक महापुरुष होने का दर्जा प्रदान किया था.फादर कामिल बुल्के ने राम कथा की उत्पत्ति और विकास के अलावा हिंदी भाषा पर कई शोध ग्रंथ लिखे हैं . उनका हिंदी अंग्रेज़ी शब्द कोष किसी परिचय का मोहताज नहीं हैं. भारत सरकार ने फादर कामिल बुल्के को हिंदी साहित्य की सराहनीय सेवा के लिए देश का तीसरा सबसे बड़ा सम्मान पद्म भूषण से 1974 में सम्मानित किया. हिंदी साहित्य की कई केंद्रीय समितियों में भी वे नामित रहे थे. फादर कामिल बुल्के ने हिंदी में ग्रेजुएशन रांची विश्वविद्यालय से किया था. वे रांची के सेंट जेवियर्स कालेज के हिंदी व संस्कृत के विभागाध्यक्ष थे. एक प्राध्यापक के रूप में उन्होंने विद्यार्थियों के लिए जो कुछ भी किया, सभी शिक्षकों के लिए अनुकरणीय है. उन्हें महाविद्यालय से जो तनख्वाह मिलती थी, उसमें से गरीब विद्यार्थियों की पढ़ाई में भी मदद किया करते थे. शेष तनख्वाह की राशि यात्रा और शोध पर खर्च किया करते थे.

यह मेरा सौभाग्य रहा कि कई बार फादर कामिल बुल्के से मिलने का अवसर प्राप्त हुआ. कई बार सीधे उनके भाषणों को सुना. संत तुलसीदास की जयंती पर रांची में उन्होंने जो यादगार भाषण दिया था आज भी श्रोताओं के दिलो दिमाग में स्थापित है. फादर कामिल बुल्के ने हिंदी साहित्य को अपने रचनाकर्म से और भी समृद्ध शाली बना दिया था. आज उन पर समस्त हिंदी के भाषियों को गर्व है.

## आज का इतिहास

- **1858 :** ईस्ट इंडिया के निदेशकों की अंतिम बैठक लंदन में आयोजित हुई.
- **1878 :** एम्मा एम नट्ट अमेरिका में पहली महिला टेलीफोन ऑपरेटर बनी थीं.
- **1909 :** हिंदी साहित्यकार और शब्दकोश बनाने वाले फ़ादर कामिल बुल्के का जन्म.
- **1942 :** रास बिहारी बोस ने इंडियन नेशनल आर्मी की स्थापना की.
- **1947 :** भारतीय मानक समय की शुरुआत.
- **2000 :** चीन ने तिब्बत होते हुए नेपाल जाने वाले अपने एकमात्र रास्ते को बंद किया.
- **2018 :** जकार्ता एशियाई खेलों में मुक्केबाज अमित पांघल ने स्वर्ण पदक जीता.
- **2018 :** प्रणब और शिबनाथ ने जकार्ता एशियाई खेलों की ब्रिज का स्वर्ण पदक जीता.
- **2020 :** पूर्व राष्ट्रपति प्रणब मुखर्जी का दिल्ली में पूरे राजकीय सम्मान के साथ अंतिम संस्कार किया गया. 31 अगस्त को उनकी मौत हुई थी.

## चिंतन

# मान लीजिए, दुनिया में संषोष से बड़ा कोई धन नहीं होता

राजा महेंद्र हर वर्ष अपने राज्य में एक प्रतियोगिता का आयोजन करते थे, जिसमें हजारों प्रतियोगी आते थे और विजेता को पुरस्कार दिया जाता था. एक दिन राजा ने सोचा कि प्रजा की सेवा को बढ़ाने के लिए उन्हें एक राजपुरुष चाहिए,जो बुद्धिमान हो और समाज के कार्य में योगदान दे. उन्होंने नियुक्ति के लिए एक प्रतियोगिता आयोजित करने का फैसला किया. दूर-दूर से लाखों प्रतियोगी आए हुए थे. राजा ने प्रतियोगिता के लिए बड़ा-सा उद्यान बनवाया, जिसमें दरबार की सभी कीमती वस्तुएं थीं, सभी सामग्री थी, लेकिन किसी भी वस्तु के सामने मूल्य नहीं लिखा था. प्रतियोगिता शुरू हुई. राजा ने घोषणा की, कि जो भी व्यक्ति इस उद्यान से सबसे कीमती वस्तु लेकर आएगा, उसे ही राजपुरुष बनाएंगे. सभी उद्यान में सबसे अमूल्य वस्तु तलाशने में लग गए, हीरे-जवाहरात लाते, कई सोने-चांदी, कई लोग पुस्तकें, तो कोई भगवान की मूर्ति, और जो बहुत गरीब थे वे रोटी, क्योंकि उनके लिए वही सबसे अमूल्य थी. सब अपनी क्षमता के अनुसार मूल्य को सबसे ऊपर आंकते हुए राजा के सामने उसे पेश करने में लगे हुए थे. तभी एक नौजवान राजा के सामने खाली हाथ उपस्थित हुआ. राजा ने उस नौजवान से पूछा- नौजवान, क्या तुम्हें कोई भी वस्तु अमूल्य नजर नहीं आई? तुम खाली हाथ कैसे आए हो? राजन! मैं खाली हाथ कहां आया हूं,मैं तो अमूल्य धन उस उद्यान से लाया हूं.नौजवान बोला. तुम क्या लाये हो? राजा ने पूछा. मैं संतोष लेकर आया हूं महाराज! नौजवान ने कहा. क्या, संतोष, सबसे मूलयवान है? - राजा ने पुनः पूछा. जी हां! इस उद्यान में अनेक अमूल्य वस्तुएं हैं पर वे सभी इंसान को क्षण भर के लिए सुख प्रदान कर सकती हैं. इनको प्राप्त कर लेने के बाद मनुष्य और ज्यादा पाने की इच्छा मन में उत्पन्न कर लेता है अर्थात इन सबको हासिल करने के बाद इंसान को ख़ुशी तो होगी लेकिन वह क्षण भर के लिए ही होगी। लेकिन संतोष धन से इंसान अपनी असल जिंदगी में सच्चे सुख की अनुभूति और अपनी सभी भौतिक इच्छाओं पर नियंत्रण कर सकेगा. नौजवान ने शांत स्वर में उत्तर देते हुए कहा.


राजा ने नौजवान को लाखों लोगों में चुना और उसे राजपुरूष के लिए सम्मानित किया गया.

## X इंडिया पर ट्रेंडिंग




1. श्री राधा
2. #राधा_अष्टमी
3. #RadhaAshtami
4. #UPTribalEmpowerment
5. #RajasthanKePremJi
6. #MannKiBaat
7. Spiritual Powerhouse
8. पूर्व राष्ट्रपति
9. भारत रत्न
10. प्रणब मुखर्जी

# बहुरंग




# 'जॉली एलएलबी 3' का दूसरा गाना 'ग्लास ऊंची राखे' रिलीज, दर्शकों का बना फेवरेट

कोर्टरूम की जंग से पहले ही 'जॉली एलएलबी 3' का म्यूज़िक दर्शकों के बीच जबरदस्त क्रेज़ बना चुका है. पहले रिलीज़ हुआ गाना 'भाई वकील है' जहां स्वैग और मस्ती से भरा हुआ था, वहीं अब फिल्म का दूसरा ट्रैक 'ग्लास ऊंची राखे' डांस फ्लोर पर आग लगाने आ चुका है. यह गाना रिलीज़ के कुछ ही घंटों में सोशल मीडिया और म्यूज़िक प्लेटफॉर्म्स पर ट्रेंड करने लगा और हर पार्टी-लवर्स की पहली पसंद बन गया. इस गाने को विक्रांत मोंट्रोज़ ने कंपोज़ किया है, जिन्होंने तेज़ बीट्स और हाई-एनर्जी के साथ इसे ऐसा बनाया है कि सुनते ही पैर थिरकने लगते हैं. गाने में धड़कते बीट्स और जोशीले साउंड इफेक्ट्स पार्टी फ्लोर को एनर्जी से भर देते हैं. गाने के बोल मेघा बाली ने लिखे हैं, जिन्होंने अपने शब्दों में मस्ती, जोश और इंटरनेट-फ्रेंडली वाइब्स का शानदार तड़का लगाया है. यही वजह है कि रिलीज़ के तुरंत बाद गाना दर्शकों की जुबान पर चढ़ गया. गाने को और भी ख़ास बनाती हैं इसमें इस्तेमाल की गई आवाज़ें, मेघा बाली, चन्ना घुमन, करण कापड़िया और विक्रांत मोंट्रोज़. इन चारों की एनर्जेटिक परफॉर्मेंस ने इस गाने को सीज़न का परफेक्ट पार्टी एंथम बना दिया है. सिर्फ गानों से ही नहीं, बल्कि फिल्म की स्टारकास्ट से भी दर्शकों का एक्साइटमेंट दोगुना हो चुका है. अक्षय कुमार और अरशद वारसी पहली बार आमने-सामने नज़र आने वाले हैं, जहां दोनों अपने-अपने वकील किरदारों में कोर्टरूम में भिड़ेंगे. इनके साथ हुमा कुरैशी, अमृता राव और सौरभ शुक्ला भी अहम भूमिकाओं में दिखाई देंगे. सौरभ शुक्ला अपने जज त्रिपाठी के अंदाज़ में एक बार फिर दर्शकों को हंसी और गहराई का कॉम्बो देने वाले हैं. स्टार स्टूडियो 18 के बैनर तले बनी और सुभाष कपूर के निर्देशन में तैयार यह फिल्म एंटरटेनमेंट, कोर्टरूम ड्रामा और म्यूज़िकल हिट्स का ज़बरदस्त कॉम्बो लेकर आ रही है. फिल्म का निर्माण आलोक जैन और अजीत अंधारे ने किया है. 19 सितंबर 2025 को 'जॉली एलएलबी 3' सिनेमाघरों में रिलीज़ होगी.



# गणपति उत्सव में दूल्हा भाई के मंचन ने खूब हंसाया

## वरिष्ठ सांस्कृतिक कर्मी आलोक रस्तोगी को श्रद्धांजलि स्वरूप हास्य नाटक का मंचन

- नाटक से पूर्व वरिष्ठ सांस्कृतिक कर्मी आलोक रस्तोगी को महाराष्ट्र लोक सेवा मण्डल एवं विनोद रस्तोगी स्मृति संस्थान की ओर से श्रद्धांजलि अर्पित की गई . इस दौरान रस्तोगी के परिवार के समस्त सदस्य उपस्थित रहे .

**प्रयागराज ।** विनोद रस्तोगी स्मृति संस्थान, प्रयागराज के कलाकारों की ओर से महाराष्ट्र लोक सेवा मण्डल अलोपीबाग के गणेशोत्सव की सांस्कृतिक संध्या में रविवार की शाम "दूल्हा भाई" मंचित किया गया. मूल मराठी हास्य नाटक का गंगाधर परांजपे की ओर से किया गया हिन्दी रूपांतरण नाटक दर्शकों को हंसाता गुदगुदाता रहा. नाटक से पूर्व वरिष्ठ सांस्कृतिक कर्मी आलोक रस्तोगी को महाराष्ट्र लोक सेवा मण्डल एवं विनोद रस्तोगी स्मृति संस्थान की ओर से श्रद्धांजलि अर्पित की गई. इस दौरान रस्तोगी के परिवार के समस्त सदस्य उपस्थित रहे.

कथानक स्वयं में ही हास्य उत्पन्न करता है जब एक के बाद एक होने वाली घटनाएं एक ओर मंच पर ऊहापोह की स्थिति पैदा करती हैं, वहीं दर्शकों को गुदगुदाती हैं और ठहाके लगाने पर मजबूर कर देती हैं. पति और पत्नी अपने-अपने जानने वालों को बेटी की शादी के लिए उसे देखने को बुलाते हैं और दोनों परिवार एक ही समय पर आ धमकते हैं. अब तरह-तरह के बहाने और गड़बड़ी को ढंकने तोपने की कोशिशें स्वतः ही हास्य उत्पन्न करती है. दोनों लड़के भरपूर कोशिश करते हैं लड़की को रिझाने की. इस क्रम में वो एक से बढ़ कर एक मूर्खताएं करते जाते हैं. विभिन्न परिस्थितियों से गुज़रते हुए नाटक एक सुखद अन्त की ओर बढ़ता है, जहां दूल्हा बनता है कोई और. नाटक में स्वप्न दृश्य अत्यंत प्रभावी रहे तथा नाटक ने दर्शक दीर्घ को खूब आनंदित किया. दूल्हा भाई में मंच पर भाग लेने वाले कलाकार थे अभिलाष नारायण, निवेदिता दास गुप्ता, आशू, तुषार सौरभ, मधुरिमा बोस, प्रतीक कु. सिंह, गजेन्द्र यादव, शुभम श्रीवास्तव एवं अनुज कुमार. मंच परे लाइट सुजॉय घोषाल, संगीत दिव्यांश राज गुप्ता, शुभम वर्मा एवं परिकल्पना व निर्देशन अजय मुखर्जी का रहा.



# पवन सिंह ने अंजलि राघव से मांगी माफी

भोजपुरी सिनेमा के सुपरस्टार पवन सिंह इन दिनों विवादों में घिरे हुए हैं. हाल ही में उनका एक वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है, जिसमें वे अभिनेत्री अंजलि राघव के साथ अनुचित तरीके से पेश आते नजर आ रहे हैं. अंजलि ने कुछ दिन पहले ही पवन की इस हरकत पर नाराज़गी जताते हुए भोजपुरी इंडस्ट्री छोड़ने का ऐलान किया था और इसके लिए उन्होंने सोशल मीडिया पर एक वीडियो भी शेयर किया था. अब इस मामले पर पवन सिंह की प्रतिक्रिया सामने आई है, उन्होंने अंजलि से माफी मांगी है. पवन सिंह ने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी पर लिखा, अंजलि जी, व्यस्त शेड्यूल की वजह से मैं आपका लाइव नहीं देख पाया. जब मुझे इस बारे में पता चला तो मुझे बेहद अफसोस हुआ. मेरा आपके प्रति कोई गलत इरादा नहीं था, क्योंकि हम कलाकार हैं. इसके बावजूद अगर मेरे किसी भी व्यवहार से आपको ठेस पहुंची हो, तो मैं दिल से माफी मांगता हूं. पवन की इस माफी के तुरंत बाद अंजलि राघव ने भी अपनी प्रतिक्रिया दी. अंजलि राघव ने अपनी ओर से लिखा, पवन सिंह जी ने अपनी गलती मानकर माफी मांग ली है. वह मुझसे बड़े और वरिष्ठ कलाकार हैं मैंने उन्हें माफ कर दिया है. मैं इस मुद्दे को अब और आगे नहीं बढ़ाना चाहती. जय श्री राम. गौरतलब है कि अंजलि एक मशहूर हरियाणवी डांसर, अभिनेत्री और मॉडल हैं. उन्होंने कई सुपरहिट हरियाणवी म्यूजिक एल्बम में काम किया है.




आचार्य प्रणव मिश्रा
मोबाइल नंबर 8210075897

**मेष :** जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा. समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है. कल का परिश्रम आज लाभ देगा. कामकाज में आ रही बाधा दूर होगी. बाहरी और अंदरूनी सहयोग मिलता चला जाएगा. पर प्रपंच में ना पड़कर अपने काम पर ध्यान दीजिए. आत्मीय श्रेष्ठता बनेगी. शुभांक-2-5-6

**वृष :** हित के काम में आ रही बाधा मध्याह्न पश्चात दूर हो जाएगी. मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी. श्रेष्ठजनों की सहानुभूतियां होगी. अपने हितैषी समझे जाने वाले ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे. अपने काम आसानी से बनते चले जाएंगे. शुभांक-3-6-7

**मिथुन :** कहीं रुका हुआ पैसा वसूलने में मदद मिल जाएगी. व्यर्थ प्रपंच में समय नहीं गंवाकर अपने काम पर ध्यान दीजिए. कार्यक्षेत्र में आगे बढ़ने में रुकावट का एहसास होगा. विरोधियों के सक्रिय होने की संभावना है. दैनिक सुख-सुविधा में वृद्घि होगी. ज्ञानार्जन का वातावरण बनेगा. शुभांक-3-5-7

**कर्क :** किसी से कहा सुनी न हो यही ध्यान रहें. शुभ कार्यों की प्रवृत्ति बनेगी और शुभ समाचार मिलेंगे. कुछ एकाग्रता की प्रवृत्ति बनेगी. लाभकारी गतिविधियों में सक्रियता रहेगी. कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा. धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी. मनोरथ सिद्घि का योग है. शुभांक-4-7-8

**सिंह :** अपने हितैषी समझे जाने वाले ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे. अपना काम दूसरों के सहयोग से पूरा होगा. ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं. समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है. जरा-सी लापरवाही आपको परेशानी में डाल सकती हैं. शुभांक-3-5-7

**कन्या :** संयमित भाषा का इस्तेमाल करें. कुछ कार्यक्रम बदलने होंगे. सब्र का फल मीठा होता है. अतः धैर्य रखें व अच्छे समय इन्तजार करें. कर्म प्रधान विचार धारा बनाये रखें. शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे. काम में लगे रहें लाभ होगा. राजकीय कार्यों से लाभ. शत्रु से सावधान रहें. शुभांक-1-3-5

**तुला :** महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा. आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी. कामकाज में आ रही बाधा दूर होगी. बाहरी और अंदरूनी सहयोग मिलता चला जाएगा. लेन-देन में आ रही बाधा को दूर करने के प्रयास सफल होंगे. समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा. शुभांक-2-4-6

**वृश्चिक :** स्वास्थ्य उत्तम रहेगा. परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी. व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी. बुरी संगति से बचें. नौकरी में सावधानीपूर्वक कार्य करें. अपनों का सहयोग प्राप्त होगा. पत्नी व संतान पक्ष से थोड़ी चिंता रहेगी. शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें. शुभांक-3-4-5

**धनु :** पठन-पाठन में स्थिति कमजोर रहेगी. अपने अधीनस्त लोगों से कम सहयोग मिलेगा. संतान पक्ष की समस्या समाप्त होगी. खान-पान में सावधानी रखें. व्यापार में प्रगति होगी. भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है. शिक्षा में आशानुकूल कार्य होने में संदेह है. पत्नी का परामर्श लाभदायक रहेगा. शुभांक-2-4-7

**मकर :** व्यापार व नौकरी में स्थिति अच्छी रहेगी. आलस्य का त्याग करें. सच्चाई का सहारा लें कार्यसिद्घि होगी. आर्थिक लाभ उत्तम रहेगा. शैक्षणिक कार्यों में रुचि बढ़ेगी. परिवार में किसी मांगलिक कार्य पर वार्ता होगी. स्वास्थ्य उत्तम रहेगा. लेन-देन में अस्पष्टता ठीक नहीं. समय आपके पक्ष का बना रहेगा. शुभांक-3-5-7

**कुंभ :** जो चल रहा हैं उसे सावधानीपूर्वक संभालें. कार्यक्षेत्र में आगे बढने में रुकावट का एहसास होगा. ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं. समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है. कार्यक्षेत्र में आगे बढने में रुकावट का एहसास होगा. विरोधियों के सक्रिय होने की संभावना है. शुभांक-2-4-6

**मीन :** मध्याह्न से ही आशाएं बलवती होंगी. महत्वपूर्ण कार्यों को आज ही निपटा लें, उसके बाद समय व्ययकारी सिद्घ होगा. भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है. व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी. संतोष रखने से सफलता मिलेगी. नौकरी में स्थिति सामान्य ही रहेगी. कोई निजी चिंता आपको परेशान कर सकती है. शुभांक-1-3-5



## जॉब के लिए इन चीजों की कुर्बानी कभी न दें

हम आठ से दस घंटे जॉब करते हैं और वह भी अपना पूरा सौ प्रतिशत देकर। आप भले ही अपने जॉब से कितना भी प्यार क्यों न करते हों लेकिन आपको अपने व्यक्तिगत और व्यावसायिक जीवन में सीमा बनाकर रखने की जरूरत होती है। अगर हम ऐसा नहीं करेंगे तो हमारा काम, हमारा स्वास्थ्य, हमारा निजी जिंदगी प्रभावित होगी। आइए जानते हैं कि ऐसी कौन सी 5 चीजें हैं जिसे आपको अपने जॉब के लिए कभी कुर्बान नहीं करना चाहिए।

### आपका स्वास्थ्य

यह बहुत ही मुश्किल होता है कि काम के समय आप अपने स्वास्थ्य के लिए सीमा तैयार कर लें क्योंकि आपको इसके दुष्प्रभाव का अंदाज ही नहीं होता। आप तनाव का स्वागत करते हैं, नींद खो देते हैं और बिना व्यायाम के लंबे समय पर बैठकर काम करते हैं। जब तक आपको इस बारे में पता चलेगा आपकी हालत खराब हो चुकी होगी। इसलिए इस बात को सुनिश्चित कर लें कि आपकी जॉब के कारण आपके हेल्थ पर कोई गलत प्रभाव तो नहीं पड़ रहा है। कोई भी जॉब ऐसी नहीं है जिसकी कीमत आपके स्वास्थ्य से बढ़कर हो।

### आपका परिवार

यह बहुत ही आसान होता है कि आपका परिवार आपके जॉब के कारण प्रभावित हो रहा हो। हममें से कई लोग यह करते हैं क्योंकि हम हमारी नौकरी को हमारे परिवार का चलाने का साधन मानते हैं। आप यह सोचते हैं कि बच्चों को अच्छे कॉलेज-स्कूल में पढ़ाना है तो मुझे ज्यादा पैसा कमाना होगा। बस फिर क्या आप परिवार के साथ क्वॉलिटी टाइम भी नहीं बिता पाते। आप ऐसी कई मेमोरिज मिस कर देते हैं जो आपके परिवार को खुशियां देती है।

### आपका विवेक

वह जॉब जो आपके विवेक का एक छोटा सा हिस्सा भी ले ले तो यह आपके लिए अच्छा नहीं है। आपका विवेक कुछ ऐसा है कि इसे आपको ही मॉनिटर करना होगा और खुद को हेल्दी रखने के लिए सीमाएं तय करनी होगी।

### आपकी पहचान

जब आपका काम आपकी पहचान का महत्वपूर्ण हिस्सा है तो यह खतरनाक साबित हो सकता है कि आपकी पूरी पहचान केवल आपका काम ही हो। अपनी पहचान के बाहर का काम कर के आपको सुखद एहसास होगा। यह आपके तनाव दूर करने में मदद करेगा और एक व्यक्ति के रूप में विकास करने में मददगार साबित होगा।

### आपके संपर्क

आपके संपर्क आपकी मेहनत और प्रयास का उत्पाद है। किसी भी जॉब की खातिर आप अपने अच्छे संपर्क सूत्रों से मुंह नहीं मोड़ सकते हैं।



# इस तरह बना सकते हैं ग्रह, नक्षत्रों में करियर

**इन दिनों युवाओं में ज्योतिष की पढ़ाई को लेकर भी खूब क्रेज है। बाजार में ज्योतिषियों की बढ़ती मांग को देखते हुए युवाओं को इसमें भविष्य संवारने का सुनहरा मौका दिया है। ज्योतिष कोर्स को लेकर युवाओं के बढ़ते रुझान को देखते हुए यह एक बेहतरीन करियर विकल्प बन गया है। पिछले कुछ सालों में इस फील्ड में काफी स्कोप बढ़ा है। यही नहीं ज्योतिष के साथ पूजा-पाठ में करियर का व्यापक प्रचार-प्रसार हो रहा है। जहां लोग अपना भविष्य जानना चाहते हैं, वहीं ग्रह-नक्षत्र को शांत करने के लिए धार्मिक अनुष्ठान कराते हैं।**

कुंडली मिलान से लेकर, मांगलिक कार्य, शादी ब्याह, पंचांग, राशिफल, अंकविज्ञान, कर्मकांड आदि भी इसी दायरे में आते हैं। ज्योतिष, पूजा-पाठ के कई तरह के कोर्स उपलब्ध है। 12 वी करने के बाद भी आप इस क्षेत्र में करियर बना सकते हैं। स्नातक ऑनर्स या शास्त्री की डिग्री तीन साल की होती है। दो साल का पीजी कोर्स या आचार्य की डिग्री हासिल की जा सकती है। आप पीएचडी भी कर सकते हैं। ज्योतिष अलंकार कोर्स के लिए 12वीं पास होना जरूरी है। इसके बाद आप ज्योतिषाचार्य का कोर्स कर सकते हैं। ज्योतिष और अध्यात्म के साथ-साथ पूजा-पाठ में करियर का व्यापक प्रचार-प्रसार हो रहा है। जहां लोग अपना भविष्य जानना चाहते हैं, वहीं ग्रह-नक्षत्र को शांत करने के लिए भी धार्मिक अनुष्ठान कराते हैं। अधिकतर संस्थानों और विश्वविद्यालयों में संस्कृत के साथ ही ज्योतिष विज्ञान, कर्मकांड, धर्मशास्त्र, व्याकरण, वेद, पुरोहित आदि की पढ़ाई होती है। वेद, व्याकरण, साहित्य, ज्योतिष, वैदिक दर्शन, जैन-बुध्द दर्शन, धर्मशास्त्र मीमांसा, धर्मागम आदि का अध्ययन संस्कृत विषय के तहत ही किया जाता है। हालांकि कई संस्थानों में ज्योतिष प्रज्ञ में सर्टिफिकेट कोर्स तो ज्योतिष भूषण में डिप्लोमा कोर्स भी आयोजित कर रहे हैं।

### संभावनाएं

ज्योतिष में करियर बनाने के इच्छुक लोगों को रत्न, पत्थर, ग्रह-नक्षत्र के साथ भारतीय लोगों के दृष्टिकोण को पहचानने की क्षमता होनी चाहिए। इस क्षेत्र में कभी भी मंदी नहीं आती क्योंकि अधिकतर भारतीय पारंपरिक हैं और ज्योतिष पर विश्वास करते हैं। कोई भी व्यक्ति अखबार, न्यूज चैनलों के अलावा पत्रिकाओं में भविष्यवक्ता भी बन सकता है।

### स्किल्स

इस फील्ड में आप तभी सफल हो सकते है जब आप में लगातार कुछ न कुछ सीखने के गुण हो। आपका व्यक्तित्व आकर्षक हो, आप लोगों के साथ दोस्ताना रवैया रख सकें। केवल पैसा कमाना ही आपका मकसद न होकर दूसरों की सहायता करना भी होना चाहिए। ईमानदारी इस पेशे में काफी अहमियत रखती है। साथ ही, जिम्मेदारी की भावना भी आप में कूट-कूट कर भरी होनी चाहिए। लोगों को अपनी बातों से कंविंस करना इस फील्ड की मुख्य चुनौती है। आप अपनी बात हर समय तर्कयुक्त ढंग से रखें जिससे सामने वाला आपकी बातों पर हामी भरे। ज्योतिष सीखना और भविष्यवाणी करना आसान काम नहीं है। इसके लिए कठिन परिश्रम की आवश्यकता होती है।

### कोर्सेस

बीएससी इन एस्ट्रोलॉजी, एमएससी इन एस्ट्रोलॉजी, सर्टिफिकेट कोर्स इन एस्ट्रोलॉजी, डिप्लोमा कोर्स इन भारतीय ज्योतिष, बीएम/एमए/पीएचडी इन एस्ट्रोलॉजी, एमए इन संस्कृत रिसर्च इन एस्ट्रोलॉजी, कोर्स इन वेदांग ज्योतिष, टू ईयर ग्रेडेट कोर्स इन वैदिक एस्ट्रोलॉजी, एम इन एस्ट्रोलॉजी (पत्राचार), बीए (संस्कृत), ज्योतिष एमए (आचार्य), ज्योतिष बीए (संस्कृत), ज्योतिष फलित, ज्योतिष बीए (ज्योतिष), एमए (फलित ज्योतिष), एमए (सिध्दांत ज्योतिष), बीए शास्त्री (सिध्दांत ज्योतिष), बीए (फलित ज्योतिष), ज्योतिष डिप्लोमा कोर्स, ज्योतिष डिप्लोमा पुरोहित सर्टिफिकेट ट्रेनिंग कोर्स इन पुरोहित, पीजी डिप्लोमा इन वास्तुशास्त्र रिफेशर कोर्स इन ज्योतिष (ज्योतिष प्रज्ञ और ज्योतिष भूषण), ज्योतिष प्रवीण बेसिक एस्ट्रोलॉजी कोर्स (एक साल)।



# किस तरह क्वॉलिफाई कर सकते हैं सीसैट

**युवाओं में सिविल सर्विसेज की प्रिलिम्स, यानी सीसैट (सिविल सर्विसेज एप्टिट्यूड टेस्ट) बहुत मायने रखती है। अगर आपमें पैशन है, तो आप इस परीक्षा में अपनी योग्यता दिखाकर अच्छे अंक पा सकते हैं। जानते हैं सीसैट सहित सिविल सेवा परीक्षा से संबंधित कुछ सामान्य सवालों के जवाब।**

### सीसैट की तैयारी में कितना समय लगता है

सीसैट (प्रिलिम्स) में 2 ऑब्जेक्टिव टाइप सेक्शन होते हैं। पहला पेपर जनरल स्टडीज का और दूसरा पेपर एप्टीट्यूड टेस्ट का होता है। अगर उम्मीदवार प्रिलिम्स की तैयारी कर रहा है, तो उसे दोनों यानी जनरल स्टडीज पेपर 1 और जीएस मेन्स की तैयारी साथ में ही करनी चाहिए। जहां तक समय का सवाल है, तो प्रिलिम्स की तैयारी के लिए 6 से 8 महीने का समय लग जाता है। अगर उम्मीदवार सही तरीके से तैयारी करे, तो वह जीएस मेन्स का 60 से 70 प्रतिशत भाग कवर कर सकता है। इसके अलावा नोट्स बनाने भी बहुत जरूरी हैं। आपको सिलेक्शन पाने के लिए कुछ हटकर करना पड़ेगा।

### सीसैट व मेन्स का जीएस पेपर क्या एक-दूसरे से किसी तरह संबंधित हैं?

शायद ही इन दोनों में कुछ कॉमन हो। फिर भी, अगर हम इसकी गहराई में जाएं, तो एक संबंध देख सकते हैं कि अगर किसी उम्मीदवार की जीएस बहुत अच्छी है, तो यह उसे रीडिंग कम्प्रिहेंशन सेक्शन में मदद कर सकती है, जिससे सीसैट में कम से कम 40 से 60 प्रतिशत प्रश्न पूछे जाते हैं।

### सीसैट पेपर 1 और 2 के लिए विद्यार्थियों की रणनीति

पेपर 1 - इसके लिए सबसे जरूरी यह है कि उम्मीदवार एनसीईआरटी की पुस्तकों को बहुत अच्छे-से पढ़े। कक्षा 6 से 12 तक की हिस्ट्री, सिविक्स और जिओग्राफी को अच्छे से पढ़ें। कक्षा 9 से 12 तक की इकोनॉमिक्स का गहराई से अध्ययन करें और कक्षा 11 व 12 की सोशलॉजी पर फोकस करें। एनसीईआरटी बुक्स के साथ-साथ आपको एक अच्छा अखबार भी नियमित रूप से पढ़ना चाहिए। इसके अलावा वार्षिक बुक भी अच्छे से पढ़ें। आपको इकोनॉमिकल और पॉलिटिकल साप्ताहिक मैगजीन भी पढ़नी चाहिए।

पेपर 2 - इसके लिए आपको कक्षा 7 से 10 तक की मैथ्स पर बहुत अच्छा कमांड होना चाहिए। इसके अलावा रीजनिंग का बेसिक ज्ञान भी अच्छा होना चाहिए।

### करंट अफेयर्स के तहत किस तरह के प्रश्न पूछे जाते हैं?

जहां तक प्रिलिम्स का सवाल है, कुछ साल पहले तक करंट अफेयर्स से काफी प्रश्न पूछे जाते थे, लेकिन पिछले 2-3 सालों से इन प्रश्नों में कुछ कमी आई है। एक बात का हमेशा ध्यान रखें कि सिविल सर्विसेज एग्जाम का कोई स्पष्ट ट्रेंड नहीं होता है। करंट अफेयर्स के प्रश्न सीसैट में नहीं पूछे जाते, बल्कि मेन्स में पूछे जाते हैं। इसीलिए उम्मीदवारों को अपने आसपास की घटनाओं से अपडेट रहना चाहिए।

### सीसैट में एक सामान्य विद्यार्थी की सफलता की कितनी संभावना होती है?

2023 में लगभग 5 लाख उम्मीदवार इस परीक्षा के लिए बैठे थे, जिसमें 3.7 प्रतिशत ही सीसैट क्रैक कर पाए, जबकि करीब 80 प्रतिशत उम्मीदवार ऐसे भी थे, जो बहुत आश्वस्त थे अपने चयन को लेकर मगर वे प्रिलिम्स तक नहीं क्वॉलिफाई कर पाए। वास्तव में प्रतिस्पर्धा 20 प्रतिशत उम्मीदवारों के बीच ही थी। पिछले 5-6 साल से सक्सेस रेट 3-6 प्रतिशत रहा है। सीसैट कठिन तो है पर असंभव नहीं है। एक सामान्य विद्यार्थी भी कड़ी मेहनत करके सीसैट क्वॉलिफाई कर सकता है।



### क्या सीसैट क्वॉलिफाई करने के लिए कोचिंग जरूरी है?

कोचिंग जरूरी तो नहीं है, फिर भी अगर आप कोई कोचिंग ज्वॉइन करना चाहते हैं, तो बहुत सोच-समझकर ऐसा करें और हो सके तो उसी से मार्गदर्शन लें, जिसने खुद यह परीक्षा दी हो। कारण यह कि कई कोचिंग संस्थानों में फैकल्टी अच्छी नहीं होती।

# इन तरीकों से दूर कर सकते हैं अपनी कमजोरियां



कई बार हम बिना सोचे-समझे दूसरों की आलोचना कर देते हैं लेकिन ऐसा करते हुए हम यह नहीं सोचते कि इसका परिणाम क्या होगा। दूसरों की आलोचना पर ध्यान देने या उनकी कमियां निकालने में समय गवाने के बजाय हमें खुद को सशक्त बनाने पर ध्यान देना चाहिए। अपने आप को कमजोर या हीन समझने के बजाय यह देखें कि आखिर वह कौन-सी खासियत है, जो आपके भीतर है, जिसे आगे बढ़ाकर आप कामयाबी के शिखर की तरफ बढ़ सकते हैं। कभी भी यह न सोचें कि आपके भीतर कोई हुनर नहीं है।

अगर आपको लगता है कि वाकई कोई अच्छाई आपमें नहीं है, तो किसी निष्कर्ष पर पहुंचने से पहले जरा ठहरें। कुछ दिन पूरी एकाग्रता के साथ आत्म-मंथन करें। अपनी रुचियों, आदतों, व्यवहार, बातचीत, प्रतिक्रिया आदि पर ध्यान दें। आपको जरूर पता चल जाएगा कि आप में कौन-सी अच्छाई है। अगर फिर भी समझ में नहीं आता, तो घर के किसी समझदार सदस्य, अध्यापक या फिर काउंसलर की मदद से खुद की ताकत को जानें-समझें। इससे आपको अपनी पसंद के क्षेत्र में आगे बढ़ने में मदद मिलेगी।

### घबराएं न हार से

अगर आप कभी किसी परीक्षा या टेस्ट में फेल हो जाते हैं, किसी टीम का हिस्सा होते हुए भी बेहतर परफॉर्म नहीं कर पाते या फिर किसी वजह से शर्मिंदा होना पड़ता है, तो ऐसी स्थिति में भी धैर्य बनाए रखें। हताश बिल्कुल न हों। खुद को संयत रखें। फिर यह सोचें कि आखिर आप असफल क्यों हुए? आपसे कहां चूक हो गई? आपने गलती कहां की? अपनी हार या असफलता में छिपे कारणों को ढूंढें। जब तक आप उन कारणों को ढूंढकर उन्हें दूर करने का प्रयत्न नहीं करेंगे, कामयाबी आपसे दूर ही रहेगी। अगर आप खुद को विजेता के रूप में देखना चाहते हैं, तो अपनी कमियों-कमजोरियों को ढूंढकर उन्हें यथाशीघ्र दूर करें। याद रखें, दुनिया में ऐसे बहुत कम कामयाब लोग होंगे, जिन्होंने कभी असफलता का स्वाद नहीं चखा होगा। कामयाबी के शिखर पर पहुंच चुके तमाम लोगों को अपने प्रयासों में कई बार हार मिली।

चाहे बल्ब के आविष्कारक थॉमस एडिसन हों या फिर नए संसार की खोज में निकले कोलंबस और वास्को-डि-गामा जैसे लोग। बार-बार की असफलता के बावजूद ऐसे उत्साही लोगों ने उम्मीद का दामन नहीं छोड़ा। आखिर एक दिन ऐसा आ ही गया, जब उन्हें कामयाबी मिली और दुनिया भर ने उनका लोहा माना। अगर आप भी किसी परीक्षा या प्रतियोगिता में असफल हो जाते हैं, तो इसे जिंदगी का आखिरी इम्तेहान समझने के बजाय इस बात पर विचार करें कि आखिर किन कमियों के कारण आपको सफलता नहीं मिल सकी। इन कमियों को दूर कर फिर दोगुने उत्साह के साथ प्रयास करें।

### आत्ममुग्धता से बचें

अक्सर यह भी देखने में आता है कि छोटी-छोटी सफलताएं पाकर हम आत्ममुग्ध हो जाते हैं। इसका नतीजा यह होता है कि बड़े लक्ष्य को पाने के लिए किए जाने वाले हमारे प्रयास शिथिल पड़ने लगते हैं। कई बार हम खुद को बेहद काबिल मानकर यह सोच लेते हैं कि हमें सफलता तो मिल ही जाएगी। मगर जब ऐसा नहीं होता और असफलता हाथ लगती है, तो हमें शॉक लगता है। तब हमें एहसास होता है कि काश दूसरों की तारीफों के कारण हम आत्ममुग्धता के शिकार न हुए होते।


# क्या टी20 विश्व कप से पहले भारतीय टीम के मेंटर बनेंगे महेंद्र सिंह धौनी?

एजेंसियां। नयी दिल्ली

एशिया कप की शुरुआत में अब ज्यादा वक्त नहीं बचा है. नौ सितंबर से टूर्नामेंट का आगाज हो जाएगा, जिसमें सूर्यकुमार यादव भारतीय टीम का नेतृत्व करते नजर आएंगे. उनके डिप्टी शुभमन गिल होंगे. माना जा रहा है कि जिस 15 सदस्यीय स्क्वॉड को एशिया कप के लिए चुना गया है, वही टीम अगले साल होने वाले टी20 विश्व कप में भी खेलेगी. इससे पहले खबर आ रही है कि भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) पूर्व कप्तान महेंद्र सिंह धौनी को भारतीय टीम का मेंटर बना सकता है. इस पर अब पूर्व क्रिकेटर मनोज तिवारी का बयान आया है.







**बीसीसीआई ने धौनी को दिया ऑफर? मनोज तिवारी की प्रतिक्रिया :** दरअसल, क्रिकब्लॉगर ने बीसीसीआई के सूत्र के हवाले से दावा किया कि बोर्ड ने महेंद्र सिंह धौनी को मेंटर का रोल ऑफर किया है. रिपोर्ट में बताया गया कि, बीसीसीआई अपनी सभी राष्ट्रीय टीमों- सीनियर, जूनियर और संभवतः महिला टीम में धौनी की भागीदारी चाहता है. हालांकि, अब तक इस पर दोनों की तरफ से कोई आधिकारिक जानकारी सामने नहीं आई है.


### अपनी कप्तानी में दिलाए तीन आईसीसी खिताब

कैप्टन कूल के नाम से प्रसिद्ध रहे धौनी भारत के सबसे सफल कप्तान में से एक हैं. रांची से आने वाले धौनी ने भारत को अपनी कप्तानी में 2007 टी20 विश्व कप, 2011 वनडे विश्व कप और 2013 चैंपियंस ट्रॉफी का खिताब दिलाया था. धौनी भारत के एकमात्र कप्तान हैं जिनकी कप्तानी में टीम ने तीन आईसीसी खिताब जीते हैं. इसके अलावा उनके नेतृत्व में भारत ने 2010, 2016 में एशिया कप का खिताब भी जीता था. धौनी ने 2004 में बांग्लादेश के खिलाफ भारत के लिए डेब्यू किया था. 2020 में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट को कहा था अलविदा : धौनी को अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास लिए हुए करीब पांच साल हो गए हैं. धौनी ने भारत के लिए आखिरी मैच 2019 वनडे विश्व कप के सेमीफाइनल में खेला था. भारत वो मुकाबला हार गया था और टूर्नामेंट से बाहर हो गया था. इसके बाद धौनी ने भारत के लिए कोई मुकाबला नहीं खेला और फिर 15 अगस्त 2020 को अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास लेने का फैसला किया.

### काम आ सकता है धौनी का अनुभव

इस रिपोर्ट में आगे बताया गया कि बोर्ड का मानना है कि उनका मार्गदर्शन भारतीय क्रिकेटरों की अगली पीढ़ी को आकार देने में अहम भूमिका निभा सकता है. बीसीसीआई के एक सूत्र ने कहा, धौनी को फिर से भारतीय क्रिकेट का मेंटर बनने का प्रस्ताव दिया गया है.

इस पूरे मामले पर पूर्व क्रिकेटर मनोज तिवारी ने कहा, क्या उन्होंने (धौनी) फोन उठाया? क्योंकि फोन पर उनसे संपर्क करना मुश्किल है... पहली बात तो ये है कि वो इस भूमिका को स्वीकार करेंगे या नहीं... एक कप्तान और खिलाड़ी के तौर पर उनका अनुभव काफी काम आएगा, क्योंकि आज जो नए खिलाड़ी उभर रहे हैं और भारतीय टीम के स्टार बन रहे हैं, वो उन्हें काफी सम्मान देते हैं. एमएस धौनी और गौतम गंभीर की जोड़ी भी देखने लायक होगी. बता दें कि, धौनी को टी20 विश्व कप 2021 के लिए भारतीय टीम का मेंटर बनाया गया था.



## सात्विक और चिराग की जोड़ी सेमीफाइनल में हारी

एजेंसियां। पेरिस

सात्विक साईराज रंकीरेड्डी और चिराग की भारतीय जोड़ी को विश्व बैडमिंटन चैंपियनशिप के पुरुष युगल सेमीफाइनल में चीन के 11वें वरीय चेन बो यांग और लियू यी से हारा गई. इस हार के बाद उन्हें ब्रॉन्ज मेडल से संतोष करना पड़ा. भारत के लिए पदक सुनिश्चित करने के एक दिन बाद सात्विक और चिराग के पास विश्व चैंपियनशिप के फाइनल में पहुंचने वाली पहली भारतीय पुरुष युगल जोड़ी बनने का मौका था लेकिन 67 मिनट तक चले सेमीफाइनल मुकाबले में 19-21, 21-18, 12-21 से हारने के कारण उनका यह सपना पूरा नहीं हो पाया.भारतीय जोड़ी का विश्व चैंपियनशिप में यह दूसरा पदक है. इससे पहले उन्होंने 2022 में कांस्य पदक जीता था. एशियाई खेलों के चैंपियन सात्विक और चिराग ने क्वार्टर फाइनल में मलेशिया के दो बार के ओलंपिक पदक विजेता आरोन चिया और सोह वूई यिक को हराकर 2011 से लेकर अब तक इस टूर्नामेंट में पदक जीतने का भारत का सिलसिला जारी रखा था. सेमीफाइनल में हालांकि भारतीय टीम चीनी जोड़ी की कड़ी चुनौती का सामना नहीं कर सकी. इसके साथ ही टूर्नामेंट में भारत का अभियान भी समाप्त हो गया.

**एशिया कप हॉकी:** भारत की लगातार दूसरी जीत, फिर चमके हरमनप्रीत

# जापान को 3-2 से हराया

शुभम संदेश। राजगीर



बिहार के राजगीर में खेले जा रहे एशिया कप 2025 में भारतीय हॉकी टीम का शानदार प्रदर्शन जारी है. भारतीय टीम ने अपने दूसरे पूल मुकाबले में जापान को 3-2 से हरा दिया. रविवार को खेले गए इस मैच में भारत की ओर से कप्तान हरमनप्रीत सिंह (5वें मिनट और 46वें मिनट) ने दो गोल दागे. वहीं मनदीप सिंह (4वें मिनट) एक गोल करने में सफल रहे.
दूसरी ओर जापान के लिए कवाबे कोसेई (38वें मिनट और 59वें मिनट) ने दोनों गोल किए. जापान के खिलाफ मैच में भारतीय गोलकीपर कृष्ण बहादुर पाठक ने कुछ बेहतरीन बचाव किए. कृष्ण बहादुर का ये 150वां इंटरनेशनल मुकाबला था. बता दें कि भारतीय टीम ने अपने पहले मुकाबले में चीन को 4-3 से हराया था. अब भारतीय टीम अपने आखिरी पूल मुकाबले में सोमवार को कजाकिस्तान से भिड़ेगी.

**ऐसा रहा दोनों के बीच मुकाबला**
भारतीय टीम ने तूफानी शुरुआत की और पहले ही क्वार्टर में दो गोल दाग दिए. क्वार्टर के चौथे मिनट में ही मनदीप सिंह ने शानदार फील्ड गोल किया. अगले ही मिनट में कप्तान हरमनप्रीत सिंह ने पेनल्टी कॉर्नर पर गोल करके भारतीय टीम को 2-0 से आगे कर दिया. दूसरा क्वार्टर कांटेदार रहा, जहां दोनों टीमें कोई गोल नहीं कर सकीं. दोनों टीमों ने जरूर मौके बनाए, लेकिन गोल पोस्ट में गेंद डाल नहीं सकीं. हाफटाइम तक स्कोर भारत के पक्ष में 2-0 था.
तीसरे क्वार्टर में जापान ने आक्रामक खेल दिखाने का प्रयास किया. इसका उसे फायदा भी मिला, जब क्वार्टर के आठवें मिनट में कवाबे कोसेई ने जापान के लिए गोल करके स्कोर 2-1 कर दिया. ये स्कोर तीसरे क्वार्टर के अंत रहा. फिर चौथे क्वार्टर की शुरुआत में ही भारत को पेनल्टी कॉर्नर मिला, जिसपर कप्तान हरमनप्रीत सिंह ने गोल कर भारत को 3-1 से आगे कर दिया. जापानी टीम इस गोल को खाने के बाद भी लड़ती रही और खेल खत्म होने से लगभग दो मिनट पहले कवाबे कोसेई गोल करने में कामयाब रहे. एशिया कप में भारतीय टीम को जापान, चीन और कजाकिस्तान के साथ पूल-ए में रखा गया है. वहीं पूल-बी में चीनी ताइपे, मलेशिया, साउथ कोरिया और बांग्लादेश की टीमें हैं. एशिया कप की विजेता टीम को अगले साल होने वाले हॉकी वर्ल्ड कप में खेलने का मौका मिलेगा. हॉकी वर्ल्ड कप नीदरलैंड्स और बेल्जियम में 14 से 30 अगस्त तक खेला जाना है.

**भारत ने कितनी बार जीता एशिया कप:** बता दें कि एशिया कप हॉकी टूर्नामेंट का ये 17वां संस्करण है. भारतीय टीम ने अब तक तीन बार एशिया कप खिताब जीता है. भारतीय टीम आखिरी बार 2017 में इस टूर्नामेंट को जीतने में सफल रही थी. उससे पहले भारत 2003 और 2007 में भी चैम्पियन रहा था. साउथ कोरिया ने सबसे ज्यादा पांच और पाकिस्तान ने 3 बार खिताब जीता. पाकिस्तानी टीम ने सुरक्षा कारणों का हवाला देकर इस बार टूर्नामेंट से हटने का फैसला किया था.

**एशिया कप के लिए भारतीय हॉकी टीम: गोलकीपर:** कृष्ण बहादुर पाठक, सूरज करकेरा.
**डिफेंडर:** हरमनप्रीत (कप्तान), जरमनप्रीत सिंह, अमित रोहिदास, जुगराज सिंह, सुमित, संजय.
**मिडफील्डर:**मनप्रीत, विवेक सागर, राज कुमार, हार्दिक सिंह, राजिंदर.
**फॉरवर्ड:** मनदीप सिंह, सुखजीत सिंह, अभिषेक, शिलानंद लाकड़ा, दिलप्रीत सिंह.

दलीप ट्रॉफी में आयुष बडोनी का जादू, किसी को नहीं बख्श रहे

# गजब की बैटिंग, पहली पारी में फिफ्टी, तो दूसरी में शतक

एजेंसियां। बेंगलुरु



दलीप ट्रॉफी में ईस्ट जोन और नोर्थ जोन के बीच क्वार्टर फाइनल मुकाबला 28 अगस्त से बेंगलुरु में खेला जा रहा है. इस मैच में नोर्थ जोन के लिए युवा बल्लेबाज आयुष बडोनी ने गजब बैटिंग की है. आयुष ने पहली पारी में फिफ्टी लगाने के बाद अब दूसरी इनिंग्स में भी कमाल की बल्लेबाजी की और शतक ठोक डाला. 25 साल के आयुष बडोनी ने दलीप ट्रॉफी में शानदार बल्लेबाजी की और शतक ठोक डाला. उन्होंने ईस्ट जोन के गेंदबाजों की जमकर धुनाई की। मैच के चौथे दिन उन्होंने अपना शतक पूरा किया. इतना ही नहीं बल्कि आयुष अब भी नाबाद हैं. वह 9 चौके और 2 छक्कों की मदद से 169 गेंद में 151 रन बनाकर खेल रहे हैं. पहली पारी में आयुष बडोनी ने 60 गेंद पर 7 चौके की मदद से 63 रन बनाए थे. बडोनी इस मैच में अच्छी लय में नजर आए हैं.

**कुछ ऐसा चल रहा मैच का हाल :** ईस्ट जोन के कप्तान रियान पराग ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया था. ऐसे में नोर्थ जोन ने पहली पारी में 405 रन बनाए. आयुष बडोनी के अलावा कन्हैया वधवन ने 76 रन की पारी खेली. इसके अलावा हर किसी बल्लेबाज ने अपना योगदान दिया. हालांकि, ईस्ट जोन की बल्लेबाजी काफी निराशाजनक रही. वह 230 रन बनाकर ही ऑल आउट हो गए. विराट सिंह ने टीम के लिए सर्वाधिक 69 रन बनाए. आकिब नबी ने नोर्थ जोन के लिए पंजा खोला. नोर्थ जोन के पास अब खबर लिखने तक 723 रन की बढ़त हो गई है. दूसरी पारी में नोर्थ जोन 3 विकेट के नुकसान पर 548 रन बनाकर खेल रही है. आयुष बडोनी के अलावा नोर्थ जोन के लिए दूसरी पारी में कप्तान अंकित कुमार (198 रन) और यश ढुल (133 रन) ने भी शतक ठोका है.

## पोलार्ड के बाद अब हेल्स ने रचा इतिहास, पूरे किए 14000 टी20 रन, दुनिया के तीसरे बल्लेबाज बने

एजेंसियां। बारबडोस

कैरिबियन प्रीमियर लीग में खेलते हुए त्रिनबागो नाइट राइडर्स के प्लेयर कीरोन पोलार्ड ने कुछ दिन पहले इतिहास रचा था, वह टी20 क्रिकेट में 14000 रन पूरे करने वाले दुनिया के दूसरे प्लेयर बने थे. अब उन्ही की टीम के लिए खेल रहे इंग्लैंड के बल्लेबाज एलेक्स हेल्स ने भी अपने टी20 करियर के 14 हजार रन पूरे कर लिए हैं. वह ऐसा करने वाले दुनिया के तीसरे प्लेयर बन गए हैं, सबसे पहले ये कारनामा वेस्टइंडीज के क्रिस गेल ने किया था. रविवार को खेले गए कैरेबियन प्रीमियर लीग 2025 के 17वें मुकाबले में त्रिनबागो नाइट राइडर्स ने अमेज़न वॉरियर्स को 6 विकेट से हराया.

पहले बल्लेबाज करते हुए अमेज़न टीम ने 163 रन बनाए थे, जवाब में त्रिनबागो ने 17.2 ओवरों में लक्ष्य हासिल कर लिया. सलामी बल्लेबाज एलेक्स हेल्स ने 43 गेंदों में 74 रनों की विस्फोटक पारी खेली, इसमें उन्होंने 7 छक्के और 3 चौके जड़े.



कीरोन पोलार्ड ने नाबाद 12 रन बनाए, रसेल भी 14 गेंदों में 27 रन बनाकर नाबाद रहे.

त्रिनबागो नाइट राइडर्स के लिए खेल रहे एलेक्स हेल्स ने रविवार को 74 रनों की पारी खेली. अब उनके टी20 में 14024 रन हो गए हैं. वह दुनिया के तीसरे और इंग्लैंड के पहले प्लेयर बन गए हैं, जिन्होंने टी20 क्रिकेट में 14 हजार रन पूरे किए. उनसे पहले सिर्फ वेस्टइंडीज के क्रिस गेल और कीरोन पोलार्ड ने इस आंकड़े को छुआ है. वह सबसे ज्यादा टी20 रन बनाने के मामले में दूसरे नंबर पर आ गए हैं. पोलार्ड ने शनिवार को ही 14 हजार टी20 रन पूरे किए थे. पोलार्ड और एलेक्स हेल्स दोनों सीपीएल 2025 में एक ही टीम के लिए खेल रहे हैं. इंग्लिश बल्लेबाज एलेक्स हेल्स के अब 509 मैचों में 14024 रन हो गए हैं.

**टी20 क्रिकेट में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले टॉप 5 बल्लेबाज**
क्रिस गेल (वेस्टइंडीज) - 14562
एलेक्स हेल्स (इंग्लैंड) - 14024
कीरोन पोलार्ड (वेस्टइंडीज) - 14012
डेविड वार्नर (ऑस्ट्रेलिया) - 13595
शोएब मलिक (पाकिस्तान) - 13571

### 8 विकेट से जीती त्रिनबागो नाइट राइडर्स

रविवार को हुए इस मैच में 164 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए एलेक्स हेल्स के साथ कॉलिन मुनरो ने शानदार शुरुआत दिलाई, दोनों ने पहले विकेट के लिए 116 रनो की साझेदारी की. मुनरो ने 30 गेंदों में 52 रन बनाए, इस पारी में उन्होंने 3 छक्के और 6 चौके जड़े. मुनरो और एलेक्स हेल्स, दोनों को अमेज़न वॉरियर्स के कप्तान इमरान ताहिर ने आउट किया. ताहिर ने 4 ओवरों में 27 रन देकर 4 विकेट लिए. त्रिनबागो ने 17.2 ओवरों में लक्ष्य हासिल कर 6 विकेट से जीत दर्ज की.

## श्रेयस की सबसे बड़ी ताकत ही बन गई उनके लिए मुसीबत



एजेंसियां। नयी दिल्ली

एशिया कप 2025 के लिए जब बीसीसीआई ने मुंबई में भारतीय टीम का ऐलान किया था तो एक खिलाड़ी का नाम उन 15 प्लेयर्स में न होना चौंकाने वाला था. वो प्लेयर और कोई नहीं बल्कि अनुभवी बल्लेबाज श्रेयस अय्यर हैं.

अय्यर ने घरेलू क्रिकेट समेत आईपीएल में भी खुद को साबित किया है. जब भारतीय टीम के लिए खेलने का मौका मिलता है जब परफॉर्म करते हैं. चाहे वनडे वर्ल्ड कप हो या चैंपियंस ट्रॉफी... श्रेयस अय्यर ने दोनों ही बड़े टूर्नामेंट में अपनी छाप छोड़ी है. इसके बावजूद उन्हें अब एशिया कप के लिए नहीं चुना गया. अब श्रेयस अय्यर को लेकर पूर्व इंग्लैंड के खिलाड़ी मोंटी पनेसर ने बड़ा बयान दिया है.

**मोंटी पनेसर ने क्या कहा :** महान स्पिनर मोंटी पनेसर ने इंडिया टुडे से बात करते हुए कहा, श्रेयस अय्यर को शायद भारतीय टीम में जगह बनाने में इसलिए मुश्किल हो रही है, क्योंकि उनमें लीडरशिप क्वालिटी है और टीम में यह पहले से ही मौजूद है. इसकी वजह से टीम को किसी युवा और ज्यादा रोमांचक खिलाड़ी को लाने का मौका मिलता है, जिसे कोच गौतम गंभीर के लिए मैनेज करना भी आसान होगा.

## रोहित-कोहली की दीवानगी, ऑस्ट्रेलिया सीरीज के लिए 50 दिन पहले हाउसफुल हुए भारतीय फैन जोन

एजेंसियां। सिडनी

भारतीय वनडे टीम के मौजूदा कप्तान रोहित शर्मा और स्टार बल्लेबाज विराट कोहली के प्रति भारतीय प्रशंसकों की दीवानगी के किस्से आए दिन सुर्खियों में रहते हैं. फैंस उनकी एक झलक को हमेश बेताब रहते हैं. टी20 और टेस्ट क्रिकेट से संन्यास के बाद दोनों अब ऑस्ट्रेलिया दौरे पर खेलते नजर आएंगे. अक्तूबर में भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच तीन मैचों की वनडे सीरीज खेली जाएगी, जिसके जरिये रोहित और विराट आईपीएल के बाद एक बार फिर मैदान पर वापसी करेंगे. क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने इस सीरीज से पहले रविवार को कहा कि भारत के खिलाफ होने वाली आगामी सीरीज के लिए बनाए गए सभी आठ स्टेडियमों के भारतीय फैन जोन पूरी तरह बिक चुके हैं. यह बिक्री सीरीज शुरू होने से 50 दिन पहले ही पूरी हो गई, जो दोनों देशों के बीच मुकाबले को लेकर अपार उत्साह को दर्शाती है. सिडनी और कैनबरा के टिकट भी बिके. क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया के कार्यकारी महाप्रबंधक (इवेंट्स एंड ऑपरेशंस) जोएल मॉरिसन ने कहा, 'हम भारतीय फैन जोन के सभी टिकट बिक जाने से बेहद उत्साहित हैं. यह सीरीज को लेकर बढ़ते उत्साह और क्रिकेट के प्रति दर्शकों के जुनून को दिखाता है. हमें स्टेडियम में शानदार माहौल और मैदान पर उच्च स्तरीय क्रिकेट मुकाबले की उम्मीद है. क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने बताया कि भारतीय फैन जोन के साथ-साथ सिडनी क्रिकेट ग्राउंड और कैनबरा के मैनुका ओवल के पब्लिक टिकट भी पूरी तरह बिक चुके हैं.



**भारत बनाम ऑस्ट्रेलिया सीरीज का कार्यक्रम (वनडे सीरीज)**

| दिनांक | जगह | मैदान |
|---|---|---|
| 19 अक्तूबर | पर्थ | पर्थ स्टेडियम |
| 23 अक्तूबर | एडिलेड | एडिलेड ओवल |
| 25 अक्तूबर | सिडनी | एससीजी |

**टी 20 सीरीज**

| दिनांक | जगह | मैदान |
|---|---|---|
| 29 अक्तूबर | कैनबरा | मैनुका ओवल |
| 31 अक्तूबर | मेलबर्न | एमसीजी |
| 2 नवंबर | होबार्ट | बेलरिव ओवल |
| 6 नवंबर | गोल्ड कोस्ट | गोल्ड कोस्ट स्टेडियम |
| 8 नवंबर | ब्रिस्बेन | द गाबा |

**डब्ल्यूडब्ल्यूई** ड्रू मैकइंटायर ने किया इन दो रेसलर्स का सपोर्ट

# मेहनत और लगन से मिली वापसी, दी बढ़िया सलाह

एजेंसियां। नयी दिल्ली

डब्ल्यूडब्ल्यूई सुपरस्टार ड्रू मैकइंटायर ने हाल ही में डब्ल्यूडब्ल्यूई से रिलीज किए गए रेसलर्स कैरियन क्रॉस और स्कारलेट का समर्थन किया है. मैकइंटायर ने खुद भी डब्ल्यूडब्ल्यूई से निकाले जाने के बाद शानदार वापसी की थी, इसलिए उनका अनुभव इस मामले में बहुत मायने रखता है. उन्होंने विश्वास जताया है कि क्रॉस और स्कारलेट अपनी प्रतिभा के दम पर आगे जरूर सफल होंगे. उन्होंने कहा कि डब्ल्यूडब्ल्यूई में सिर्फ भाग्य ही काम करता है. बाकी तो सभी रेसलर्स के पास उच्चकोटि का दमखम होता है.
एडम ग्लिन के एडम्स एप्पल को दिए एक इंटरव्यू में मैकइंटायर से क्रॉस के बारे में पूछा गया. मैकइंटायर ने दोनों की तारीफ करते हुए कहा कि मैं क्रॉस को अच्छी तरह जानता हूं, वह बहुत प्रतिभाशाली है. स्कारलेट भी प्रतिभाशाली हैं और मुझे पूरा यकीन है कि वे जहां भी जाएंगे सफल होंगे. उन्होंने यह भी कहा कि उन्हें सलाह देने की जरूरत नहीं है, क्योंकि वे जानते हैं कि उन्हें क्या करना है. हालांकि सफल होने के लिए ध्यान पूरा केंद्रित करने के साथ भाग्य का भी सहारा लेना होगा.



### सभी रेसलर्स के लिए मैकइंटायर की सलाह

मैकइंटायर की सलाह सिर्फ क्रॉस और स्कारलेट के लिए नहीं, बल्कि उन सभी रेसलर्स के लिए है जो डब्ल्यूडब्ल्यूई में अपनी पहचान बनाना चाहते हैं. उन्होंने कहा, हर किसी को बस मेहनत करते रहना होगा. आपको यह पता लगाना होगा कि आपको दूसरों से क्या अलग करता है. उन्होंने यह भी जोर देकर कहा कि जब तक आप कड़ी मेहनत कर रहे हैं और कोई कसर नहीं छोड़ रहे हैं, तब तक आपको खुद के प्रति जवाबदेह रहना चाहिए.

**मेहनत और लगन से मिली वापसी :** मैकइंटायर ने 2014 में डब्ल्यूडब्ल्यूई छोड़ने के बाद इंडिपेंडेंट सर्किट में कई साल बिताए. उन्होंने खुद को पूरी तरह से बदला और 2017 में डब्ल्यूडब्ल्यूई में धमाकेदार वापसी की. उनकी यह वापसी उनकी कड़ी मेहनत, लगन और खुद पर विश्वास का नतीजा थी. उन्होंने टीएनए और आईसीडब्ल्यू जैसे प्रमोशन में टॉप चैंपियन बन कर खुद को साबित किया और एक नया, गंभीर और भरोसेमंद रेसलिंग किरदार बनाया. उनकी इस मेहनत ने उन्हें दुनिया के सबसे लोकप्रिय फ्री एजेंट्स में से एक बना दिया. डब्ल्यूडब्ल्यूई में वापसी के बाद उन्होंने कई बार वर्ल्ड चैंपियनशिप जीती और रॉयल रंबल भी जीता. नतीजा अब सबके सामने है.

## कप्तान का गुस्सा बैट पर निकाला, पाकिस्तानी खिलाड़ी ने आउट के बाद की शर्मनाक हरकत

एजेंसियां। नयी दिल्ली

एशिया कप 2025 से पहले पाकिस्तान की टीम लय हासिल करती दिख रही है. शारजाह में खेली जा रही ट्राई सीरीज के पहले मैच में अफगानिस्तान को मात देने के बाद पाकिस्तान ने दूसरे मैच में यूएई को हराया. हालांकि इस मुकाबले में पाकिस्तान के विकेटकीपर बल्लेबाज मोहम्मद हारिस का बल्ला शांत रहा. 7वें नंबर पर बैटिंग करने उतरे हारिसल सिर्फ एक रन बनाकर आउट हो गए.

**हारिस ने बल्ले पर निकाला गुस्सा :** मोहम्मद हारिस ने यूएई के खिलाफ आउट होने के बाद गुस्से में अपना बल्ला तोड़ दिया। हारिस मुख्य रूप से टॉप ऑर्डर के बल्लेबाज हैं. इस मुकाबले में वह 7वें नंबर पर बैटिंग करने के लिए उतरे. दो गेंद पर एक रन बनाकर हासिल जुनैद सिद्दिकी की गेंद पर आउट हो गए. इसके बाद उन्होंने गुस्से में अपना बल्ला जमीन पर पटक दिया. इससे बैट हैंडल के पास से टूट गया. हैंडल पूरी तरह से बैट से अलग हो गया.



**शतक के बाद 8 मैच से बल्ला शांत :** मोहम्मद हारिस ने इसी साल जून में बांग्लादेश के खिलाफ टी20 इंटरनेशनल मैच में शतक ठोका था. तीसरे नंबर पर खेलते हुए उन्होंने 107 रन बनाए. जुलाई में बांग्लादेश दौरे पर तीसरे नंबर पर खेलते हुए उन्होंने तीन मैच में 9 रन बनाए. फिर वेस्टइंडीज में कप्तान सलमान आगा ने उन्हें निचले क्रम में भेजना शुरू कर दिया. वहां तीन मैचों में हारिस ने सिर्फ 12 रन बनाए. अब यूएई में खेली जा रही इस ट्राई सीरीज के दो मैच में उनके बल्ले से सिर्फ 16 रन निकले हैं. यानी शतक लगाने के बाद से खेले 8 मैचों में हारिस ने 37 रन बनाए हैं.

ब्रीफ न्यूज

## 96 केन बियर एवं 72 बोतल शराब के साथ तीन गिरफ्तार

**नवादा ।** बिहार-झारखंड अंतरराज्यीय सीमा स्थित समेकित जांच चौकी रजौली से रविवार को उत्पाद विभाग की टीम ने बंगाल टाइगर बस से भारी मात्रा में केन बियर एवं अंग्रेजी शराब बरामद की है. उत्पाद अधीक्षक अरुण कुमार मिश्रा ने बताया कि वाहन जांच के दौरान उत्पाद प्रभारी अमृत कुमार गुप्ता के नेतृत्व में वाहन जांच के दौरान कोलकाता से आ रहे बंगाल टाइगर नामक बस के ऊपर लगे पैकिंग से 96 केन बियर एवं 72 बोतल अंग्रेजी शराब जप्त कर 3 बस स्टाफ को गिरफ्तार कर लिया. साथ ही बंगाल टाइगर नामक बस भी जप्त कर लिया गया. गिरफ्तार तीनों बस स्टाफ की पहचान नवादा जिले के टाउन थाना क्षेत्र के इस्लामनगर गांव निवासी कमरू खान (चालक), कोलकाता निवासी मरहूम अब्दुल रऊफ के बेटे हैदर अली (उपचालक) एवं नालंदा जिले के लहेरी थाना क्षेत्र के कानासराय गांव निवासी मो सुबहानी के बेटे मो मुस्ताक खान के रूप में की गई है.

## ट्रक की चपेट में आने से युवक की मौत

**भागलपुर ।** जिले के घोघा थाना क्षेत्र के भागलपुर पीरपैंती मुख्य मार्ग पर तेज रफ्तार ट्रक ने बाइक सवार युवक को रौंद दिया. जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई. मरने वाले की पहचान जमसी गांव निवासी सत्येंद्र सिंह राजपूत के पुत्र रोशन सिंह (26) के तौर पर हुई है. बताया जा रहा है कि वह रिश्तेदार के यहां से वापस घर लौट रहे थे. तभी भागलपुर-घोंघा मुख्य मार्ग एन एच-80 के पास तेज रफ्तार ट्रक ने रौंद दिया. घटना की सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने ट्रक को जब्त कर लिया है. हादसे में बाइक भी पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया. मृतक का शव रविवार को पोस्टमार्टम के लिए पुलिस ने भेज दिया, जहां पर उसका पोस्टमार्टम की प्रक्रिया चल रही है. इधर, घटना के बाद से परिजनों का रो-रो कर बुराहाल है. मृतक के चाचा लाल बहादुर सिंह ने बताया कि वह पीरपैंती अपने रिश्तेदार के यहां गया हुआ था वापस लौटने के क्रम में ट्रक ने धक्का मार दिया घोंघा पुलिस घर पर पहुंची और उन्होंने घटना की जानकारी दी.

# सीवान में 22.22 करोड़ की लागत से होगा सड़क का चौड़ीकरण और मजबूतीकरण : सम्राट चौधरी

संवाददाता ।पटना



- उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने बताया कि पथ प्रमंडल, सीवान अंतर्गत सीवान-सिसवन पथ से चैनपुर रसूदपुर पथ भाया बवनदही पॉलिटेक्निक कॉलेज पथ चैनेज +00 से चैनेज 3+40 (कुल लंबाई 3.400 कि.मी.) तक सड़क के चौड़ीकरण एवं मजबूतीकरण कार्य की स्वीकृति प्रदान की गई है.

सीवान जिले के लोगों को बेहतर सड़क सुविधा उपलब्ध कराने के लिए राज्य सरकार ने एक बड़ा कदम उठाया है. सरकार की ओर से सीवान-सिसवन पथ से चैनपुर रसूदपुर पथ भाया बवनदही पॉलिटेक्निक कॉलेज पथ के चौड़ीकरण और मजबूतीकरण कार्य की स्वीकृति प्रदान की गयी है. राज्य के उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने रविवार को इसकी जानकारी दी. उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने बताया कि पथ प्रमंडल, सीवान अंतर्गत सीवान-सिसवन पथ से चैनपुर रसूदपुर पथ भाया बवनदही पॉलिटेक्निक कॉलेज पथ चैनेज +00 से चैनेज 3+40 (कुल लंबाई 3.400 कि.मी.) तक सड़क के चौड़ीकरण एवं मजबूतीकरण कार्य की स्वीकृति प्रदान की गई है. इस योजना पर कुल 22 करोड़ 22 लाख 48 हजार रुपये की लागत आएगी. परियोजना का निष्पादन पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमंडल सीवान द्वारा कराया जाएगा. कार्य का लक्ष्य वित्तीय वर्ष 2025-26 निर्धारित किया गया है. उन्होंने बताया कि इस परियोजना से सीवान, सिसवन, चैनपुर, रसूदपुर और आसपास के इलाकों के लोगों को आवागमन में बड़ी सहूलियत मिलेगी और क्षेत्र के शैक्षणिक संस्थानों, खासकर बवनदही पॉलिटेक्निक कॉलेज से जुड़ाव भी और सुदृढ़ होगा. उपमुख्यमंत्री ने कहा कि बिहार में नीतीश कुमार के नेतृत्व वाली राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) की सरकार सड़कों के बुनियादी ढांचे को मजबूत करने के लिए लगातार काम कर रही है. यही वजह है कि बिहार में सड़कों का मजबूत और बड़ा नेटवर्क तैयार हुआ है. बिहार के शानदार सड़कों की चर्चा राष्ट्रीय स्तर पर हो रही है. इसी कड़ी में सीवान-सिसवन पथ से चैनपुर रसूदपुर पथ के चौड़ीकरण एवं मजबूतीकरण कार्य की स्वीकृति प्रदान की गई है.

# 2047 तक विकसित भारत बनाने को संकल्पित हैं मोदी-नीतीश : राम कृपाल

संवाददाता ।नवादा



नवादा परिसदन में पूर्व केंद्रीय मंत्री राम कृपाल यादव ने पत्रकार वार्ता में रविवार को कहा कि प्रधानमंत्री मोदी और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार देश और बिहार को 2047 तक विकसित बनाने के लिए संकल्पित हैं. आगामी बिहार विधान सभा चुनाव में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में राजग गठबंधन 200 से अधिक सीटों पर जीत दर्ज करेगी. रामकृपाल यादव ने कहा कि वोट अधिकार यात्रा में दरभंगा में प्रधानमंत्री की दिवंगत मां को गाली दी गई. यह देश के हर मां का अपमान है. बिहार शर्मसार हुआ है. इंडिया गठबंधन ने राजनीतिक नीचता की सारी हदें पर दी हैं. अभी तक राहुल तेजस्वी ने माफी तो दूर खेद तक नहीं जताया है. सीता मईया की धरती पर सनातन को गाली देने वालों को बुलाकर बिहार का अपमान कर रहे हैं राहुल और तेजस्वी. उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री स्टालिन के बेटे ने सनातन को डेंगू ओर कोरोना बताया था. तेलंगाना के मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी ने बिहारियों का अपमान किया था. राहुल और तेजस्वी ऐसे लोगों को बिहार में घुमाकर बिहारी अस्मिता को गाली दे रहे हैं. उन्होंने कहा कि ये वोट अधिकार अधिकार यात्रा नहीं है बल्कि सनातन अपमान यात्रा, बिहारी अपमान यात्रा है. बिहार में वोट अधिकार यात्रा के आर में परिवार और घुसपैठियों को अधिकार दिलाने के लिए यात्रा चल रही है.



# अशोक चौधरी के घर पहुंचे नीतीश कुमार, अनंत सिंह से हुई मुलाकात

संवाददाता ।पटना

पटना में रविवार को सुबह-सुबह नीतीश कुमार अचानक अशोक चौधरी के घर पहुंचे, उसी दौरान अनंत सिंह भी वहां पहुंच गए. सभी मुस्कुराते हुए नजर आए. कुछ देर तीनों की मुलाकात हुई और इसके बाद सीएम नीतीश कुमार वापस चले गए. बीते शनिवार के दिन ही अनंत सिंह और ललन सिंह ने पटना से मोकामा बाढ़ तक रोड शो किया है. अनंत सिंह विधानसभा चुनाव लड़ने का ऐलान कर चुके हैं. केंद्रीय मंत्री ललन सिंह पूर्व बाहुबली विधायक अनंत सिंह के साथ पटना से एक ही गाड़ी पर निकले और मोकामा में जाकर रोड शो और शक्ति प्रदर्शन किया.

**अनंत सिंह को नीतीश कुमार का आशीर्वाद :** अब रविवार को सुबह-सुबह मंत्री अशोक चौधरी के आवास पर जब मुख्यमंत्री नीतीश कुमार पहुंचे तो पूर्व वहां बाहुबली विधायक अनंत सिंह उनका इंतजार कर रहे थे. दोनों की मुलाकात हुई अनंत सिंह ने हाथ जोड़कर उनका अभिवादन किया. नीतीश कुमार ने भी हाथ जोड़कर उनका शुक्रिया अदा किया. अब यह वीडियो सामने आ गया है. यह वीडियो बता रहा है कि अनंत सिंह को लेकर जनता दल यू के बड़े नेता उनके टिकट को लेकर पूरी गोलबंदी नीतीश कुमार के सामने कर रहे हैं. शनिवार को हुए अनंत सिंह और ललन सिंह के रोड शो के बाद ये साफ हो गया कि पार्टी में मतभेद के बावजूद अनंत सिंह का मोकामा से जेडीयू के टिकट पर चुनाव लड़ना तय है. ललन सिंह के बाद अब रविवार को मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने अनंत सिंह से मुलाकात की यानी सब कुछ साफ है कि अनंत सिंह को नीतीश कुमार का आशीर्वाद मिल चुका है. बता दें कि राजद को छोड़कर जदयू खेमे में वापसी करने वाले मोकामा के पूर्व विधायक अनंत सिंह ने जेल से बाहर आते ही जेडीयू की टिकट पर विधानसभा चुनाव लड़ने का ऐलान कर दिया है. अनंत सिंह के इस ऐलान के बाद पार्टी में कुछ बगावती सुर भी उठ रहे हैं.

## भागलपुर : नदी से मवेशी को निकालने के दौरान चरवाहे की डूबने से मौत

**भागलपुर ।** जिले के एकचारी थाना क्षेत्र के मोहनपुर बहियार स्थित नदी में डूबने से रविवार को चरवाहे की मौत हो गई. चरवाहा नदी से मवेशी निकाल रहा था. घटना की जानकारी के बाद मौके पर पहुंचे लोगों ने शव को किसी तरह नदी से बाहर निकाला और घटना की जानकारी पुलिस को दी. सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है. मृतक की पहचान स्वर्गीय लखन मंडल के पुत्र गुरु चरण मंडल (70) के तौर पर हुई है. बताया जा रहा है कि मृतक मवेशी को चारा खिलाने के लिए बहियार लेकर गया था. इसी दौरान मवेशी नदी में चला गया. इसके बाद मृतक नदी में कूदकर मवेशी को निकालने की कोशिश करने लगा. इसी दौरान वह डूब गए. आसपास के चरवाहों ने घटना के बाद इसकी जानकारी परिजन को दी.

# पर्यावरण मंत्री ने किया करोड़ों रुपये की योजनाओं का शिलान्यास व लोकार्पण

- बिहार निजाय रोड सोहसराय हाल्ट, तूफानगंज–बबुरबन्ना तक 248.75 लाख की लागत से बनने वाली सड़क का शिलान्यास किया.

संवाददाता ।नालंदा

पर्यावरण वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री डॉ. सुनील कुमार ने रविवार को बिहार शरीफ विधानसभा क्षेत्र में करोड़ों की योजनाओं का शिलान्यास एवं लोकार्पण किया. मंत्री ने सर्वप्रथम बुरबन्ना स्थित मुख्यमंत्री ग्रामीण सड़क योजना अंतर्गत एन एच 31 से बिहार निजाय रोड सोहसराय हाल्ट, तूफानगंज–बबुरबन्ना तक 248.75 लाख की लागत से बनने वाली सड़क का शिलान्यास किया. इसके बाद रहुई प्रखंड के मिल्की और डिहरा गांव में एन एच 31 से भागनविगहा तक नई सड़क निर्माण का कार्य शुरू किया गया. इसी क्रम में उन्होंने धमौली से बिहार निजाय रोड होते हुए खिरौना-भाया-मुबारकपुर सड़क निर्माण कार्य का उद्घाटन कर इसे जनता को समर्पित किया है.इस मौके पर मंत्री डॉ. सुनील कुमार ने कहा ग्रामीण सड़कों का मजबूत होना सिर्फ आवागमन को सरल नहीं बनाता, बल्कि शिक्षा, स्वास्थ्य, व्यापार और रोजगार की दिशा में भी यह सुनहरा मार्ग प्रशस्त करता है. यही कारण है कि आज सरकार ग्रामीण ढांचे को सुदृढ़ बनाने पर विशेष बल दे रही है.बिहार शरीफ के श्रम कल्याण केंद्र मैदान में आयोजित भव्य जनसभा में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे डॉ. सुनील कुमार ने कार्यक्रम का शुभारंभ किया और जनता को संबोधित करते हुए कहा कि बिहार में आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की जोड़ी के नेतृत्व में अभूतपूर्व विकास कार्य हो रहे हैं. उन्होंने कहा- मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में एनडीए सरकार ने महिला सशक्तिकरण के क्षेत्र में एक ऐतिहासिक कदम उठाया है. मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना के तहत हर घर की एक महिला को स्वरोजगार के लिए 10,000 की राशि उनके खाते में दी जाएगी. इसके बाद छह महीने के भीतर 2 लाख की अतिरिक्त सहायता राशि मिलेगी जो लौटानी भी नहीं होगी. यह योजना महिलाओं के जीवन में आर्थिक स्वतंत्रता और सम्मान का नया अध्याय लिखेगी.उन्होंने यह भी कहा कि पहले समाजिक सुरक्षा पेंशन राशि को 400 से बढ़ाकर 1100 करना और सरकारी नौकरियों में महिलाओं को 35% आरक्षण देना महिला सशक्तिकरण के प्रति सरकार की गंभीर प्रतिबद्धता का प्रमाण है.

## पुलिस ने 601 ग्राम स्मैक के साथ एक तस्कर को पकड़ा

**कटिहार ।** जिले के अबादपुर थाना पुलिस ने मादक पदार्थों के विरुद्ध बड़ी कार्रवाई करते हुए एक कार से 601.63 ग्राम स्मैक के साथ एक तस्कर को गिरफ्तार किया है. गिरफ्तार तस्कर की पहचान मो. अख्तर पिता मो. हनीफ, ग्राम बेलवा नयाटोली थाना अबादपुर जिला कटिहार के रूप में हुई है. पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर सनकोला चेकपोस्ट पर वाहन चेकिंग के दौरान इस तस्कर को पकड़ा. जब पुलिस ने कार की तलाशी ली, तो उसमें से 601.63 ग्राम स्मैक बरामद हुई, जिसका अनुमानित मूल्य लगभग 6 लाख रुपये है. अबादपुर थानाध्यक्ष ने बताया कि गिरफ्तार तस्कर के खिलाफ कांड दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है. पुलिस इस मामले में और भी जांच कर रही है.

## कांग्रेस ने गांधी मैदान में रात गुजारने की अनुमति नहीं मांगी

**पटना ।** पटना के अपर जिला दंडाधिकारी (एडीएम) विधि-व्यवस्था ने रविवार को प्रेस विज्ञप्ति जारी कर जानकारी दी कि कुछ समाचार माध्यमों द्वारा यह जानकारी दी गई हैऔर प्रसारित किया जा रहा है कि जिला प्रशासन, पटना द्वारा लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी को गांधी मैदान, पटना में रविवार 31.08.2025 को रात में रुकने की अनुमति नहीं दी गई है. एडीएम ने स्पष्ट करते हुए कहा कि भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस सहित किसी भी व्यक्ति या दल द्वारा गांधी मैदान में आज रात्रि में रुकने या किसी अन्य कार्य के लिए अनुमति नहीं मांगी गई है. जिला प्रशासन, पटना से दो अनुमति मांगी गई थी, जो सभा एवं रैली के लिए थी. सभा के लिए अनुमति दे दी गई थी.

कारोबार

## फ्लिपकार्ट-एसबीआई को-ब्रांडेड क्रेडिट कार्ड को लॉन्च किया



**जमशेदपुर ।** भारत में क्रेडिट कार्ड जारी करने वाली सबसे बड़ी कंपनी, एसबीआई कार्ड ने भारत के घरेलू ई-कॉमर्स मार्केटप्लेस, फ्लिपकार्ट के साथ मिलकर 'फ्लिपकार्ट एसबीआई क्रेडिट कार्ड' के लॉन्च की घोषणा की. ये इस तरह का पहला और अनोखा को-ब्रांडेड क्रेडिट कार्ड है, जिसे भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) के अध्यक्ष, श्री चल्ला श्रीनिवासुलु सेट्टी और एसबीआई के मैनेजिंग डायरेक्टर, श्री अश्विनी कुमार तिवारी की मौजूदगी में लॉन्च किया गया. फ्लिपकार्ट एसबीआई कार्ड को बड़ी ही सावधानी से कैशबैक के फ़ायदों को ध्यान में रखकर डिज़ाइन किया गया है, ताकि ग्राहकों को उनकी ज़्यादातर ख़रीदारी पर एक बेहतरीन अनुभव मिल सके. इस लॉन्च से जाहिर होता है कि, एसबीआई कार्ड और फ्लिपकार्ट ग्राहकों को ज़्यादा फ़ायदा, सुविधा और क्रेडिट की सुविधा देकर उनके ख़रीदारी के सफर को और बेहतर बनाने की कोशिश में लगातार जुटे हैं. फ्लिपकार्ट एसबीआई कार्ड के ज़रिए मिंत्रा पर ख़रीदारी करने वाले ग्राहक 7.5% कैशबैक, जबकि फ्लिपकार्ट, शॉप्सी और क्लियरट्रिप पर ख़रीदारी करने वाले ग्राहक 5% कैशबैक का लाभ उठा सकते हैं. ग्राहक इस आकर्षक प्रस्ताव का फ़ायदा उठाकर फ्लिपकार्ट पर कई तरह के प्रोडक्ट्स एवं सेवाओं की ख़रीदारी कर सकते हैं, जिसमें मोबाइल, इलेक्ट्रॉनिक्स, ग्रोसरी, फैशन, फ़र्नीचर, अप्लायंसेस, होम फ़र्निशिंग, और ट्रैवल बुकिंग के अलावा बहुत कुछ शामिल हैं. इतना ही नहीं, ग्राहकों को ज़ोमैटो, उबर, नेटमेड्स और पीवीआर जैसे चुनिंदा ब्रांड पर खर्च करने पर 4% का कैशबैक मिलेगा, जबकि कैशबैक के योग्य अन्य सभी खर्चों पर 1% का अनलिमिटेड कैशबैक दिया जाएगा.

## 2,24,630.45 करोड़ रुपये एक हफ्ते में डूबे

# मुकेश अंबानी की कंपनी आरआईएल सहित इन 8 कंपनियों को झटका

एजेंसी ।नयी दिल्ली



अगस्त का महीना जाते-जाते देश की 8 सबसे वैल्यूऐबल कंपनियों को बड़ा झटका दे गया. महीने का आखिरी कारोबारी हफ्ता शेयर बाजार के लिए नुकसान देने वाला रहा. 29 अगस्त को सेंसेक्स 271 अंक फिसलकर 79810 पर बंद हुआ, जबकि निफ्टी भी 74 अंक गिरकर 24427 पर बंद हुआ. इस पूरे हफ्ते में सेंसेक्स में 1826 अंकों की गिरावट आई है. निफ्टी में भी 540 अंकों की गिरावट दर्ज की गई. इसका असर देश की कई बड़ी कंपनियों के मार्केट कैप पर भी पड़ा. शेयर बाजार में लिस्टेड 10 सबसे वैल्यूऐबल कंपनियों में से 8 कंपनियों का मार्केट कैप इस दौरान 2,24,630.45 करोड़ रुपये घट गया. इनमें रिलायंस इंडस्ट्रीज और एचडीएफसी बैंक को सबसे अधिक नुकसान हुआ.

**रिलायंस को 70 हजार करोड़ से ज्यादा का नुकसान :** इन टॉप 10 कंपनियों में से रिलायंस इंडस्ट्रीज, एचडीएफसी बैंक, भारती एयरटेल, आईसीआईसीआई बैंक, भारतीय स्टेट बैंक, इंफोसिस, बजाज फाइनेंस और भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) के मार्केट कैप में गिरावट आई, जबकि टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) और हिंदुस्तान यूनिलीवर को फायदा पहुंचा है. रिलायंस इंडस्ट्रीज का मार्केट कैप 70,707.17 करोड़ रुपये घटकर 18,36,424.20 करोड़ रुपये रह गया है. एचडीएफसी बैंक का भी वैल्यूएशन 47,482.49 करोड़ रुपये घटकर 14,60,863.90 करोड़ रुपये रह गया है. इन कंपनियों का भी मार्केट कैप घटा : इसी तरह से आईसीआईसीआई बैंक का वैल्यूएशन 27,135.23 करोड़ रुपये कम होकर 9,98,290.96 करोड़ रुपये और भारती एयरटेल का मार्केट कैप 24,946.71 करोड़ रुपये घटकर 10,77,213.23 करोड़ रुपये रह गया है. एलआईसी का भी वैल्यूऐशन 23,655.49 करोड़ रुपये घटकर 5,39,047.93 करोड़ रुपये और भारतीय स्टेट बैंक का वैल्यूऐशन 12,692.1 करोड़ रुपये घटकर 7,40,618.60 करोड़ रुपये रह गया है. इस दौरान बजाज फाइनेंस को भी नुकसान पहुंचा है. इसका मार्केट कैप 10,471.08 करोड़ रुपये घटकर 5,45,490.31 करोड़ रुपये पर आ गया है. इसी तरह से 7,540.18 करोड़ रुपये के नुकसान के साथ इंफोसिस का मार्केट कैप 6,10,463.94 करोड़ रुपये रह गया है.

**टीसीएस को हुआ इतने करोड़ का फायदा :** अकेले टीसीएस और हिंदुस्तान यूनिलीवर को फायदा हुआ है. जहां टीसीएस का मार्केट वैल्यूएशन 11,125.62 करोड़ रुपये बढ़कर 11,15,962.91 करोड़ रुपये हो गया. वहीं, हिंदुस्तान यूनिलीवर का वैल्यूऐशन 7,318.98 करोड़ रुपये बढ़कर 6,24,991.28 करोड़ रुपये तक पहुंच गया. हालांकि, इतने बड़े नुकसान के बावजूद भी रिलायंस इंडस्ट्रीज अब भी सबसे वैल्यूऐबल कंपनियों की लिस्ट में पहले नंबर पर है. इसके बाद एचडीएफसी बैंक, टीसीएस, भारती एयरटेल, आईसीआईसीआई बैंक, भारतीय स्टेट बैंक, हिंदुस्तान यूनिलीवर, इंफोसिस, बजाज फाइनेंस और एलआईसी शामिल हैं.

## सरकार ने निर्यातकों के लिए राहत योजना शुरू की

**नयी दिल्ली ।** अमेरिका ने भारत के कई उत्पादों पर 50 फीसदी टैरिफ लगा दिया है. इसके जवाब में भारत सरकार ने तुरंत राहत उपाय शुरू किए हैं. सूत्रों के मुताबिक, सरकार का मकसद निर्यातकों को नकदी की कमी से बचाना, उत्पादन को बनाए रखना और नौकरियों को सुरक्षित रखना है. इसके अलावा विशेष आर्थिक क्षेत्रों में छूट और आयात प्रतिस्थापन को बढ़ावा देने की योजना है. अमेरिका ने 7 अगस्त से 25 फीसदी और 27 अगस्त से अतिरिक्त 25 फीसदी टैरिफ लगाया. ट्रंप ने दावा कि यह कदम भारत के रूसी कच्चे तेल की खरीद को लेकर उठाया गया. इससे भारत के करीब 49 अरब डॉलर के निर्यात पर असर पड़ा है. यह भारत के अमेरिका को होने वाले कुल निर्यात का 55 फीसदी से ज्यादा है. खासकर कालीन (60 फीसदी), टेक्सटाइल (50 फीसदी), रत्न और आभूषण (30 फीसदी) और परिधान (40 फीसदी) जैसे क्षेत्रों पर ज्यादा असर पड़ेगा. निर्यातकों को ऑर्डर रद्द होने, भुगतान में देरी और नकदी की कमी का डर सता रहा है. सरकार ने इसके लिए कई योजनाएं तैयार की हैं. छोटे और मझोले उद्यमों (एमएसएमई) को खास ध्यान दिया जा रहा है. इनके लिए ब्याज सब्सिडी, फैक्टरिंग, कोलैटरल सपोर्ट, निर्यात नियमों में मदद, ब्रांडिंग, पैकेजिंग और लॉजिस्टिक्स सहायता दी जाएगी.

## भारत बना यूक्रेन का सबसे बड़ा डीजल सप्लायर

**नयी दिल्ली ।** भारत ने जुलाई 2025 में यूक्रेन को सबसे ज्यादा डीजल सप्लाई किया. यूक्रेन की ऑयल मार्केट एनालिटिक्स फर्म नाफ्टोरिनोक ने इस बात की जानकारी दी है. जल सप्लाई में यह उछाल एसे समय में आया है, जब अमेरिका ने भारत के रूसी तेल आयात को लेकर उस पर 50% पनिशटिव टैरिफ लगाए हैं. नाफ्टोरिनोक के मुताबिक, भारत ने इस महीने यूक्रेन की डीजल जरूरतों का 15.5% हिस्सा पूरा किया, जो कि पिछले साल जुलाई 2024 में मात्र 1.9% था. जुलाई 2025 में भारत ने हर दिन औसतन 2,700 टन डीजल यूक्रेन को भेजा, जो इस साल के सबसे ऊंचे मासिक निर्यात आंकड़ों में से एक है. यहां सबसे दिलचस्प बात यह है कि डीजल बनाने के लिए भारत सबसे ज्यादा कच्चा तेल रूस से ही खरीद रहा है जिसकी यूक्रेन के साथ जंग चल रही है. यानी, एक तरफ अमेरिका भारत को रूसी तेल खरीदने के लिए सजा दे रहा है, और दूसरी तरफ भारत का डीजल यूक्रेन की युद्धकालीन अर्थव्यवस्था को सपोर्ट कर रहा है. यह वैश्विक कूटनीति और व्यापार की जटिलताओं को दर्शाती है. डोनाल्ड ट्रम्प का कहना है कि भारत और चीन जैसे देश रूस से सस्ता तेल खरीदकर उसकी युद्ध मशीन को फंडिंग दे रहे हैं.

## टाटा ग्रुप का आईपीओ सितंबर में हो रहा लॉन्च

एजेंसी ।नयी दिल्ली




शेयर बाजार निवेशकों के लिए आने वाले समय में कमाई का शानदार मौका आ रहा है. नॉन बैंकिंग फाइनेंशियल कंपनी (एनबीएफसी) टाटा कैपिटल अपना आईपीओ लेकर आ रहा है. 22 सितंबर से शुरू होने वाले हफ्ते में टाटा कैपिटल का आईपीओ लॉन्च होने वाला है. सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक, टाटा कैपिटल के 30 सितंबर तक शेयर बाजार में एंट्री लेने की उम्मीद जताई जा रही है. जानकारों का यह भी कहना है कि इस इश्यू से कंपनी का वैल्यूएशन 11 अरब डॉलर हो जाने की संभावना है.

**आईपीओ में ऑफर किए जाएंगे 47.58 करोड़ शेयर :** अगस्त में दाखिल किए गए अपडेटेड ड्राफ्ट रेड हेरिंग प्रॉस्पेक्टस के मुताबिक, प्रस्तावित आईपीओ में कुल 47.58 करोड़ शेयर जारी किए जाएंगे. इनमें से 21 करोड़ फ्रेश इक्विटी शेयर होंगे और 26.58 करोड़ शेयर ऑफर फॉर सेल के तहत मौजूदा निवेशकों द्वारा बेचे जाएंगे. आईपीओ में ओएफएस विंडो के तहत टाटा संस 23 करोड़ शेयर बेचेगी, जबकि इंटरनेशनल फाइनेंस कॉर्पोरेशन 3.58 करोड़ शेयर बेचेगा. मौजूदा समय में टाटा कैपिटल में टाटा संस की 88.6 परसेंट हिस्सेदारी है, जबकि आईएफसी के पास 1.8 परसेंट हिस्सेदारी है.

**क्यों शेयर बाजार में लिस्ट होना जरूरी :** आईपीओ से मिली रकम का इस्तेमाल कंपनी के टियर-1 कैपिटल बेस को मजबूत बनाने और भविष्य की पूंजी आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए किया जाएगा, जिसमें उधार देना भी शामिल है. अगर सबकुछ ठीक रहा, तो यह देश के फाइनेंशियल सेक्टर का सबसे बड़ा पब्लिक इश्यू बन जाएगा. आरबीआई की गाइडलाइंस के चलते टाटा कैपिटल के लिए शेयर बाजार में लिस्ट होना जरूरी हो गया है. दरअसल, साल 2022 में आरबीआई ने टाटा कैपिटल को अपर लेयर एनबीएफसी के रूप में कैटेगराइज किया था. इस कैटेगरी की कंपनियों को तीन साल के भीतर शेयर बाजार में लिस्ट होना जरूरी होता है और अब इसी नियम के तहत टाटा कैपिटल की लिस्टिंग की जा रही है.

**जून तिमाही में कंपनी के नतीजे :** कारोबारी साल 2025-26 की जून तिमाही में कंपनी का नेट प्रॉफिट 1,041 करोड़ रुपये रहा, जो पिछले साल के मुकाबले दोगुने से भी ज्यादा है. इसी तरह से कंपनी का टोटल इनकम 6,557 करोड़ रुपये से बढ़कर 7,692 करोड़ रुपये हो गया.

विकास | भारतीय रिजर्व बैंक के गवर्नर का बड़ा दावा

# जल्द ही दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी इकोनॉमी बनेगा भारत

एजेंसी ।नयी दिल्ली



- प्रधानमंत्री जन धन योजना ने अपने 11 साल पूरे किए. मौके पर पीएम मोदी ने कहा कि इस योजना ने लोगों को अपना भाग्य खुद लिखने की शक्ति दी है.

भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के गवर्नर संजय मल्होत्रा ने शनिवार को कहा कि भारत जल्द ही दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी इकोनॉमी बन जाएगी. उन्होंने देश के विकास को बढ़ावा देने का श्रेय प्रधानमंत्री जन धन योजना को दिया. उनका यह बयान एक ऐसे समय पर आया है, जब देश में चल रही टैरिफ टेंशन के बावजूद भारत की जीडीपी चालू वित्त वर्ष की अप्रैल-जून तिमाही में 7.8 परसेंट की दर से आगे बढ़ी है. यह अमेरिका के भारी-भरकम टैरिफ लगाए जाने से पहले की पांच तिमाहियों में सबसे अधिक है.

**11 साल पहले हुई थी योजना की शुरुआत :** इंदौर के रंगवासा गांव में एक सरकारी बैंक के वित्तीय समावेशन अभियान 'संतृप्ति शिविर' को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार और आरबीआई ने 11 साल पहले बैंकों के सहयोग से जन धन योजना की शुरुआत की थी, जिससे पूरे देश का विकास हुआ है. उन्होंने कहा, आज भारत दुनिया के 5 सबसे विकसित देशों में गिना जाता है और बहुत जल्द देश तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएगा. आरबीआई गवर्नर ने कहा कि देश के आगे बढ़ने के इस सफर में सभी वर्गों के लोगों की भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए इस योजना के तहत 55 करोड़ खाते खोले गए हैं, जिससे उन्हें बचत, पेंशन, बीमा, ऋण और अन्य सेवाएं प्रदान की जा रही हैं. इस मौके पर भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) के चेयरमैन सी.एस.सेट्टी भी उपस्थित थे. हाल ही में प्रधानमंत्री जन धन योजना ने अपने 11 साल पूरे किए. इस मौके पर पीएम मोदी ने कहा कि इस योजना ने लोगों को अपना भाग्य खुद लिखने की शक्ति दी है. उन्होंने यह भी कहा कि जब अंतिम व्यक्ति वित्तीय रूप से जुड़ा होता है, तो पूरे देश एक साथ्ज्ञ आगे बढ़ता है. इस स्कीम की शुरुआत साल 2014 में 28 अगस्त के दिन की गई थी.

**क्या है जन धन योजना :** बता दें कि इस स्कीम का मकसद गरीबों का बैंक अकाउंट खुलवाकर उन्हें सरकारी योजनाओं का फायदा दिलाना है. इसमें मिनिमम बैलेंस रखने की कोई जरूरत नहीं पड़ती है. साथ ही ओवरड्राफ्ट की भी सुविधा मिलती है. इसमें अकाउंट होल्ड को बीमा की भी सुविधा दी जाती है और किसी वजह से उनकी मृत्यु होने पर परिवार के सदस्यों को नॉमिनी का लाभ मिलता है. इसके तहत खाता खुलवाने के लिए आपको बैंक जाकर आवेदन करना होगा. वहां से जन धन योजना का फॉर्म लेकर उसे भरना होगा.

# चीन: एससीओ रिसेप्शन में पहुंचे पीएम मोदी, शी जिनपिंग ने किया स्वागत



## एक मंच पर पीएम मोदी, जिनपिंग, पुतिन और शहबाज

**नयी दिल्ली ।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी चीन के तिआनजिन पहुंचे, जहां वह शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) शिखर सम्मेलन में शामिल हुए. इससे पहले रविवार को उनकी मुलाकात चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग से हुई. पीएम मोदी का यह चीन दौरा सात साल बाद हो रहा है और दस महीनों में शी जिनपिंग से उनकी यह दूसरी मुलाकात है. पिछली मुलाकात ब्रिक्स 2024 सम्मेलन (कजान, रूस) में हुई थी. मोदी और जिनपिंग की बैठक ऐसे समय पर हो रही है, जब भारत और चीन के रिश्तों में कुछ नरमी आई है. यह पीएम मोदी का सात साल बाद चीन का पहला दौरा है और दस महीनों में राष्ट्रपति शी जिनपिंग के साथ उनकी दूसरी मुलाकात. पिछली मुलाकात रूस के कजान शहर में हुए ब्रिक्स 2024 सम्मेलन के दौरान हुई थी.

## न्यूज अपडेट

### नंदू गैंग के बदमाशों का एनकाउंटर दो शूटर के पैर में लगी गोली, घायल

**नयी दिल्ली ।** दिल्ली के जाफरपुर कलां इलाके में एनकाउंटर का मामला सामने आया है. यहां दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल और नंदू गैंग के दो शार्पशूटर्स के बीच मुठभेड़ हो गई. इस दौरान दोनों आरोपियों के पैर में गोली लग गई, जिससे दोनों घायल हो गए. पुलिस ने दोनों को अस्पताल में भर्ती कराया है. अधिकारियों का कहना है कि ये आरोपी 28 अगस्त को चावला थाना इलाके में हुई धमकी और फिरौती की घटना में वांछित थे. दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल सूचना के आधार पर चेकिंग करने पहुंची थी, उसी दौरान दोनों शार्पशूटर्स से मुठभेड़ हो गई. दोनों ने फायरिंग शुरू कर दी. पुलिस ने भी अपने बचाव में गोली चलाई, जो दोनों के पैर में लगी.

### यूक्रेन के सांसद एंड्री पारुबी की गोली मारकर हत्या, अपराधी फरार

**कीव ।** यूक्रेन के सांसद और संसद के पूर्व प्रमुख एंड्री पारुबी की ल्विव शहर में गोली मारकर हत्या कर दी गई. पुलिस ने इसे 'सुनियोजित हमला' बताया है. हमलावर की पहचान नहीं हो सकी है और फरार अपराधी की तलाश जारी है. राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की ने हत्या को 'भयावह अपराध' बताया. इसके बाद शोक जताते हुए उन्होंने इसे पूर्व नियोजित हत्या बताया. जेलेंस्की ने कहा कि ये एक सोची समझी साजिश है. हत्याकांड की जांच कर दोषियों को सजा दिलाने के लिए सरकार सभी संसाधन झोंकेगी. वहीं पारुबी की हत्या के बाद यूरोपीय संसद अध्यक्ष रोबर्टा मेटसोला और पूर्व राष्ट्रपति पेट्रो पोरोशेंको ने भी गहरा दुख जताया. पोरोशेंको ने सोशल मीडिया पर लिखा कि यह सिर्फ किसी व्यक्ति पर नहीं, बल्कि सेना, भाषा और आस्था पर हमला है.

### मिस्र में यात्री ट्रेन पटरी से उतरी तीन लोगों की मौत, 94 घायल हुए

**काहिरा ।** पश्चिमी मिस्र में शनिवार को एक यात्री ट्रेन पटरी से उतर गई, जिसमें कम से कम तीन लोगों की मौत हो गई. अधिकारियों ने बताया कि हादसे में 94 यात्री घायल हो गए. हाल के वर्षों में मिस्र में हुई रेल दुर्घटनाओं की श्रृंखला में यह नवीनतम घटना है. रेलवे अधिकारियों ने एक बयान में बताया कि देश के उत्तरी तट पर स्थित पश्चिमी भूमध्यसागरीय प्रांत मतरूह से काहिरा जाते समय ट्रेन के सात डिब्बे पटरी से उतर गए, जिनमें से दो पलट गए. स्वास्थ्य मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि घायलों को अस्पतालों में पहुंचाने के लिए 30 एम्बुलेंस भेजी गईं. रेलवे अधिकारियों के बयान में कहा गया है कि पटरी से उतरने के कारण का पता लगाने के लिए जांच शुरू कर दी गई है.

### टीएमसी सांसद महुआ मोइत्रा के खिलाफ छत्तीसगढ़ में एफआईआर

**रायपुर ।** छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर में टीएमसी की सांसद महुआ मोइत्रा पर एफआईआर दर्ज की गई है. उन पर आरोप है कि उन्होंने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह को लेकर विवादित टिप्पणी की. मोइत्रा पर आरोप है कि उन्होंने एक बयान में कहा कि अमित शाह का सिर काटकर मेज पर रख देना चाहिए. इस टिप्पणी ने राजनीतिक और सामाजिक हलकों में हलचल मचा दी है. यह मामला रायपुर के माना कैंप पुलिस स्टेशन में दर्ज हुआ. शिकायत स्थानीय निवासी गोपाल सामंतो ने की. उनकी शिकायत में कहा गया है कि महुआ मोइत्रा की टिप्पणी से लोकतांत्रिक संस्थाओं का अपमान हुआ है और ऐसा बयान समाज में नफरत फैलाने वाला है.

### रूसी राष्ट्रपति पुतिन बोले-ब्रिक्स को मजबूत करने में रूस- चीन एकजुट

**नयी दिल्ली ।** अमेरिका की मनमानियों के बीच रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने कहा है कि रूस और चीन मिलकर ब्रिक्स को मजबूत कर रहे हैं ताकि वैश्विक चुनौतियों का सामना किया जा सके और 'भेदभावपूर्ण प्रतिबंधों' का विरोध किया जा सके जो सदस्य देशों और दुनिया के सामाजिक-आर्थिक विकास में बाधा हैं. शिन्हुआ को दिए इंटरव्यू में उन्होंने आईएमएफ और विश्व बैंक में सुधार की वकालत की और एक नए, समान व न्यायसंगत वित्तीय ढांचे की आवश्यकता बताई. पुतिन ने वित्तीय औजारों को रनव-औपनिवेशवादर बताया. उन्होंने जी20 में चीन की भूमिका की सराहना की और अफ्रीकी संघ की भागीदारी को ब्रिक्स के साथ तालमेल बढ़ाने का कदम बताया.

### 'पवित्र रिश्ता' की अभिनेत्री प्रिया मराठे का निधन, शोक की लहर

**मुंबई ।** मनोरंजन जगत से एक बेहद दुखद खबर सामने आई है. छोटे पर्दे की जानी-मानी और प्रतिभाशाली अभिनेत्री प्रिया मराठे अब हमारे बीच नहीं रहीं. 31 अगस्त 2025 को महज 38 वर्ष की आयु में उन्होंने मुंबई के मीरा रोड स्थित अपने आवास पर अंतिम सांस ली. प्रिया मराठे लंबे समय से कैंसर जैसी गंभीर बीमारी से जूझ रही थीं. बीते कुछ महीनों से उनकी तबीयत बिगड़ती चली गई. हाल ही में उन्हें मुंबई के एक निजी अस्पताल में भर्ती भी कराया गया था. तमाम कोशिशों के बावजूद उन्हें बचाया नहीं जा सका और आखिरकार उन्होंने दुनिया को अलविदा कह दिया. उनके निधन की खबर ने पूरे टीवी इंडस्ट्री और उनके चाहने वालों को गहरे सदमे में डाल दिया है.

## पीएम की 'मन की बात' : बारिश से हो रहे नुकसान पर जताया दुख, बोले-

# प्राकृतिक आपदाओं पर जिसने प्रिय जन खोए, उनकी पीड़ा, हम सबका दर्द

एजेंसी । नई दिल्ली



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को अपने मासिक रेडियो कार्यक्रम 'मन की बात' में कहा कि वर्षा ऋतु के इस मौसम में प्राकृतिक आपदाओं ने देश की बड़ी परीक्षा ली है. बाढ़ और भू-स्खलन से घर और खेत उजड़ गए, पुल-सड़कें बह गईं और कई परिवार संकट में फंस गए. उन्होंने कहा कि जिन परिवारों ने अपने प्रियजन खोए हैं, उनका दुख पूरे देश का दुख है. प्रधानमंत्री ने बताया कि प्रभावित क्षेत्रों में राष्ट्रीय आपदा मोचन बल (एनडीआरएफ), राज्य आपदा मोचन बल (एसडीआरएफ) के जवान और सुरक्षा बल दिन-रात राहत कार्य में जुटे रहे. तकनीक का उपयोग करते हुए तापीय कैमरे, जीवित अन्वेषक यंत्र, खोजी कुत्ते और मानवरहित यान निगरानी से खोज और बचाव कार्य तेज किए गए. हेलीकॉप्टर से राहत सामग्री पहुँचाई गई और घायलों को वायुयान द्वारा निकाला गया. उन्होंने सेना, चिकित्सकों, प्रशासन और आम नागरिकों द्वारा संकट की घड़ी में निभाई गई भूमिका की सराहना की.

**सरदार वल्लभभाई पटेल की पीड़ा आज भी महसूस की जा सकती है :** सितंबर में देश हैदराबाद मुक्ति दिवस मनाएगा. इस संदर्भ में ऑपरेशन पोलो और हैदराबाद मुक्ति पर प्रधानमंत्री ने अपनी बात रखी. उन्होंने कहा कि हैदराबाद की घटनाओं पर लौहपुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की पीड़ा आज भी महसूस की जा सकती है. उन्होंने बताया कि 1947 में निज़ाम और रज़ाकारों के अत्याचार चरम पर थे. सरदार पटेल के नेतृत्व में 'ऑपरेशन पोलो' शुरू हुआ और भारतीय सेना ने रिकॉर्ड समय में हैदराबाद को तानाशाही से मुक्त कर भारत में शामिल किया.

**आगामी त्योहारों में स्वदेशी वस्तुओं को प्राथमिकता दें :** प्रधानमंत्री ने त्योहारों में स्वदेशी अपनाने की अपील की. उन्होंने देशवासियों से आग्रह किया कि आगामी त्योहारों में स्वदेशी वस्तुओं को प्राथमिकता दें. उन्होंने कहा कि उपहार, पहनावा, सजावट और प्रकाश ऐसा होना चाहिए जो भारत में बना हो.

"गर्व से कहो ये स्वदेशी है" को आत्मनिर्भर भारत और विकसित भारत की दिशा में महत्वपूर्ण मंत्र बताया. साथ ही यह भी कहा कि स्वच्छता पर जोर देने से त्योहारों का आनंद और बढ़ता है.

**देश की सबसे कठिन परीक्षाओं में से एक है यूपीएससी :** प्रतिभा सेतु को होनहार युवाओं का नया सहारा बताते हुए प्रधानमंत्री ने इस विषय में जानकारी रखी. उन्होंने कहा कि यूपीएससी देश की सबसे कठिन परीक्षाओं में से एक है. हर साल हजारों प्रतिभाशाली उम्मीदवार मामूली अंतर से अंतिम सूची में नहीं आ पाते. पहले उन्हें नई परीक्षाओं के लिए दोबारा तैयारी करनी पड़ती थी. अब सरकार ने उनके लिए 'प्रतिभा सेतु' डिजिटल पोर्टल बनाया है. इसमें 10 हजार से अधिक ऐसे युवाओं का डाटा है जिन्होंने सभी चरण पार किए लेकिन अंतिम सूची में स्थान नहीं मिला. इस पोर्टल से निजी कंपनियां भी उनसे जुड़कर नियुक्ति दे रही हैं. अब तक सैकड़ों युवाओं को नौकरी मिली है और वे नए आत्मविश्वास से आगे बढ़ रहे हैं. प्रधानमंत्री ने बताया कि भारत की प्रतिभा दुनिया का ध्यान खींच रही है. उन्होंने पॉडकास्ट में मध्य प्रदेश के शहडोल के फुटबॉल खिलाड़ियों का जिक्र किया था.

### 'खेलो इंडिया वाटर स्पोर्ट्स फेस्टिवल' को उपलब्धि बताया

प्रधानमंत्री ने श्रीनगर की डल झील पर आयोजित पहले 'खेलो इंडिया वाटर स्पोर्ट्स फेस्टिवल' को दूसरी उपलब्धि बताया. उन्होंने कहा कि इसमें देशभर से 800 से अधिक खिलाड़ियों ने भाग लिया. महिला खिलाड़ियों की भागीदारी पुरुष खिलाड़ियों के लगभग बराबर रही. प्रधानमंत्री ने मध्य प्रदेश को सर्वाधिक पदक जीतने पर बधाई दी. हरियाणा और ओडिशा को भी उल्लेखनीय प्रदर्शन के लिए सराहा गया. उन्होंने जम्मू-कश्मीर सरकार और वहां के लोगों की मेहमाननवाजी और आत्मीयता की प्रशंसा करते हुए इसे राज्य की नई पहचान बताया. उन्होंने कहा कि खेलों के प्रति यह नई ऊर्जा जम्मू-कश्मीर के बदलते परिदृश्य को दर्शाती है. पहले ऐसे आयोजन अकल्पनीय थे, लेकिन अब बड़ी संख्या में दर्शक और खिलाड़ी सक्रिय रूप से इसमें हिस्सा ले रहे हैं.

**'रॉयल प्रीमियर लीग' में रिकॉर्ड संख्या में लोग जुटे :** 'मन की बात' की 125वीं कड़ी में प्रधानमंत्री ने आज प्राकृतिक आपदाओं, जम्मू-कश्मीर की उपलब्धियों, अंतरराष्ट्रीय मंचों पर भारतीय संस्कृति के प्रदर्शन, विज्ञान, प्रौद्योगिकी, खेल, युवा, सिविल सेवाएं और वैश्विक स्तर पर भारत की उपलब्धियों और त्योहारों में स्वदेशी के महत्व पर विचार व्यक्त किए. प्रगति के पथ पर अग्रसर केंद्र शासित प्रदेश जम्मू कश्मीर की हाल ही में हासिल की गई दो उपलब्धियों का प्रधानमंत्री ने अपने कार्यक्रम में जिक्र किया. उन्होंने बताया कि पुलवामा में पहला डे-नाइट क्रिकेट मैच खेला गया. 'रॉयल प्रीमियर लीग' के अंतर्गत हुए इस आयोजन में रिकॉर्ड संख्या में लोग जुटे.

**किसान भी इसका लाभ उठा रहे हैं :** बिहार की देवकी का उदाहरण देते हुए उन्होंने कहा कि कि सौर ऊर्जा गांव-गांव में नई रोशनी और शक्ति ला रही है. आज देशभर में छतों और इमारतों पर सौर ऊर्जा का उपयोग बढ़ रहा है. किसान भी इसका लाभ उठा रहे हैं. सौर पंप और सौर राइस मिलों ने उनकी आमदनी और जीवन की दिशा बदल दी है. बिहार की देवकी जी, जिन्हें लोग "सोलर दीदी" कहते हैं, इसका जीवंत उदाहरण हैं. सोलर पंप से उन्होंने न केवल अपने खेत की सिंचाई बढ़ाई बल्कि 40 एकड़ से अधिक भूमि को हरियाली से भर दिया. गांव के अन्य किसान भी उनसे जुड़े और सबकी आय बढ़ी. आज सोलर दीदी आत्मविश्वास से काम करती हैं, किसानों से डिजिटल भुगतान लेती हैं और सम्मान की प्रतीक बन चुकी हैं.

## पटाखा फैक्ट्री में धमाका, 4 लोगों की मौत, कई घायल

एजेंसी । लखनऊ



लखनऊ के थाना कुर्सी क्षेत्र के बेहटा बाजार में एक पटाखा फैक्ट्री में हुए जोरदार धमाके ने इलाके को दहला दिया. यह हादसा शनिवार सुबह उस समय हुआ जब पटाखा व्यवसायी आलम अपने घर में ही बारूद और पटाखे बनाने का काम कर रहे थे. धमाके से पूरा मकान मलबे में तब्दील हो गया, जिसमें आलम, उनकी पत्नी और दो बेटों की मौके पर ही मौत हो गई. प्रारंभिक रिपोर्ट्स में चार मौतों की पुष्टि हो चुकी है, जबकि सात या इससे अधिक लोगों की मौत की आशंका जताई जा रही है. मलबे में तीन से अधिक लोग दबे होने की सूचना है और लगातार रेस्क्यू ऑपरेशन चल रहा है.

घटना की जानकारी मिलते ही मौके पर भारी संख्या में पुलिस फोर्स, दमकल विभाग और एसडीआरएफ की टीमें पहुंच गईं. कई थानों की पुलिस बल तैनात है और घायलों को एंबुलेंस के जरिए नजदीकी अस्पतालों में पहुंचाया जा रहा है. धमाके की तीव्रता इतनी थी कि आसपास के इलाके में सन्नाटा छा गया. स्थानीय लोगों ने बताया कि विस्फोट की आवाज कई किलोमीटर दूर तक सुनाई दी, जिससे अफरा-तफरी मच गई. आलम का घर बेहटा बाजार में स्थित था जहां वे अवैध रूप से पटाखे बनाते थे. जांच में सामने आया है कि घर में भारी मात्रा में बारूद रखा गया था, जिसके कारण यह हादसा हुआ.

## दिल्ली से इंदौर आ रहे एयर इंडिया के विमान में आई खराबी



**भोपाल ।** दिल्ली से इंदौर आ रहे एयर इंडिया के विमान में टेकऑफ के कुछ ही देर बाद तकनीकी खराबी आ गई. बताया गया है कि विमान के दाहिने इंजन में आग लगने का अलर्ट मिला. इसकी सूचना तुरंत संबंधित अथॉरिटी को दी गई, जिसके बाद पायलट ने तुरंत दाहिना इंजन बंद कर दिया और एक इंजन पर विमान की दिल्ली एयरपोर्ट पर आपात लैंडिंग कराई. रविवार को एयर इंडिया की फ्लाइट एआई 2913 ने दिल्ली से इंदौर के लिए उड़ान भरी थी. विमान के टेकऑफ करते ही पायलट को फायर इंडिकेशन मिलने लगा. इसके बाद पायलट ने अलर्ट भेजा और वापस लैंडिंग की अनुमति मांगी. इसके तत्काल बाद विमान को सुरक्षित तरीके से लैंड करा लिया गया. इस दौरान ग्राउंड स्टाफ को अलर्ट पर रखा गया.

## पिथौरागढ़ में एनएचपीसी पावर हाउस की टनल में फंसे 19 श्रमिक

### आठ सुरक्षित निकाल लिए गए 11 का रेस्क्यू अभियान जारी



**देहरादून ।** उत्तराखंड के पिथौरागढ़ जिले के ब्लॉक धारचूला के ऐलागाड पर निर्माणाधीन भूमिगत एनएचपीसी पावर हाउस की टनल के मुहाने पर भूस्खलन का मलबा आने से 19 श्रमिक सुरंग में फंस गए. इनमें से आठ श्रमिकों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया है, जबकि 11 श्रमिक अभी भी सुरंग के भीतर फंसे हैं. प्रशासन सभी को शीघ्र ही सुरक्षित निकाल लिया जाएगा. पिथौरागढ़ के जिलाधिकारी विनोद गोस्वामी ने बताया कि शनिवार शाम सुरंग के मुहाने पर अचानक भूस्खलन हो गया और भारी मात्रा में मलबा व पत्थर आ जाने से टनल का मार्ग अवरुद्ध हो गया. इस दौरान टनल में 19 श्रमिक फंसे गए. इसकी खबर मिलते ही जिला प्रशासन व बीआरओ के जवानों ने राहत एवं बचाव कार्य युद्धस्तर पर शुरू कर दिया है. सुरंग के मुहाने से मलबा हटाया जा चुका है व इमरजेंसी शाफ्ट एरिया को भी निरंतर साफ किया जा रहा है. उन्होंने बताया कि अब तक आठ कार्मिकों को सुरक्षित बाहर निकाला जा चुका है और शेष बचे 11 कार्मिकों भी सुरक्षित निकालने के लिए युद्धस्तर के प्रयास किये जा रहे हैं. इन श्रमिकों से प्रशासन निरंतर संपर्क बनाए हुए है. जिला प्रशासन, बीआरओ, एनएचपीसी, एनडीआरएफ, सीआईएसएफ व अन्य बचाव दल टनल में फंसे श्रमिकों को सुरक्षित बाहर निकालने के लिए कार्य कर रहे हैं.

### फलस्तीन को स्वतंत्र देश के रूप में मान्यता देंगे : इमैनुएल मैक्रों

**नयी दिल्ली ।** फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने फलस्तीन को स्वतंत्र देश के रूप में मान्यता देने का फैसला किया है, जिससे गाजा में जारी युद्ध के बीच दो-राष्ट्र समाधान (इस्राइल और फलस्तीन दो अलग देश) की मांग को एक बार फिर से वैश्विक मंच पर मजबूती मिली है. हालांकि, इस कदम से इस्राइल और उसका करीबी सहयोगी अमेरिका नाराज हैं. मामले में मैक्रों ने पिछले सप्ताह इस्राइली प्रधानमंत्री नेतन्याहू को पत्र लिखते हुए कहा कि कि हम चाहते हैं कि फलस्तीनी लोगों को उनका खुद का देश मिले. यही रास्ता है जिससे इज़राइल की सुरक्षा और लंबे समय तक शांति सुनिश्चित की जा सकती है. उन्होंने आगे लिखा कि गाजा में जो मानवीय तबाही हो रही है, वह असहनीय है और इसका कोई औचित्य नहीं है.

## बसपा अकेले लड़ेगी बिहार विस चुनाव

### अध्यक्ष मायावती ने आकाश को सौंपी बड़ी जिम्मेदारी

एजेंसी । लखनऊ



बिहार में इसी साल होने वाले विधानसभा चुनाव को लेकर राजनैतिक दल तैयारियों में लगे हैं. बहुजन समाज पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष मायावती ने बिहार विधानसभा चुनाव अकेले लड़ने का ऐलान कर दिया है. उन्होंने साफ कहा है कि बसपा किसी भी पार्टी से गठबंधन किए बगैर अकेले दम पर बिहार के चुनाव लड़ेगी. बसपा प्रमुख मायावती ने विधानसभा चुनाव में यात्रा और कार्यक्रम की जिम्मेदारी भतीजे व पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक आकाश आनंद, केन्द्रीय कोआर्डिनेटर व राज्यसभा सांसद रामजी गौतम और बिहार स्टेट यूनिट को सौंपी है. बसपा प्रमुख मायावती ने रविवार को एक्स पर एक पोस्ट कर लिखा कि बिहार विधानसभा के लिए जल्द अगले कुछ महीनों में ही आम चुनाव होने वाले हैं. इस चुनाव में बसपा ने उम्मीदवारों के चयन सहित पार्टी के हर स्तर की तैयारियों को लेकर वरिष्ठ पदाधिकारियों के साथ पिछले दो दिनों की बैठक कर गहन चर्चा की गई. इस दौरान पार्टी पदाधिकारियों ने अकेले अपने बल पर चुनाव लड़ने के फैसले के मद्देनजर आने वाले दिनों में पार्टी के विभिन्न कार्यक्रमों की रूपरेखा को भी अन्तिम रूप दिया है. राष्ट्रीय अध्यक्ष ने बैठक में पार्टी पदाधिकारियों को पूरी मुस्तैदी व तन, मन, धन से आगे बढ़ने का निर्देश देते हुये अगले महीने के प्रारंभ से शुरू होने वाले पार्टी की यात्रा व जनसभा आदि कार्यक्रमों के सम्बंध में विशेष जिम्मेदारी भी सौंपी है. सभी कार्यक्रम उनके दिशा निर्देशन में होंगे और इसकी विशेष जिम्मेदारी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक आकाश आनन्द व केन्द्रीय कोआर्डिनेटर व राज्यसभा सांसद रामजी गौतम एवं बसपा बिहार स्टेट यूनिट को सौंपी गयी है.

**प्रताड़ना**

### अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की नीतियों में बदलाव के बावजूद एंट्री पर बैन

# अमेरिका में चीनी छात्र से घंटों पूछताछ के बाद डिपोर्ट

एजेंसी । वाशिंगटन



अमेरिका में पढ़ाई करने पहुंचे एक 22 वर्षीय चीनी छात्र का सपना अचानक टूट गया. चीन से 29 घंटे की लंबी यात्रा के बाद टेक्सास एयरपोर्ट पहुंचे छात्र गू को न केवल घंटों तक पूछताछ का सामना करना पड़ा बल्कि 36 घंटे बाद उसे वापस चीन भेज दिया गया. यही नहीं, छात्र पर पांच साल तक अमेरिका में प्रवेश पर रोक भी लगा दी गई.

**22 वर्षीय छात्र से 36 घंटे पूछताछ :** छात्र ने बताया कि उसके पास सभी दस्तावेज पूरे थे. वह यूनिवर्सिटी ऑफ ह्यूस्टन में दर्शनशास्त्र पढ़ने आया था. इससे पहले वह कॉर्नेल यूनिवर्सिटी में एक्सचेंज प्रोग्राम के तहत पढ़ाई कर चुका था और तब उसे कोई दिक्कत नहीं हुई थी. लेकिन इस बार एयरपोर्ट पर पहुंचते ही कस्टम अधिकारियों ने उसे रोक लिया, उसके इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस खंगाले और लगातार घंटों पूछताछ की. पूछताछ का केंद्र उसके चीनी कम्युनिस्ट पार्टी से संबंध और चाइना स्कॉलरशिप काउंसिल से जुड़े चैट्स रहे. छात्र का कहना है कि उसने कभी पार्टी जॉइन नहीं की, हालांकि उसके माता-पिता सदस्य हैं. वह खुद सिर्फ पार्टी की युवा शाखा का हिस्सा रहा है, जैसा कि लगभग हर चीनी युवक होता है.

**अमेरिकी अधिकारियों पर आरोप :** कस्टम अधिकारियों ने उससे 10 घंटे से अधिक पूछताछ की और फिर डिपोर्टेशन का नोटिस थमा दिया. आधिकारिक कारण "अपर्याप्त दस्तावेज" बताया गया. छात्र ने कहा कि उसे ठंडे कमरे में रखा गया, जहां वह 40 घंटे से अधिक बिना नींद के रहा और ठंड से कांपता रहा.

**चीन ने जताई नाराजगी :** इस घटना ने अमेरिका और चीन के बीच तनाव को और गहरा कर दिया है. चीनी दूतावास ने दावा किया कि हाल के दिनों में 10 से अधिक छात्रों और शोधकर्ताओं को इसी तरह रोका और वापस भेजा गया है. उनका आरोप है कि अमेरिकी अधिकारी चीनी छात्रों के साथ भेदभावपूर्ण और राजनीतिक रूप से प्रेरित कार्रवाई कर रहे हैं.

उधर, ट्रंप प्रशासन की नीतियों में भी विरोधाभास दिख रहा है. एक ओर, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने हाल ही में बयान दिया था कि वह हजारों चीनी छात्रों का स्वागत करेंगे, वहीं दूसरी ओर एयरपोर्ट पर ऐसे मामलों में सख्ती देखी जा रही है. अब यह छात्र अपील करने पर विचार कर रहा है, लेकिन इसमें वर्षों लग सकते हैं और काफी खर्च भी आएगा.

**90 फीसदी से अधिक अफगान लड़कियों की शिक्षा के समर्थक :** संयुक्त राष्ट्र के एक सर्वे में खुलासा हुआ है कि 90% से अधिक अफगान लोग लड़कियों की शिक्षा का समर्थन करते हैं, जबकि तालिबान अब भी माध्यमिक और उच्च शिक्षा पर प्रतिबंध लगाए हुए है. रिपोर्ट 2,000 लोगों की राय पर आधारित है. यूएन महिला विभाग की सोफिया कॉलटॉर्प ने कहा कि अफगान परिवार अपनी बेटियों की पढ़ाई को लेकर दृढ़ हैं, पर प्रतिबंध मानसिक और स्वास्थ्य संकट बढ़ा रहे हैं. 97% महिलाओं ने रोजगार प्रतिबंधों को विनाशकारी बताया. वो ने चेताया कि 22 मिलियन लोग मदद के मोहताज हैं, लेकिन ज़रूरी फंडिंग का केवल 24% ही मिला है.

### कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने पीएम के चीन दौरे पर उठाए सवाल

**नई दिल्ली ।** पीएम नरेन्द्र मोदी की चीन यात्रा की कांग्रेस पार्टी ने आलोचना की है. पार्टी प्रवक्ता जयराम रमेश ने प्रधानमंत्री की चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग से मुलाकात पर सवाल खड़े करते हुए कहा कि इस दौरे का मूल्यांकन राष्ट्रीय सुरक्षा और आर्थिक हितों के संदर्भ में किया जाना चाहिए. जयराम रमेश ने अपने एक्स पिस्ट में कहा कि जून 2020 में गलवान घाटी में चीनी आक्रामकता के दौरान 20 भारतीय सैनिकों ने सर्वोच्च बलिदान दिया था. इसके बावजूद 19 जून 2020 को पीएम ने चीन को क्लीन चिट दे दी थी. सीमा पर यथास्थिति बहाल करने में विफल रहने के बावजूद सरकार चीन के साथ सुलह की दिशा में कदम बढ़ा रही है, जिससे बीजिंग की आक्रामकता को अप्रत्यक्ष वैधता मिल रही है.

## पंजाब के 1312 गांव बाढ़ की चपेट में, 14,936 सुरक्षित निकले

- पंजाब सरकार ने 6582 लोगों को राहत शिविरों में ठहराया

**चंडीगढ़ ।** पंजाब के राजस्व, पुनर्वास एवं आपदा प्रबंधन मंत्री हरदीप सिंह मुंडियां ने रविवार की शाम को कहा है कि बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों से अब तक कुल 14936 लोगों को निकालकर सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया गया है. कैबिनेट मंत्री ने कहा कि सरकार की पूरी मशीनरी, एनडीआरएफ, एसडीआरएफ, सेना और पंजाब पुलिस के जवान बाढ़ में लोगों की जान-माल की सुरक्षा के लिए दिन-रात डटे हुए हैं. उन्होंने बताया कि ज़िला अमृतसर से 1700, बरनाला से 25, फाजिल्का से 1599, फिरोज़पुर से 3265, गुरदासपुर से 5456, होशियारपुर से 1052, कपूरथला से 362, मानसा से 163, मोगा से 115, पठानकोट से 1139 और ज़िला तरन तारन से अब तक 60 व्यक्तियों को बाढ़ के पानी से सुरक्षित निकाला गया है. मुंडियां ने कहा कि जैसे-जैसे निकाले गए लोगों की संख्या बढ़ रही है, उसी अनुसार राहत शिविरों की संख्या भी बढ़ाई गई है. इस समय राज्य के बाढ़ प्रभावित इलाकों में 122 राहत शिविर चल रहे हैं, जिनमें 6582 व्यक्तियों को ठहराया गया है. कैबिनेट मंत्री ने बताया कि अमृतसर में 16, बरनाला में 1, फाजिल्का में 7, फिरोज़पुर में 8, गुरदासपुर में 25, होशियारपुर में 20, कपूरथला में 4, मानसा में 1, मोगा में 5, पठानकोट में 14, संगरूर में 1 और पटियाला में 20 राहत शिविर स्थापित किए गए हैं.

स्वत्वाधिकारी लगातार इंफोटेनमेंट प्राइवेट लिमिटेड की ओर से मुद्रक, प्रकाशक प्रदीप कुमार सिंह, क्वार्टर नंबर सी-90, पोस्ट-नावागढ़, थाना-बरोरा, हरिणा कॉलोनी, धनबाद-828306, झारखंड द्वारा फ्लैट नंबर 2ए, सेकेंड फ्लोर, सिंगारो मेनन अपार्टमेंट,चूना भट्ठा, एचबी रोड कोकर, नियर डिस्टिलरी पुल, बिरसा समाधि स्थल) रांची-834001, झारखंड से प्रकाशित और शिवसाईं पब्लिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड, रातू, काठीटांड़, टेंडर बगीचा रातू, रांची - 835222 झारखंड द्वारा मुद्रित. संपादक : संजय कुमार सिंह.* फोन नंबर 0651-2913385, 9142897989 (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार).
आरएनआई नं : JHAHIN/2023/84487, ई-मेलः shubhamsandeshnews@gmail.com धनबाद ब्यूरो : ओजोन सेंटर,थर्ड फ्लोर, कमरा नं-306 अशोकनगर, बैंक मोड़, धनबाद-828106. फोन नं – 9431145133.ई मेल-sandeshsubham23@gmail.com.